* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

22 अप्रैल, 2025
वैशाख, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 182

बालू के अवैध कारोबार पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के तेवर तल्ख



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


# ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस नहीं रहे

## स्पेन ने तीन दिन का शोक घोषित किया, दुनियाभर में शोक की लहर

- पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक व्यक्त किया

एजेंसी

**वेटिकन।** दुनिया के सबसे बड़े धर्मगुरुओं में से एक रोमन कैथोलिक ईसाई धर्म के पोप फ्रांसिस का निधन हो गया है। सोमवार सुबह वेटिकन सिटी के सीनियर ऑफिशियल कार्डिनल केविन फेरेल ने यह एलान किया। कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस 88 साल के थे। वेटिकन के मुताबिक स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 7.35 बजे पोप ने आखिरी सांस ली। पोप फ्रांसिस इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे। उनके वेटिकन स्थित सेंट मार्था निवास पर कार्डिनल केविन जोसेफ फैरेल पोप का शव ताबूत में रखेंगे। वेटिकन ने सोमवार को एक बयान में कहा कि पोप फ्रांसिस का शरीर बुधवार को सेंट पीटर्स बेसिलिका में रखा जा सकता है। मंगलवार को इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी।




**पिछले कुछ महीने से बीमार थे :** पोप फ्रांसिस पिछले कई महीनों से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्हें 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा था। वे पांच हफ्ते तक फेफड़ों में इनफेक्शन के चलते अस्पताल में भर्ती थे। इलाज के दौरान कैथोलिक चर्च के हेडक्वॉर्टर वेटिकन ने बताया था कि पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिख रहे थे। हालांकि 14 मार्च को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था।

**पोप फ्रांसिस पहले गैर-यूरोपीय थे :** पोप फ्रांसिस 1300 साल में पहले गैर-यूरोपीय थे, जिन्हें पोप चुना गया था। पोप फ्रांसिस ने समलैंगिक व्यक्तियों के चर्च आने, सेम-सेक्स कपल्स को आशीर्वाद देने, पुनर्विवाह को धार्मिक मंजूरी देने जैसे बड़े फैसले लिये। उन्होंने चर्चों में बच्चों के यौन शोषण पर माफी भी मांगी थी।

**स्पेन ने तीन दिन का शोक घोषित किया :** स्पेन ने पोप फ्रांसिस के निधन पर तीन दिन का शोक घोषित किया है। स्पेन के मंत्री फेलिक्स बोलानोस ने कहा कि पोप ने अपना जीवन कमजोरों और उन लोगों को समर्पित कर दिया, जिनके पास कुछ नहीं है। पोप हमेशा असमानता और अन्याय के खिलाफ लड़ते रहे। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ और हाशिये पर पड़े सभी लोगों के लिए अपनी आवाज उठायी।

## मोदी और हेमंत ने कहा मुझे गहरा दुख हुआ




**रांची। (आजाद सिपाही) ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर पोप के निधन पर शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पोप फ्रांसिस के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। दुख की इस घड़ी में दुनिया के कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि पोप फ्रांसिस के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। उनका जीवन करुणा, आशा और विनम्रता का प्रमाण था। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष संग सीएम की बैठक

## एलेना फोर्ट से मुलाकात और सार्थक चर्चा सुखद रही : हेमंत




- झारखंड में खेल के बुनियादी ढांचे में सुधार पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन गये 11 सदस्यीय टीम ने वहां निवेश और सहयोग को लेकर बैठक और भ्रमण का दौर शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है कि एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष एलेना फोर्ट से मिलना और सार्थक चर्चा में शामिल होना सुखद रहा। झारखंड अपने युवाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम प्रतिभाओं को पोषित करने, प्रशिक्षण को बढ़ाने और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए इस साझेदारी में अपार संभावनाएं देखते हैं। उन्होंने कहा कि एफसी बार्सिलोना के साथ सहयोग के नये रास्ते तलाशने के अवसर के लिए आभारी हूं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड प्रतिनिधिमंडल ने एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष एलेना फोर्ट के साथ चर्चा में झारखंड की खेल प्रतिभाओं को पोषित करने, युवा प्रशिक्षण को बढ़ावा देने और खेल के बुनियादी ढांचे में सुधार करने के लिए संभावित साझेदारी पर केंद्रित थी।

## न्यूज रील्स

### हाइकोर्ट ने केंद्र से पूछा, राहुल गांधी भारतीय हैं या नहीं

लखनऊ (आजाद सिपाही)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की नागरिकता मामले में इलाहाबाद हाइकोर्ट की लखनऊ बेंच में सोमवार को सुनवाई हुई। हाइकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि राहुल गांधी भारतीय नागरिक हैं या नहीं। जस्टिस एआर मसूदी और जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव की बेंच ने केंद्र सरकार को 10 दिन के भीतर अपना रुख स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। भाजपा कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर की याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने एक स्टेटस रिपोर्ट पेश की। इस पर कोर्ट ने कहा कि हम सिर्फ यह जानना चाहते हैं कि राहुल गांधी भारतीय नागरिक हैं या नहीं। केंद्र सरकार ने इसका जवाब देने के लिए अतिरिक्त समय मांगा। अगली सुनवाई 5 मई को होगी। बताते चलें कि गृह मंत्रालय ने ब्रिटेन सरकार को लेटर लिखा था। इससे पहले लखनऊ हाइकोर्ट में 24 मार्च को सुनवाई थी।

### भारतीय एयरलाइंस के खिलाफ आयकर विभाग की कार्रवाई

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। इनकम टैक्स विभाग ने इंडिगो समेत तीन घरेलू एयरलाइन कंपनियों और उनसे जुड़े लीज पर विमान देने वाली 15 अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को 1,500 करोड़ रुपये का टैक्स नोटिस भेजा है। आयकर विभाग ने इन पर आयरलैंड में बनी शेल कंपनियों के जरिये टैक्स बचाने का आरोप लगाया है। ये नोटिस अक्टूबर 2024 और मार्च 2025 में भेजे गये थे। टैक्स में हेरफेर का यह मामला 2021-22 और 2022-23 के वित्तीय वर्षों से जुड़ा है।

बोकारो में आठ नक्सलियों का एनकाउंटर, भारी मात्रा में हथियार बरामद

# एक करोड़ का इनामी माओवादी विवेक ढेर

आजाद सिपाही संवदादाता

**ललपनिया/रांची।** बोकारो जिले में सोमवार को पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गये। इनमें कई इनामी नक्सली हैं। मुठभेड़ एक करोड़ के इनामी नक्सली विवेक के दस्ते के साथ हुई। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से एके 47 राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किये गये।

**बोकारो के लुगू पहाड़ की तलहटी में मुठभेड़ :** झारखंड पुलिस के अनुसार नक्सलियों के एक बड़े दस्ते के इलाके में भ्रमणशील होने की सूचना पर अभियान के लिए निकले सुरक्षा बलों पर नक्सलियों ने फायरिंग की। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में झारखंड पुलिस और केंद्रीय बलों के जवानों ने नक्सलियों पर फायरिंग की। इस मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गये, जिनके शव बरामद किये जा चुके हैं।

### नक्सलवाद को जड़ से खत्म किया जा रहा : अमित शाह



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। गृह मंत्री अमित शाह ने बोकारो में नक्सलियों के खिलाफ की गयी कार्रवाई की सराहना की है। शाह ने इस बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद खत्म करने की हमारी मुहिम लगातार जारी है। इसे जड़ से खत्म किया जा रहा है। यह ऑपरेशन नक्सलवाद की जड़ें खत्म करने की दिशा में एक और बड़ी सफलता है। इस अभियान में राज्य पुलिस, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने हिस्सा लिया। वहीं, गृह मंत्रालय ने एक करोड़ के इनामी सहित आठ नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए कहा है कि नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के अभियान को बड़ी सफलता मिली है।

### हथियार के साथ सरेंडर कर दें नक्सली, नहीं तो मारे जायेंगेः डीजीपी



रांची (आजाद सिपाही)। बोकारो में सुरक्षा बलों के साथ भाकपा माओवादियों की मुठभेड़ के बाद झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। डीजीपी ने सुरक्षा बलों को शाबाशी देते हुए नक्सलियों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि वे हथियार छोड़ दें। पुलिस के सामने सरेंडर कर दें। अगर वे सरेंडर नहीं करेंगे, तो पुलिस उनके हर ठिकाने से वाकिफ है। उनकी हर गतिविधि पर पुलिस की नजर है। हथियारों के साथ घूमने वाले एक-एक नक्सली का यही अंजाम होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य बनने के बाद पहली बार एक करोड़ रुपये के इनामी सेंट्रल कमेंटी मेंबर समेत आठ नक्सलियों को पुलिस ने मार गिराया है। डीजीपी ने कहा कि चाइबासा में शहीद हुए जवान का हमने बदला ले लिया है। अब हमारा पूरा फोकस चाइबासा में नक्सलियों को खत्म करने पर रहेगा। नक्सली आत्मसमर्पण करें, नहीं तो गोली खाने के लिए तैयार रहें। बहुत जल्द ही झारखंड से नक्सलियों का सफाया कर दिया जायेगा।

### तीन माओवादियों की पहचान हुई

पुलिस के मुताबिक मुठभेड़ में नक्सलियों को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। मारे गये नक्सलियों में से अब तक तीन की पहचान हो चुकी है। इस मुठभेड़ में नक्सली कमांडर विवेक उर्फ प्रयाग मांझी, साहेबराम मांझी और अरविंद यादव भी मारे गये। विवेक पर एक करोड़ रुपये का इनाम था, जबकि अरविंद यादव पर 25 लाख रुपये का इनाम था। बाकी माओवादियों की पहचान की जा रही है।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से पीएम मोदी ने मुलाकात की

- दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत हुई
- तीनों बच्चों को अपने आवास का गार्डन दिखाया मोरपंख भेंट किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और पीएम मोदी की मुलाकात की। वेंस करीब 6:30 बजे पीएम से मिलने उनके आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पहुंचे। पीएम ने उन्हें रिसीव किया। इसके बाद वे वेंस, उनकी पत्नी उषा और तीनों बच्चों- इवान, विवेक और मिराबेल को लेकर आवास के अंदर गये। इससे पहले उन्होंने बच्चों को अपने घर का गार्डन दिखाया। पीएम ने बच्चों को मोरपंख भेंट किये।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वेंस और उनके परिवार के लिए डिनर होस्ट किया। इस दौरान वेंस विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा से भी मुलाकात की।

पीएम ने वेंस और उनके साथ आये प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। इस बैठक में किन मुद्दों पर बात हुई, इसकी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। जेडी वेंस सोमवार सुबह 10 बजे परिवार के साथ 4 दिन के दौरे पर भारत पहुंचे। वेंस का प्लेन सुबह 9:45 बजे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा। यहां केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें रिसीव किया। एयरपोर्ट पर ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों के सामने कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश किया। इसके बाद वेंस परिवार के साथ दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर गये। वे वहां करीब 1 घंटे रुके। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है।

# नेशनल हेराल्ड केसः कांग्रेस 57 शहरों में 57 प्रेस कांफ्रेंस करेगी

- 21-27 अप्रैल तक चलेगा 'कांग्रेस का सच, भाजपा का झूठ' अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की पहली चार्जशीट में सोनिया-राहुल का नाम आने के विरोध में कांग्रेस ने सोमवार से देशभर में प्रेस कांफ्रेंस शुरू किया। 21 से 27 अप्रैल के बीच 57 शहरों में 57 प्रेस कांफ्रेंस होगी। इस अभियान का नाम 'कांग्रेस का सच, भाजपा का झूठ' रखा गया है। पार्टी ने कहा कि इस दौरान भाजपा का झूठ सबसे सामने लाया जायेगा।

पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया पर लिस्ट जारी कीः

कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने रविवार को सोशल मीडिया पर प्रेस कांफ्रेंस की जानकारी देते हुए लिखा कि विजयवाड़ा से वाराणसी, कश्मीर से तिरुवनंतपुरम तक कांग्रेस नेता भाजपा के झूठ और स्वतंत्रता संग्राम के जीवित स्मारक 'नेशनल हेराल्ड' को खत्म करने के राष्ट्रविरोधी प्रयासों को उजागर करने के लिए पूरे भारत में फैल रहे हैं। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस करने वाले 57 नेताओं की लिस्ट भी शेयर की। इसमें मणिकम टैगोर, गौरव गोगोई, पी चिदंबरम, सुप्रिया श्रीनेत, अशोक गहलोत, शशि थरूर, पवन खेड़ा, भूपेश बघेल, कन्हैया कुमार, रणदीप सिंह सुरजेवाला, राजीव शुक्ला, अलका लांबा जैसे कई बड़े नेताओं के नाम शामिल हैं।

### हम डरने वाले नहीं हैंः मल्लिकार्जुन खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में कांग्रेस महासचिवों, राज्य प्रभारियों और फ्रंटल संगठनों के प्रमुखों की बैठक में देशभर में प्रेस कांफ्रेंस करने का निर्णय लिया गया। खड़गे ने कहा कि नेशनल हेराल्ड केस की चार्जशीट में साजिश और बदले की भावना के तहत सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम जोड़ा गया है। वे चाहे जिसका भी नाम डालें, हम डरने वाले नहीं हैं। खड़गे ने आरोप लगाया कि इडी ने कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन के समय जानबूझकर दिल्ली, लखनऊ और मुंबई में नेशनल हेराल्ड की संपत्तियां अटैच कीं। इससे पहले भी मोदी सरकार ने इडी और सीबीआइ के जरिये कांग्रेस नेताओं पर छापे मारकर रायपुर अधिवेशन को बाधित करने की कोशिश की थी।

# मुर्शिदाबाद हिंसाः राष्ट्रपति शासन लागू करने का आदेश देने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इंकार

- कोर्ट ने कहा, क्या राष्ट्रपति को आदेश दें?

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने और पारामिलिट्री फोर्स तैनात करने की याचिका पर कोई आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने अपील की थी कि वक्फ कानून के विरोध में हुई मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद कोर्ट इस पर फैसला ले। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कोई आदेश नहीं दिया। बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा कि क्या आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को इसे लागू करने का आदेश भेजें? हम पर दूसरों के



अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी के आरोप लग रहे हैं। जस्टिस गवई अगले महीने सीजेआइ बनने वाले हैं। बताते चलें कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को कहा था कि कोर्ट अपनी सीमाओं से बाहर जा रहा है। वहीं, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बोले थे कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकते। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा : निशिकांत दुबे पर केस के लिए अनुमति की जरूरत नहीं

उधर, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश (सीजेआइ) के खिलाफ दिये गये बयान पर विवाद गहराता जा रहा है। सोमवार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें दुबे के खिलाफ अवमानना कार्यवाही की मांग उठायी गयी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कोर्ट को बताया कि सांसद ने शीर्ष अदालत और सीजेआइ के खिलाफ सार्वजनिक रूप से आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। इस पर न्यायमूर्ति बीआर गवई ने सवाल किया, आप चाहते क्या हैं? जवाब में वकील ने कहा, मैं अवमानना का केस दर्ज कराना चाहता हूं। इस पर कोर्ट ने कहा, तो आप केस फाइल कीजिए, इसके लिए हमारी अनुमति की जरूरत नहीं है। आपको सिर्फ अटॉर्नी जनरल की मंजूरी लेनी होगी। इससे पहले अधिवक्ता नरेंद्र मिश्रा ने सीजेआइ और अन्य न्यायाधीशों को एक पत्र लिखकर दुबे के बयानों को झूठा, उकसाने वाला और दुर्भावनापूर्ण बताया था। पत्र में कहा गया कि ये टिप्पणियां न्यायपालिका को दबाव में लाने और संवैधानिक संस्थाओं की साख को चोट पहुंचाने की सोची-समझी कोशिश हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 22 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# उद्धव-राज मिल भी गये तो परिवार मजबूत होगा, राजनीतिक साख नहीं

- फिलहाल सियासत के मैदान में हाशिये पर हैं ठाकरे ब्रदर्स
- सत्ता के लिए अलग हुए थे, कुर्सी का आकर्षण ही ला रहा साथ
- हिंदुत्व ही जड़ थी, उसमें ही कोयला डाल दिया तो फल की उम्मीद कैसे
- आगे किस एजेंडे के साथ राजनीति करेंगे, दिलचस्प होगा देखना
- बालासाहेब की लेगेसी आज भी जिंदा है, बढ़ाना ही एक मात्र उपाय

आजाद सिपाही विशेष

**महाराष्ट्र की राजनीति में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के एक साथ आने के कयास लगाये जा रहे हैं। ये दोनों चचेरे भाई, जो कभी महाराष्ट्र की राजनीति के 'स्ट्रांगमैन' बालासाहेब ठाकरे के दोनों ओर बैठते थे, पिछले 20 साल से अलग-अलग राजनीति कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे जहां सत्ता शीर्ष तक पहुंचने के बाद फिलहाल सियासी हाशिये पर हैं, वहीं राज ठाकरे अपनी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के साथ राजनीतिक बियाबान में भटक रहे हैं। इन दोनों भाइयों के बीच अलगाव बालासाहेब का उत्तराधिकार हासिल करने के कारण हुआ था और अब ये दोनों महाराष्ट्र की कुर्सी के आकर्षण में फिर से एक होने का संकेत दे रहे हैं। राज ठाकरे चुनावी राजनीति में पूरी तरह फेल हो चुके हैं, जबकि उद्धव ठाकरे अपनी बची-खुची शिवसेना को लेकर बहुत दूर तक चलने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे में मराठा सम्मान और मराठी हितों को लेकर दोनों ने जो एक होने की संभावनाओं पर मुहर लगायी है, उससे तो पहली नजर में यही लगता है कि दोनों की नजर अपनी सियासी गाड़ी को एक बार फिर पटरी पर लाने पर है, लेकिन सवाल यही है कि क्या ये दोनों भाई इतनी आसानी से एक हो सकेंगे। दोनों भाइयों के बीच भले ही कई समानताएं दिख रही हैं, दोनों एक-दूसरे के एकदम विपरीत हैं। उद्धव जहां राजनीति को गंभीर बनाने की कोशिश करते दिखाई देते हैं, वहीं राज ठाकरे आक्रामक राजनीति में भरोसा करते हैं। ऐसे में यह सवाल बहुत अहम है कि क्या ये दोनों भाई एक बार फिर एक साथ आ सकते हैं और यदि आ गये, तो फिर महाराष्ट्र की राजनीति में क्या बदलाव आ सकता है। ठाकरे भाइयों की एकता की चर्चाओं के बीच इन सवालों के जवाब दे रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

मराठी पहचान और संस्कृति पर बढ़ते खतरों के बीच अलग-थलग पड़े चचेरे भाई राज और उद्धव ठाकरे ने संभावित सुलह के संकेत दिये हैं। अलग-अलग कार्यक्रमों में बोलते हुए दोनों नेताओं, जो क्रमशः महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) और शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख हैं, ने एक एकीकृत संदेश दिया कि महाराष्ट्र के भाषाई और सांस्कृतिक हितों को राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अभिनेता महेश मांजरेकर द्वारा आयोजित एक पॉडकास्ट के दौरान राज ठाकरे ने टिप्पणी की कि उनके और उनके चचेरे भाई के बीच दरार राज्य के कल्याण के लिए हानिकारक है। महाराष्ट्र की राजनीति में उसके बाद से लगातार ये चर्चा चल रही है कि राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे किसी न किसी समय एक साथ आयेंगे। बीते दिनों दोनों तरफ के नेता, कार्यकर्ता और उनके आसपास के रिश्तेदारों के बयानों से ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि दोनों नेता साथ आ सकते हैं। लेकिन सवाल ये उठ रहा है कि क्या दोनों सचमुच एक साथ आयेंगे।

## क्या कहा राज ठाकरे ने

राज ठाकरे ने कहा, उद्धव और मेरे बीच विवाद और झगड़े मामूली हैं। महाराष्ट्र इन सबसे कहीं बड़ा है। ये मतभेद महाराष्ट्र और मराठी लोगों के अस्तित्व के लिए महंगे साबित हो रहे हैं। साथ आना मुश्किल नहीं है, यह इच्छाशक्ति का मामला है। यह सिर्फ मेरी इच्छा या स्वार्थ की बात नहीं है। हमें बड़ी तस्वीर देखने की जरूरत है। राजनीतिक दलों के सभी मराठी लोगों को एकजुट होकर एक पार्टी बनानी चाहिए।

## क्या कहा उद्धव ठाकरे ने

उधर उद्धव ठाकरे ने भारतीय कामगार सेना की एक सभा को संबोधित करते हुए सुलह की सशर्त इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा, मैं छोटे-मोटे विवादों को किनारे रखने के लिए तैयार हूं। मैं सभी मराठी लोगों से महाराष्ट्र के हित में एकजुट होने की अपील करता हूं। लेकिन एक शर्त है। जब हमने संसद में कहा था कि उद्योगों को गुजरात में स्थानांतरित किया जा रहा है, अगर हम तब एकजुट होते, तो हम महाराष्ट्र के लिए काम करने वाली सरकार बना सकते थे। हम बार-बार पक्ष नहीं बदल सकते। एक दिन उनका समर्थन, दूसरे दिन उनका विरोध और फिर समझौता। उद्धव ने कहा, जो कोई भी महाराष्ट्र के हितों के खिलाफ काम करेगा, मैं उसका स्वागत नहीं करूंगा, उसे घर नहीं बुलाऊंगा, या उसके साथ नहीं बैठूंगा। पहले यह स्पष्ट हो जाये, और फिर हम महाराष्ट्र के लिए मिलकर काम करेंगे।





## आशीर्वाद उनके साथ है

दो दिन पहले 19 अप्रैल को उद्धव और राज ने महाराष्ट्र के 'बड़े हितों' के लिए मतभेदों को भुलाकर साथ आने की इच्छा जतायी, तो पहली प्रतिक्रिया उनके मामा चंद्रकांत वैद्य की ओर से आयी। यह सुनकर साहेब बहुत खुश होते। मुझे यकीन है, अच्छी चीजें होंगी। मेरा आशीर्वाद उनके (उद्धव और राज) साथ है। साहेब का आशीर्वाद उनके साथ है। भगवान का आशीर्वाद उनके साथ है और सबसे महत्वपूर्ण बात मराठी मानुष का आशीर्वाद उनके साथ है।

## दोनों भाइयों के रिश्तों की कहानी

वह 16 जुलाई 2012 का दिन था। उद्धव को बांद्रा स्थित मातोश्री बंगले में अचानक सांस लेने में तकलीफ और सीने में दर्द हुआ और उन्हें लीलावती अस्पताल ले जाना पड़ा। ठाकरे परिवार में खलबली मच गयी थी। परिवार के मुखिया शिवसेना सुप्रीमो बालासाहेब ठाकरे ने राज को पहला फोन किया, जो तटीय कोंकण क्षेत्र में थे। बालासाहेब ने अपने भतीजे राज को अपने बेटे उद्धव के बारे में बताया, दादू को अस्पताल ले जाया गया है। एक मिनट भी गंवाये बिना, राजा, जैसा कि वे परिवार में लोकप्रिय हैं, ने यू-टर्न लिया और जेट की गति से अपनी मर्सिडीज चलायी और अस्पताल पहुंच गये। शाम को राज ने अपने दादू को वापस घर पहुंचाया। मुस्कुराते हुए चचेरे भाइयों की तस्वीरें अखबारों में छपीं। तब सवाल यह था कि क्या उद्धव और राज एक साथ होंगे। वे सार्वजनिक समारोहों में बालासाहेब के दोनों ओर बैठते थे और एक समय वे अभिन्न थे। राज करिश्माई व्यक्तित्व वाले, कार्टूनिस्ट और व्यंग्यचित्रकार थे तथा बालासाहेब की तरह एक उत्कृष्ट वक्ता थे, जबकि उद्धव एक उत्कृष्ट फोटोग्राफर थे, जो शांत और संयमित स्वभाव के थे। हालांकि दोनों ने व्यक्तिगत रिश्तों को एक तरफ रखकर आगे बढ़ने का फैसला किया। चचेरे भाइयों के बीच मतभेद 2000 के दशक के प्रारंभ में शुरू हुए। फरवरी 2003 में जब बालासाहेब ने स्वास्थ्य कारणों से कार्यभार कम करने का निर्णय लिया, तब राज ने शिवसेना के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में उद्धव का नाम प्रस्तावित किया। 2005 के अंत में राज शिवसेना से अलग हो गये और नौ मार्च 2006 को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की स्थापना की। बीच में बालासाहेब ने सुलह के प्रयास भी किये, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। महाराष्ट्र की राजनीति में कभी किसी ने नहीं सोचा था कि उद्धव और राज कभी अलग हो जायेंगे। दरअसल उद्धव के पिता बालासाहेब और राज के पिता श्रीकांत, जो संगीतकार थे, भाई थे, जबकि उद्धव की मां मीनाताई और राज की मां कुंदाताई बहनें हैं।

## राजनीतिक रूप से पूरी तरह अलग हैं दोनों भाई

जब से उद्धव और राज राजनीतिक रूप से अलग हुए हैं, वे केवल कुछ पारिवारिक समारोहों में ही मिले हैं और एक-दूसरे पर निशाना साधा है, कभी-कभी बिना किसी रोक-टोक के। हालांकि, राज ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के दौरान मेहमानों के बीच मौजूद रहने के लिए उद्धव के निमंत्रण का सम्मान किया।

## महाराष्ट्र की सियासी स्थिति

महाराष्ट्र में राजनीतिक स्थिति 2005 की तुलना में 2025 में बदल गयी है। समंदर में बहुत पानी बह चुका है। महाराष्ट्र के लोगों के लिए ठाकरे भाइयों में एकता बहुत अच्छी खबर है, लेकिन गठबंधन या विलय जैसे मुद्दे इतने आसान नहीं हैं। अगर ऐसा होना है, तो बहुत सी चीजों पर काम करना होगा। इनमें सबसे अहम यह है कि दोनों भाइयों की नयी पीढ़ी अब राजनीति में सक्रिय है। उद्धव के बेटे और दो बार के विधायक आदित्य और पूर्व मंत्री और राज के बेटे अमित के बीच भी एकता की बातें करनी होंगी।

## महाराष्ट्र का सियासी परिदृश्य

महाराष्ट्र में 2005-06 में चार पार्टियों के दो गठबंधन थे, शिवसेना-भाजपा का भगवा गठबंधन और कांग्रेस-एनसीपी का डेमोक्रेटिक फ्रंट। अब भी दो गठबंधन हैं, एक महायुति-एनडीए, जिसमें बीजेपी, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल है, और दूसरा, महा विकास अघाड़ी-भारत, जिसमें कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) शामिल हैं।

## ठाकरे भाइयों की एकता का असर

अगर राज और उद्धव साथ आ गये तो इसका सबसे बुरा असर शिंदे पर पड़ेगा। शिंदे ने शिवसेना को तोड़ दिया और आज उसे चुनाव आयोग से असली शिवसेना के रूप में मान्यता मिल चुकी है। लेकिन यदि उद्धव और राज ठाकरे एकसाथ हो गये, तो फिर असली शिवसैनिक किधर होंगे, इस बात को लेकर एकनाथ शिंदे अभी से ही आशंकित दिख रहे हैं। लेकिन इस संभावित एकता के बारे में जानकार बताते हैं कि यह सत्ता के आकर्षण में चली जानेवाली चाल है और इसका राजनीतिक रूप से कोई असर शायद ही पड़ेगा।

# पुलिसकर्मियों ने दुकानदार से की मारपीट, एसपी ने किया निलंबित

**मोजा का डिजाइन पसंद न आने पर बहस के बाद मारपीट की, फिर हाजत में बंद कर दिया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोड्डा।** गोड्डा जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक कपड़े की दुकान में दो पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। रविवार को नगर थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक अशोक यादव और आरक्षी प्रभास सिंह गोड्डा मार्केट स्थित एक दुकान पर मोजा खरीदने पहुंचे थे। दुकान में मोजों का डिजाइन पसंद न आने पर दोनों पुलिसकर्मियों ने दुकानदार और उसके कर्मचारियों से पहले बहस की, फिर गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। विवाद के दौरान दोनों पुलिसकर्मियों ने एक युवक को जबरन पकड़कर थाने ले जाकर हाजत में बंद कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी अनिमेष नैथानी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। मामले की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# पोप फ्रांसिस के निधन पर प्रदेश कांग्रेस ने शोक जताया

**करुणा, सादगी और मानवता की सेवा में समर्पित रहे पोप फ्रांसिस : केशव महतो कमलेश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पोप फ्रांसिस का निधन सोमवार को 88 वर्ष की आयु में वेटिकन के कासा सांता मार्टा स्थित उनके निवास स्थान पर हो गया। उनके निधन पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि उनका पूरा जीवन प्रभु और उनके चर्च की सेवा के लिए समर्पित था। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि करुणा, सादगी और मानवता की सेवा में समर्पित रहे पोप फ्रांसिस के निधन से मन दुखी है। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में रवींद्र सिंह, राकेश सिन्हा, अभिलाष साहू, गजेंद्र सिंह किशोर सहदेव, संजय पांडेय, राजन वर्मा, सोनाल शांति, सुल्तान अहमद, अमरेंद्र सिंह, पप्पू अजहर, जगरनाथ साहू, जगदीश साहू, निरंजन पासवान सहित अन्य शामिल थे।



# पीएम ने डीसी रविशंकर शुक्ला को किया सम्मानित

**आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम में गम्हरिया प्रखंड को मिला प्रथम स्थान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम में देशभर के 500 प्रखंडों में जिले के गम्हरिया प्रखंड ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले ही नहीं पूरे प्रदेश का नाम रौशन किया है। इस शानदार प्रदर्शन के लिए सोमवार को नयी दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित सिविल सेवा दिवस समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिले के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 प्रदान कर सम्मानित किया है।

उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने इसके लिए जिले और प्रखंड के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए इसका श्रेय प्रखंड एवं जिला स्तर के अधिकारियों की कड़ी मेहनत को दिया है। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग की ओर से संचालित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की शुरूआत विगत सात जनवरी 2023 को की गयी थी, जिसका उद्देश्य देश के 500 पिछड़े प्रखंडों में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आधारभूत ढांचा और सुशासन जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित करना है।

गम्हरिया प्रखंड ने इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों, अधिकारियों, कर्मियों और जिलेवासियों का आभार व्यक्त करते हुए सेवा की गुणवत्ता के साथ-साथ समग्र विकास को निरंतर गति देने की प्रतिबद्धता जतायी है। गम्हरिया प्रखंड के लिए ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड राज्य के लिए यह पुरस्कार प्राप्त करना गौरवान्वित क्षण है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 37.5 °c | 24.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.12 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.23 बजे | |



# भाजपा चाहे जो करे, कांग्रेस कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं : जिग्नेश मेवानी

**नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस देशभर में प्रेस कांफ्रेस कर भाजपा पर हमला बोल रही**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेशनल हेराल्ड मामले में इडी द्वारा चार्जशीट दाखिल करने के बाद अब कांग्रेस ने भाजपा और इडी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने प्रेस कांफ्रेंस कर भाजपा पर हमला बोला है। इसी क्रम में गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जिग्नेश मेवानी ने सोमवार को रांची स्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस भवन में प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला।

मेवानी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड के मामले में सोची समझी साजिश के तहत सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बदनाम किया जा रहा है। मामला पूरी तरह साफ है कि जिस एजेएल कंपनी के तहत नेशनल हेराल्ड चलता था, उसका मकसद मुनाफा कमाना नहीं बल्कि क्रांति और विद्रोह के लिए जनमानस तैयार करना था। क्योंकि मुनाफा कमाना एजेएल नेशनल हेराल्ड का लक्ष्य नहीं था इसलिए यह घाटे में भी रहा। कर्मचारियों को वेतन के पैसे, सेवानिवृत्ति का लाभ कंपनी नहीं दे पा रही थी।

इसे देखते हुए यंग इंडिया कंपनी का गठन हुआ और इस कंपनी ने ज्यादातर शेयर एजेएल कंपनी के खरीदे और कांग्रेस ने 2002 से 2012 के अंदर अलग-अलग किस्तों में 90 करोड़ का ऋण दिया। इन कंपनियों से कांग्रेस ने कमायी नहीं की।

कंपनी एक्ट की धारा 8 के तहत यंग इंडिया नो प्रॉफिट एनटीए है। जनता का ध्यान मुद्दों से भटकाने के लिए यह सारा खेल रचा गया है। आज भी एजेएल की संपत्ति एजेएल की ही है। इसमें यंग इंडिया का कोई हिस्सा नहीं, यंग इंडिया उसमें सिर्फ स्टेक होल्डर है। यंग इंडिया मालिक नहीं है इसलिए खरीद बिक्री कर ही नहीं सकती। मेवानी ने कहा कि भाजपा जो करना चाहती है करे, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। हम लोकतंत्र की रक्षा और जनता के अधिकारों के लिए हर परिस्थिति में डटकर खड़े रहेंगे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुजनी, प्रवक्ता सोनाल शांति, सोशल मीडिया अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, राजन वर्मा मौजूद थे।

## झारखंड में पारा पहुंचा 41 डिग्री के पार

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में मौसम में फिर से बदलाव हुआ है। राज्य के कई जिलों में तापमान 41 डिग्री के पार पहुंच गया है। इसका सीधा असर राज्य के जन-जीवन पर पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी रांची में भी तापमान 36 डिग्री को पार कर गया है। जबकि डालटेनगंज में तापमान 41.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं गढ़वा में तापमान 40.5, सरायकेला में 40.7 और गुमला में भी अधिकतम तापमान बढ़कर 38.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आनेवाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की आशंका जतायी है। तापमान बढ़ने से पलामू और गढ़वा सहित कई जिलों में फिर से लू चलने लगी है।

E-mail-mdjscb@jscb.gov.in Ph.No. 0651-2913111
JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LIMITED, RANCHI
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001
Ref. No.:- 191 Date: 21.04.2025
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. invites EOI from interested bidders for empanelment of Corporate Business Correspondents for Jharkhand State Cooperative Bank Limited.
Last date for submission of Proposal: 28.04.2025 till 03.00 PM.
For EOI eligibility criteria and other details, please visit website: http://www.jscb.gov.in
Sd/- CEO, JSCB, Ranchi

### परिवहन मंत्री दीपक बिरूवा ने की समीक्षा बैठक

# लक्ष्य की प्राप्ति नहीं करनेवाले अधिकारियों को दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रोजेक्ट भवन सभागार में सोमवार को परिवहन मंत्री दीपक बिरूवा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें परिवहन सचिव विप्रा भाल, संयुक्त सचिव संगीता लाल, संयुक्त सचिव मनोज कुमार, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रदीप कुमार, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण प्रकाश, अवर सचिव इरशाद आलम, राज किशोर कुमार, मिनाक्षी भगत, सभी उपपरिवहन आयुक्त-सह-सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार एवं सभी जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ राजस्व संग्रहण एवं परिवहन विभाग में क्रियान्वित योजनाओं के सुदृढ़ क्रियान्वयन हेतु चर्चा की गयी। उक्त बैठक में राज्यांतर्गत परिवहन विभाग एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित अद्यतन स्थिति के प्रस्तुतीकरण एवं जिला परिवहन पदाधिकारियों द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति नहीं की गयी, उन्हें चेतावनी देते हुए आगे के माह में लक्ष्य को पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया गया।

विभागीय मंत्री ने सभी आरटीओ एवं डीटीओ को वित्तीय वर्ष 2025-26 का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अभी से योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने हेतु निर्देश दिया। साथ ही कहा कि अगले तीन माह तक कार्य-योजना के अनुरूप ही राजस्व लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्य करें।

परिवहन मंत्री द्वारा इस वित्तीय वर्ष में नयी योजनाओं को क्रियान्वित किये जाने से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी गयी। इसमें तय किया गया कि नयी योजनाओं में भारी मोटर वाहन प्रशिक्षण के लिए सरकार द्वारा गुरुजी प्रशिक्षित चालक योजना, जिसमें बेरोजगार युवकों को सरकार द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करते हुए रोजगार मुहैया कराया जा सके। राज्य की सीमा से लगने वाले स्थानों पर 11 चेकपास्ट की स्थापना हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई किया जाना, जिसके माध्यम से भारी मोटर वाहन, शराब पीकर वाहन चलाने एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री परिवहन कामगार योजना-राज्य सरकार असंगठित क्षेत्र के समस्त परिवहन कामगारों के कल्याण एवं समाजिक सुरक्षा प्रदान किये जाने हेतु झारखंड परिवहन कल्याण बोर्ड के गठन के निमित अन्य राज्यों में लागू योजनाओं/नीतियों विस्तृत अध्ययन कर राज्यांतर्गत लागू करने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री ग्रामगाड़ी योजना-इस योजना का क्रियान्वयन राज्यांतर्गत किया जा चुका है। जिस हेतु अंतिम लाभुक तक इस योजना का लाभ पहुंचाने हेतु निर्देश दिया गया है। नवनियुक्त मोटरयान निरीक्षक को चार माह का प्रशिक्षण दिये जाने हेतु निर्देश दिया गया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिवार में शुभ मांगलिक कार्य के प्रयास में सफलता मिलेगी. स्वजन का सहयोग मिलेगा।

**वृष** समाज में मान-सम्मान रहेगा, किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से काम बनेगा।

**मिथुन** आजीविका की स्थिति में सुधार होगा,व्यावसायिक उद्देश्य से की जाने वाली यात्राएं लाभकारी होंगी।

**कर्क** धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा,महत्वकांक्षा पूरी होगी।

**सिंह** क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, अपने वाणी पर नियंत्रण रखें, वाहन की सवारी सावधानी से करें।

**कन्या** नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना,महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा,आर्थिक लाभ।

**तुला** परिवार में संतान के विवाहादि मांगलिक कार्य संपन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग।

**वृश्चिक** कर्मक्षेत्र से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार,संतोषजनक धनलाभ होगा।

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन,घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** भूले-बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, बौद्धिक चतुराई से समस्याओं का समाधान निकलेगा।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति,श्रेष्ठजनों के सहयोग से उन्नति होगी।

# युवा कांग्रेस का इडी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर चार्जशीट करने के विरोध में झारखंड युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हाथ में जंजीर लगाकर रांची में इडी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के नेतृत्व में बड़ी संख्या में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आक्रोश मार्च के रूप नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी प्रवर्तन निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे और मुख्य गेट के सामने ही धरने पर बैठ गये।

**प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करे पुलिस: अभिजीत राज**

युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि इडी ने केंद्र के इशारे पर उनके नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है। अभिजीत राज ने कहा कि जब बीजेपी के इशारे पर ही इडी को कार्रवाई करनी है तो युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता खुद हाथ में जंजीर लगाकर इडी दफ्तर पहुंचे हैं, हमें भी गिरफ्तार करें।

युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उज्ज्वल तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार और इडी के खिलाफ लगातार युवा कांग्रेस नेता आंदोलन करते रहेंगे। उज्ज्वल तिवारी ने कहा कि देश को निजी हाथों में सौंपने को आतुर बीजेपी सरकार के खिलाफ कांग्रेस और राहुल गांधी की आवाज को दबाने के लिए उनके नेताओं पर नेशनल हेराल्ड के गलत मामले में चार्जशीट की गयी है।

**पुलिस ने लिया हिरासत में**

पुलिस ने इडी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर रहे युवा कांग्रेस के नेताओं को हिरासत में लिया है। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव को भी हिरासत में लेकर डोरंडा थाना पुलिस ले गयी।

# बालू के अवैध कारोबार पर रक्षा राज्य मंत्री के तेवर तल्ख

## शासन-प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे बालू कारोबारी, अफसरों पर हो रहे हमले

**कई नदियों का अस्तित्व खतरे में, कई पुलों पर संकट के बादल**

**मुख्य सचिव से विशेष टास्क फोर्स बना कारोबारियों पर कार्रवाई को कहा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची सहित पूरे झारखंड में बालू के अवैध कारोबार और अवैध कारोबारियों के बढ़ते हौसले को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गंभीर चिंता जतायी है। इस मामले पर मंत्री ने तल्ख तेवर में मुख्य सचिव को पत्र लिखा है और विशेष टास्क फोर्स का गठन कर कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने हाल के दिनों में बालू कारोबारियों के द्वारा एसडीओ व अन्य अधिकारियों पर हमले को लेकर भी चिंता जतायी।

मुख्य सचिव को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि रांची लोकसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड में बालू की कालाबाजारी और इसका अवैध कारोबार परवान पर है। बालू के अवैध कारोबार के कारण कई नदियों के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है।

कई नदियों के पुल पर संकट खड़ा हो गया है। अवैध खनन और कारोबार से जुड़ा यह मामला सिर्फ कारोबार का मामला नहीं रहा है। यह प्रकृति के साथ भी छेड़छाड़ का मामला हो चुका है। इस अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के हौसले इतने परवान पर हैं कि अधिकारियों तक को अपने निशाने पर ले ले रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व अवैध बालू के कारोबार की जांच और कार्रवाई को निकले रांची के एसडीओ उत्कर्ष कुमार, जिला खनन पदाधिकारी को इन कारोबारियों ने कुचलने का प्रयास किया था। यह पूरी व्यवस्था के लिए चुनौती थी। परंतु दुर्भाग्य कि इस मामले में प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका।

श्री सेठ ने कहा कि बालू के अवैध कारोबार के कारण आमजनों को उनके काम के लिए बालू नहीं मिल पा रहा या उन्हें इतनी अधिक राशि का भुगतान करना पड़ता है जो उनके हैसियत से बाहर होता है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछले कई वर्षों से चल रहे इस कारोबार पर ना तो सरकार ने कोई कदम उठाया है, ना तो प्रशासनिक अधिकारियों ने। नदी पर बने पुल, सामान्य जनजीवन, यहां तक की अब राज्य के सरकारी अधिकारी भी इन अवैध कारोबारी के निशाने पर हैं। यह सीधे-सीधे शासन प्रशासन और पूरी व्यवस्था को चुनौती देने जैसा है। रक्षा राज्य मंत्री ने स्पष्ट कहा कि इस मामले में अविलंब राज्य स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया जाये। इस पूरे मामले की जांच हो। सभी अवैध बालू कारोबारियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाये ताकि जनता में शासन के प्रति विश्वास प्रगाढ़ हो सके।

# न्यायपालिका से टकराव और ध्रुवीकरण ही भाजपा का मुख्य एजेंडा : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि न्यायपालिका से टकराव और ध्रुवीकरण ही अब जैसे भाजपा का मुख्य एजेंडा बन चुका है। उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे द्वारा सर्वोच्च न्यायालय पर गृहयुद्ध भड़काने के आरोप के बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिनेश शर्मा और निशिकांत दुबे जैसे नेताओं के बयानों से किनारा करते हुए उसे उनकी व्यक्तिगत राय बता दी थी, लेकिन अब जिस प्रकार से हिमंता बिस्वा सरमा और कैलाश विजयवर्गीय ने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप में निशिकांत दुबे के वक्तव्य का समर्थन किया है, इससे अब यह मानने में कोई भी आशंका नहीं है कि भाजपा की असली मंशा क्या है? तिर्की ने कहा कि भाजपा और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह समझना चाहिए कि सरकारें, आती-जाती रहती हैं। तिर्की ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता, परस्पर सद्भाव और लोकतंत्र हमारे भारत की पहचान है और इसको आघात पहुंचाने की कोई भी कार्रवाई न केवल संविधान बल्कि देश और यहां के लोगों को नुकसान पहुंचाने की कार्रवाई होगी। तिर्की ने कहा कि यह बहुत ही अफसोस की बात है कि आज देश का प्रमुख राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी न केवल वैसे अवांछित एवं देश विरोधी वक्तव्य का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष समर्थन कर रही है बल्कि उसकी कार्यप्रणाली भी पूरी तरीके से देश के लोकतंत्र को खोखला करने वाली है। तिर्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का लोकतंत्र धर्मनिरपेक्षता, आपसी सद्भाव के साथ ही संविधान की सर्वोच्चता पर सबसे ज्यादा विश्वास है और इस मामले में भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस से बहुत कुछ सीख लेने की जरूरत है।

# बीएमएस प्रतिनिधिमंडल ने वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर से की मुलाकात

**प्रतिनिधिमंडल ने मजदूरों की समस्याओं से वित्त मंत्री को कराया अवगत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) झारखंड प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को प्रदेश के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से उनके रांची स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मजदूरों की विभिन्न समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने धनबाद आइआइटी से जिन मजदूरों को सेवा से निकाल दिया गया है, इस संबंध में मंत्री को अवगत कराया। इस पर मंत्री ने विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। साथ ही झारखंड प्रदेश में 108 एंबुलेंस में सेवा दे रहे कर्मियों की समस्याओं के संबंध में बातें हुईं। इस पर मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि इस संबंध में उचित कार्रवाई कर समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जायेगा।

भारतीय मजदूर संघ की ओर बताया गया कि जिन विषयों पर बातचीत हुई है, उनका जल्द से जल्द निराकरण का आश्वासन मंत्री ने दिया है। प्रतिनिधिमंडल में भारतीय मजदूर संघ झारखंड प्रदेश के महामंत्री राजीव रंजन सिंह, संगठन मंत्री बृजेश कुमार, वित्त सचिव चंदन प्रसाद शामिल थे।

# कांग्रेस ने हमेशा अंबेडकर के विचारों को दबाने का प्रयास किया: बाबूलाल

**कांग्रेस के नेता शुरू से ही आरक्षण के विरोध में बयान देते आये हैं, आज वही भाजपा पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने का झूठा आरोप लगा रहे**




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/झारिया।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत झरिया के अग्रवाल धर्मशाला में सोमवार को एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी थे।

संगोष्ठी में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, झरिया विधायक रागिनी सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा सहित भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। सभी वक्ताओं ने डॉ अंबेडकर के विचारों, उनके सामाजिक योगदान और संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

वक्ताओं ने कहा कि भाजपा डॉ अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब अंबेडकर के विचारों और उनके योगदान को दबाने का प्रयास किया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस जानती थी कि अगर अंबेडकर के विचार देश के सामने आयेंगे तो उसकी दलित विरोधी और लोकतंत्र विरोधी सोच उजागर हो जायेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही वह पार्टी है जिसने संविधान को बार-बार कुचला। 90 बार चुनी हुई सरकारों को हटाकर राष्ट्रपति शासन थोपा और आपातकाल थोपकर लोकतंत्र का गला घोंटा। आज वही कांग्रेस पॉकेट में संविधान रखकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता शुरू से ही आरक्षण के विरोध में बयान देते आये हैं। आज वही भाजपा पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने का झूठा आरोप लगा रहे हैं। मरांडी ने जोर देकर कहा कि भाजपा कांग्रेस के इन झूठे दावों का मुंहतोड़ जवाब दे रही है और आगे भी जनता के बीच जाकर उसके काले कारनामों को उजागर करती रहेगी। वहीं दूसरी ओर धनबाद जिले के गोविंदपुर अंचल क्षेत्र के कशियाटांड़ शिव मंदिर में ग्रामीण एकता मंच के तले जनाक्रोश सभा का आयोजन किया गया। सभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल हुए। उन्होंने ने इस मौके पर कहा कि अवैध कोयले के कारोबार के विरुद्ध ग्रामीणों पर फर्जी मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## कांग्रेस के पूर्व सांसद तिलकधारी सिंह का निधन


फाइल फोटो

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद रहे तिलकधारी सिंह का सोमवार को निधन हो गया। गिरिडीह के नवजीवन अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होने दम तोड़ दिया। तिलकधारी सिंह पिछले लंबे समय से बीमार चल रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने रविवार को अस्पताल जाकर उनके स्वास्थ्य को लेकर जानकारी ली थी। तिलकधारी सिंह शिक्षक की नौकरी छोड़ सार्वजनिक जीवन में उतरे। वे मुखिया, प्रमुख से लेकर जिला परिषद अध्यक्ष, विधायक और सांसद भी रहे।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने प्रशिक्षित महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के द्वारा कंडाबेर पंचायत के 50 महिला प्रशिक्षकों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। यह सिलाई मशीन का वितरण ग्राम पंचायत कंडाबेर के उन महिलाओं के बीच किया गया जिन्होंने जून 2024 महीने में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के द्वारा सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया था। यह सिलाई मशीन एनटीपीसी सीएसआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक कमल राम रजक और ग्राम पंचायत कंडाबेर के मुखिया दिनेश साव की उपस्थिति में बड़कागांव ढेंगा मैती के सभागार में दिया गया। सिलाई मशीन पाकर ग्रामीण महिलाएं बहुत खुश दिखी। सीएसआर विभाग की तरफ से अन्य पदाधिकारी में से देवयान दत्ता, रजनीश कुमार और सतीश कुमार मौजूद रहे।

## कोडरमा में देशव्यापी विरोध दिवस मना



कोडरमा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर देशव्यापी विरोध दिवस के तहत आज 21 अप्रैल को मेघातरी में कार्यकर्ताओं का कन्वेनशन करते हुए अमेरिकी उप राष्ट्रपति का पुतला दहन किया गया। द्विपक्षीय व्यापार सौदे पर बातचीत के लिए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत आये तब अखिल भारतीय किसान सभा ने वैंस वापस जाओ भारत बिकाऊ नहीं है, अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता और सभी असमान एफ टी ए से पीछे हटो, मुक्त व्यापार के नाम पर कृषि, डेयरी और पशुपालन में कोई असमान समझौता नहीं चलेगी के नारे के साथ पुतला जलाया। कन्वेनशन को संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के संयुक्त सचिव असीम सरकार और जिला संयोजक सुरेन्द्र राम ने बतलाया कि भारतीय प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हुक्म के आगे घुटने टेक दिये हैं और कृषि उत्पादों सहित अमेरिकी उत्पादों के लिए टैरिफ और गैर–टैरिफ बाधाओं को कम करने की योजना पर आगे बढ़ रहे हैं। चीन, कनाडा, मैक्सिकों आदि देशों ने ट्रंप के टैरिफ के खिलाफ तीखा प्रतिरोध किया और अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए एकजुट हुए है, वहीं भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को त्यागने का विकल्प चुना है। भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के अमेरिकी साम्राज्यवाद के सामने पूरी तरह से आत्मसमर्पण के खिलाफ आन्दोलन का रास्ता अपनाया हैं। भिखारी राम के अध्यक्षता में इस कार्यक्रम को ग्यासुद्दीन, सबिता देवी, शोभा देवी आदि ने भी संबोधित किया।

## सर्किट हाउस के सामने 23 अप्रैल को मनेगा बाबू कुंवर सिंह विजय उत्सव समारोह



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। पूर्वांचल की गौरवगाथा और भारत की स्वतंत्रता संग्राम की अमर विभूति वीर बांकुड़ा बाबू कुंवर सिंह की स्मृति में आयोजित वीर कुंवर सिंह विजय उत्सव समारोह की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। यह समारोह 23 अप्रैल को बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसका आयोजन वीर कुंवर सिंह विचार मंच के तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे सर्किट हाउस के समीप वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगा। समारोह में जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गयी है। इस कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए रविवार को सुरेश कॉलोनी में विचार मंच की बैठक आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता प्रो. प्रदीप कुमार सिंह ने की। बैठक में जन जागरूकता अभियानों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रो. सिंह ने कहा वीर कुंवर सिंह संपूर्ण भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रेरणास्रोत हैं। उनकी वीरता, नेतृत्व और बलिदान आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह उत्सव हमारी ऐतिहासिक चेतना को जागृत करने का माध्यम बनेगा। वहीं बैठक में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कहा वीर कुंवर सिंह हमारे गौरवशाली अतीत की वह लौ हैं, जो आज भी हमारे आत्मबल को प्रज्वलित करती है।

## सरहुल मिलन समारोह में शामिल हुए सांसद



कुजू (आजाद सिपाही)। भाजपा अनूसूचित जनजाति मोर्चा के तत्वावधान में जिला कार्यालय, रामगढ़ में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शामिल रहे। इस अवसर पर मनीष जायसवाल ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति का पर्व है। इसमें लोग पेड़ पौधों की पूजा करते हैं और यही हमारे जीवन का आधार भी है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक उपासक आदिवासी समाज अपनी शराफत के लिए जाना जाता है। लेकिन कुछ लोग इन्हें भटकाने का प्रयास कर रहें हैं। समाज के लोग जागरूक रहें। वैसे लोग को समय पर मुंहतोड़ जवाब दें। उन्होंने कहा कि समाज के एक एक व्यक्ति को अपने मूलस्वरूप को जानने के साथ एकजुटता का परिचय देते हुए समाज के विकस का मार्ग प्रशस्त करें। इससे पूर्व, पारंपरिक साड़ी पहनी महिला पुरुष ने बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं, सखुआ डाल स्थापित कर पुजारी फूलो मुंडा और राजू पाहन द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गयी। मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, राजीव जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, सांसद प्रतिनिधि अनमोल सिंह, पंकज साहा, तोकेश सिंह, रतन प्रसाद, सुनील प्रसाद शामिल रहे।

# हजारीबाग झील में डूबने से युवक की मौत, शव की तलाश जारी

### एनडीआरएफ टीम को दी गयी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता


फाइल फोटो

हजारीबाग। जिले के लोहसिंघना थाना क्षेत्र के हृदयी स्थल के नाम से प्रसिद्ध झील में एक युवक की डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान बाबू गांव कोर्रा चौक निवासी आलेख गौरव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार लगभग 3 बजे सुबह आलेख गौरव अपने घर से निकला और झील पहुंच गया। यहां रस्सी में बंधे वोट को काट वोट पर चढ़ बीच झील में पहुंच गया। इस दौरान चार से पांच घंटे तक वोट पर सोकर झील में घूमता रहा। वोट में पानी भरने के कारण वोट पानी में डूब गया, जिसमें आलेख गौरव उर्फ भी सवार था। इधर इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव की तलाश शुरू की गयी लेकिन सफलता नहीं मिल पायी है। झील की गहरायी के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी मुश्किलें आ रही हैं। वहीं घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से एनडीआरएफ की टीम बुलाने की मांग की है, ताकि शव को जल्द से जल्द बाहर निकाला जा सके। प्रशासनिक स्तर पर भी मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और इसकी जानकारी एनडीआरएफ टीम को दी गयी है। फिलहाल क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है और लोग घटनास्थल पर जमें हुए हैं। इधर सदर सीओ मयंक भूषण, इचाक सीओ रामजी गुप्ता, लोहसिंघना थाना प्रभार पुन्नू कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर डंटे हुए थे। वहीं लोगों ने बताया कि उक्त युवक मानसिक रूप से परेशान था। इधर जानकारी पाकर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद भी झील पहुंचे और प्रशासन से बात की। साथ ही एनडीआरएफ की टीम को जल्द बुलाने को कहा। खबर लिखे जाने तक एनडीआरएफ की टीम हजारीबाग नहीं पहुंची थी। इस घटना ने एक बार फिर हजारीबाग के पर्यटन स्थलों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार की अप्रत्याशित घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कड़े कदम उठाए जायें। साथ ही पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी लगाने और सिक्योरिटी गार्ड तैनात करने का भी मांग किया है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, कई घायल

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बनासो-अचलजामो मार्ग स्थित बिलंडी में दो बाइक की आमने सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी वहीं लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घटना सोमवार को करीब 12:30 बजे की बतायी गयी है। मिली जानकारी के मुताबिक होंडा लिवो पंजीयन संख्या- जे एच 11ए एफ 2400 और हीरो स्प्लेंडर पंजीयन संख्या-जे एच 10 ए एफ 6335 की बिलंडी मोड़ में जोरदार आमने सामने भिंड़त हुई जिससे दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गये। राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना विष्णुगढ़ पुलिस को दी,सूचना पाकर एसआइ पंकज सिंदुरिया अपने दल बल के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों विष्णुगढ़ सीएचसी लाया। सीएचसी लाने के दौरान गंभीर रूप से घायल मुकेश दास पिता सोबरन रविदास कसियाडीह, सरिया 27 की हॉस्पिटल पहुंचने के पूर्व हीं मौत हो चुकी थी, जिसकी पुष्टि डॉ.शाहबान ने की। बाकी पांच घायलों का डॉ. शाहबान और उनकी टीम घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सचिन कुमार मंडल पिता गंगाधर प्रसाद, कोरिया टांड़,विष्णुगढ़ 17 वर्ष, डमर रविदास, पिता देवकी रविदास,हरली, पिपचो दारू 27 को प्रार्थमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं मृतक की पत्नी शांति कुमारी, पति मुकेश दास, कसियाडीह, सरिया उम्र करीब 22 वर्ष, मृतक का पुत्र कार्तिक कुमार, पिता मुकेश दास कसियाडीह, सरिया उम्र करीब 7-8 माह औश्र मुकेश कुमार पिता सुरेश महतो, सरैयाटांड़ विष्णुगढ़ 17 का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विष्णुगढ़ में किया गया।

# हजारीबाग में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पेड़ से टकरायी, चालक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता




बड़कागांव। बड़कागांव हजारीबाग मुख्य मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई, जब एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन (गाड़ी संख्या JH02FC4088) टीपी-5 क्षेत्र के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकरायी। इस दुर्घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कॉर्पियो वाहन हजारीबाग से बड़कागांव की ओर जा रहा था। वाहन की गति अत्यधिक तेज थी और अचानक असंतुलित होकर यह एक पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक वाहन के अंदर बुरी तरह फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर मौजूद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआइएसफ के जवानों और स्थानीय पुलिसकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल चालक को बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार, चालक की स्थिति अब स्थिर है और उसका इलाज जारी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर वाहन अत्यधिक गति से चलते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर गति सीमा का सख्ती से पालन करवाया जाए और आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जायें, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और मामले के कारणों का पता लगाया जा रहा है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जायेंगे।

## आवारा पशुओं के कारण लोग परेशान

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। शहर में आवास पशुओं की वजह से आम लोग परेशान हैं। कई लोग अपने मवेशियों को सड़कों पर छोड देते हैं। ऐसे में अप्रिय दुर्घटनाएं भी होती है। ऐसे में नगर पर्षद के साथ -साथ प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं देता है। शहर में कई मवेशियों को गले में रेडियम भी लगाया गया है ताकि रात के समय मे वाहन चलाने वाले लोगों को सड़क पर बैठे मवेशी नजर आ सके। इधर शहर में दो तीन सांढ प्रतिदिन सड़कों पर नजर आते है और उत्पात मचाते हैं। ऐसे में सड़कों पर कुछ देर के लिए सन्नाटा भी पसर जाता है। वहीं दूसरी ओर उजाला कम्पलेक्स बैंक ऑफ इंडिया के पास एक बंदर भी पिछले चार दिनों से ठेला खोमचा और दुकानों की सामाग्री को नष्ट कर रहा है। वन विभाग को इसकी सूचना दी गयी है लेकिन विभाग शहर और ग्रामीण क्षेत्र में हाथियों को भगाने की बात कह इस पर चुप्पी साधे हुए है।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष कारावास की सजा

कोडरमा (आजाद सिपाही)। शादी का झांसा देकर एवं बहला फुसला कर नाबालिक लड़की से दुष्कर्म किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला और सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने आरोपी विकास कुमार सतगावां, निवासी को 6 पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 25 हजार जुमार्ना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2021 का है। इसे लेकर सतगावां थाना में मामला दर्ज कराया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक शिवशंकर राम और अधिवक्ता दीपक गुप्ता ने किया। इस दौरान सभी 6 गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक ने न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को 6 पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

## चिकन पॉक्स से गांव के दर्जनों बच्चे बीमार



चतरा (आजाद सिपाही)। बे मौसम बरसात ने मौसम का मिजाज बदल दिया है। बदलते मौसम के साथ गांवो में संक्रमित बीमारियों ने भी दस्तक दे दी है। छोटी माता के नाम से जानी जाने वाली चेचक बीमारी ने आदिम जनजाति और बैगा बिरहोर जाति के परिवारों में खलबली मचा दी है। यह घटना प्रतापपुर थाना क्षेत्र के भूगड़ा गांव का है। जहां आधा दर्जन से अधिक चिकन पॉक्स ( छोटी माता) मरीज बच्चे मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग के कान खड़े हो गये हैं। एक गांव में एक साथ दर्जन भर से ज्यादा बच्चों के पीड़ित होने की सूचना पर चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि मैं स्वयं अपनी टीम के साथ गांव में जाकर पीड़ित लोगों की जांच कर इस बिमारी की चपेट में आये बच्चों का इलाज करेंगे।

# शिलान्यास के एक साल बाद भी नगवां-टू इचाक पथ निर्माण कार्य नहीं हो पाया पूरा

## सड़क से उड़ती धूल से राहगीर और ग्रामीण हो रहे परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता






हजारीबाग। एनएच 33 नगवां टू इचाक थाना, भाया साडम-चंदवारा सड़क शिलान्यास के एक वर्ष बीतने के बाद भी पूर्ण रूप से नहीं बन पायी है। संवेदक आधा अधूरा कार्य कर के पथ को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। सड़क निर्माण के लिए डाले गए जेएसबी के धूल से राहगीर और ग्रामीण परेशान है। इस सड़क को निर्माण करवाने के लिए सड़क निर्माण समिति ने आंदोलन भी किया था। यहां तक कि सरकार के मंत्री से भी मिल गुहार लगायी थी। तब जाकर सड़क निर्माण का टेंडर पारित हुआ था। मगर शिलान्यास के एक साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी निर्माण आधा अधूरा है। सड़क का शिलान्यास 3 मार्च 2024 को पूरे तामझाम से हुआ था। स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव और जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने इस सड़क का शिलान्यास किया था। सड़क की कुल लंबाई 6.950 किलो मीटर है। यह कार्य आरइओ विभाग के द्वारा संवेदक देवधारी यादव को दिया गया था। संवेदक द्वारा गांव-गांव में पीसीसी कर छोड़ दिया है, जबकि पिच का कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। इस सड़क से बाइक सवार को गुजरने में काफी कठिनाई होती है, जहां उड़ते घुल और सड़क पर छोटे छोटे पत्थर दुर्घटना का कारण बनते है, वहीं पीसीसी का फ्लैंक नहीं भरने से भी वाहन और बाइक चालकों को सड़क से नीचे गिरने का डर बना रहता है। सड़क निर्माण समिति के सदस्यों ने बताया कि अगर जल्द सड़क निर्माण कार्य को पूरा नहीं किया जाता तो इसकी शिकायत विभाग के साथ सरकार से की जायेगी।

संवेदक देवधारी यादव से बात करने पर बताया कि विभाग द्वारा एलाटमेंट नहीं मिल रहा। जितना हमलोगों ने काम किया है उससे बहुत कम पेमेंट हुआ है, जिस कारण भी रोड निर्माण में बाधा आ रहा। साथ ही बताया कि बालू के समस्या से भी जूझना पड़ रहा।

## झरपो एसबीआइ से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मिला दो लाख



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड के झरपो निवासी नीतू देवी पति रामस्वरूप विश्वकर्मा का देहांत 26 फरवरी को झरपो में हो गया था। नीतू का खाता ग्राहक सेवा केन्द्र झरपो चंदन कुमार के यहां से खुला था जहां उसके खाते में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा प्रत्येक वर्ष हो जा रहा था जिसके कारण नीतू के पति रामस्वरूप के द्वारा 7 अप्रैल को बैंक जा कर क्लेम किया और दस दिनों के अंदर उसके खाते में क्लेम की राशि दो लाख नीतू के पति रामस्वरूप विश्वकर्मा के खाता में आ गया जिसका प्रमाण पत्र सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक झरपो शाखा प्रबंधक विवेक कुमार के हाथों दिया गया। शाखा प्रबंधक विवेक कुमार ने बताया कि अभी के समय में सभी को बीमा कराने की आवश्यकता है। एक छोटी सी राशि के कारण आपके परिवार की स्थिति सुधर सकती है। अपने क्षेत्र के सभी खाता धारकों से अपील होगा कि सभी बीमा अवश्य करायें। वहीं लाभुक रामस्वरूप ने बताया कि हम कभी सोचे नहीं थे कि हमारे परिवार को इस तरह का लाभ मिलेगा। मौके पर बैंक रोकड अधिकारी शशि किरण सिंहा, ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक चंदन कुमार और बैंक कर्मी छोटन शर्मा उपस्थित था।

## आग बुझाने की विधियों की दी जानकारी



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड में कोडरमा ताप विद्युत केंद्र में तैनात सीआइएसएफ अग्नि शाखा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अग्निशमन सप्ताह संपन्न हो गया। यह सप्ताह 14 अप्रैल से शुरू हुआ था। समापन समारोह में परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर सिंह मुख्य अतिथि रहे। सीआइएसएफ के सहायक कमांडेंट कुलदीप कुमार कुकरेती भी मौजूद थे। समारोह में सहायक कमांडेंट कुकरेती ने सप्ताह भर चले कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अग्नि से बचाव के लिए कई गतिविधियां आयोजित की गयी। इस दौरान निरीक्षक सतीश कुमार, हेमंत अतरी समेत सीआइएसएफ के जवानों ने प्लांट के कर्मचारियों, गृहणियों, स्कूली बच्चों और सुरक्षा में तैनात जवानों को फास्ट एंड फायर फाइटिंग की क्लास दी। साथ ही डेमो भी दिखाया। जवानों ने फलेन्ज फायर, ऑयल फायर, एलपीजी सिलेंडर में आग, ऊंची इमारत से रेस्क्यू जैसे अभ्यास किये। अग्निशामक उपकरणों की मदद से आग बुझाने की विधियां भी सिखायी। सप्ताह भर चले कार्यक्रम में सैनिक स्कूल, केटीपीएस टाउनशिप, वेरिया एंजेल स्कूल और परिसर की गृहणियों को किचन सेफ्टी और आग से बचाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वालों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि सीआइएसएफ के जवान देश की संपत्ति की रक्षा ईमानदारी से कर रहे हैं। उन्होंने अग्नि शाखा द्वारा किये गये प्रदर्शन की सराहना की। कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से लोगों को जागरूक कर देश की संपत्ति को आग से बचाया जा सकता है। उन्होंने जवानों और अधिकारियों को धन्यवाद दिया। सहायक कमांडेंट कुकरेती ने भी सीआइएसएफ द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा की। इस मौके पर परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने 'फायर मैन : जीवन और संपत्ति को बचाने में आपका साथी' किताब का विमोचन किया। कार्यक्रम का संचालन इंसपेक्टर सतीश कुमार ने किया। मौके पर इंसपेक्टर एमके शर्मा, एसके शाह, हेमंत अतरी, सुनील कुमार, पीएन यादव, एमके प्रसाद, प्रवीण कुमार, कृष्णकांत, सुनील कुमार, लोकेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अपना चैरिटेबल ट्रस्ट झारखंड ने बेटियों के विवाह में किया सहयोग



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। अपना चैरिटेबल ट्रस्ट झारखंड के द्वारा गरीब परिवार के बेटियों को विवाह के लिए आर्थिक सहयोग किया है। इस वर्ष में अभी तक दो गरीब परिवार को मदद किया गया। जिसमें से सावित्री कुमारी पिता स्वर्गीय सुकर महतो माता स्वर्गीय भीखनी देवी, सावित्री कुमारी गरीब परिवार से है और कुछ साल पहले इनके माता–पिता का देहांत हो गया था, दूसरी गुड़िया कुमारी पिता स्व कुंजलाल महतो दोनों ग्राम गोबिंदपुर थाना विष्णुगढ़। गुड़िया कुमारी गरीब परिवार से है और कुछ साल पहले इनके पिता का देहांत हो गया। जिसके कारण इनके घर की आर्थिक स्थिति बहुत ज्यादा खराब है। अपना चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा सावित्री कुमारी को 5521 और गुड़िया कुमारी को 5005 आर्थिक सहयोग विवाह के लिए किया है। इनके उज्वल भविष्य की कामना की है। मौके पर अपना चैरिटेबल ट्रस्ट झारखंड के मुख्य रूप जीआइआइएस इंटर कॉलेज के निदेशक सुनील कुमार, पार्वती इन होटल के मैनेजर सिकंदर कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि महेश महतो, गौतम कुमार महतो, एक्साइज इंस्पेक्टर नकुल कुमार नायक, अजय कुमार महतो, भूपत महतो, सहदेव पंडित, धनेश्वर महतो, एस.वी.एम विद्यालय के निदेशक प्रदीप कुमार, गोविंदपुर मुखिया प्रतिनिधि राहुल महतो, पवन कुमार, ओमप्रकाश पंडित, छोटू शर्मा और कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बाइक अनियंत्रित होने से दो युवक घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के इरगोबाद में सोमवार को एक बाइक के अनियंत्रित होने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गये। घायलों की पहचान सचिन कुमार उम्र 19 वर्ष पिता टुकलाल दास ग्राम कोडरमा और कृष्ण कुमार उम्र 15 वर्ष पिता प्रदीप दास ग्राम पहारो के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार चौक से अपने घर की तरफ जाने के कार्म में इरगोबाद के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गये, दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया।

## अंबेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी का आयोजन

डोमचांच (आजाद सिपाही)। एचएम टी होटल इंपायर होटल में भारत रत्न भीम राव अम्बेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि झारखंड के कार्यकारणी अध्यक्ष रवींद्र राय, कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव और सिमरिया विधायक उज्वल दास, एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल बाल्मिकी मौजूद थे। वक्ताओं ने बाबा भीमराव अम्बेडकर के विचारो पर प्रकाश डाला और उनके सिद्धांतो के बारे में बताया। यह भी बताया कि कोडरमा में 24 अप्रैल को कोडरमा में आक्रोश रेली निकली जायेगी।

## पेड़ से लटका मिला युवती का शव

चतरा(आजाद सिपाही)। प्रतापपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में महुआ के पेड़ से लटका एक युवती का शव मिला। शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। शवों को देखे जाने के बाद ग्रामीणों और पुलिस में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक गांव व्यक्ति ने पेड़ से लटके हुए शव देखा और ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। प्रतापपुर थाना पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची और शवों को पेड़ से नीचे उतरवाया। प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि ग्राम पंचायत बभने के सोनवर्षा गांव के पास एक महुआ पेड़ पर युवती के शव लटका मिला हैं। शव की पहचान सोनवर्षा गांव निवासी संगीता कुमारी पति सुनील पासवान के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। मृतका के परिजनों ने हत्या कर महुआ पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है।

## तेज रफ्तार का कहर जारी: ट्रक की चपेट में आने से मासूम की मौत

### आक्रोशित ग्रामीणों ने चतरा -डोभी मुख्य पथ किया जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के बोड़ा मोड़ गांव स्थित चतरा - डोभी मुख्य पथ एनएच 22 पर सोमवार की अहले सुबह 8 बजे एक भीषण हादसे में 10 वर्षीय मासूम प्रीतम कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मृतक सीमावर्ती राज्य गया जिले के बांके बाजार थाना क्षेत्र के मोनिया गांव निवासी लवकुश भारती का 10 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार हंटरगंज थाना क्षेत्र के बोड़ा मोड़ अपने मामा योगेंद्र भारती के घर शादी समारोह में शामिल होने आया था सोमवार की अहले सुबह वह किराना दुकान में ( कुरकुरे) समान खरीदकर सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान सड़क पार करते वक्त चतरा की ओर से तेज गति से आ रही एक ट्रक ने प्रीतम को कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना इतनी भयावह थी कि प्रीतम की मौके पर ही मौत हो गयी। सड़क हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि कोल वाहन एवं भारी वाहन सड़क पर हमेशा तेज रफ्तार से चलते है। सड़क दुर्घटना और सड़क जाम की जानकारी मिलते ही हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार और अंचल अधिकारी अरुण मुंडा अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। प्रशासन ने ग्रामीणों को जांच कर उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया है। जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटा लिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। जाम लगभग 3 घंटे तक रहा इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लग गयी। राहगीरों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ा।

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

गोला(आजाद सिपाही)। रामगढ़ बोकारो एन एच 23 हेमतपुर के समीप सोमवार की शाम को एक सड़क हादसे में वृद्ध व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गयी। बताया गया कि वृद्ध व्यक्ति पैदल ही सो सो की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक बेकाबू ट्रक ने उसे रोंदते हुए हुए भाग गया। वृद्ध व्यक्ति का शव पूरी तरह से छत विक्षित हो गया है। ट्रक चालक भागने के क्रम में सो सो खुद टोल प्लाजा के समीप ट्रक को खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस शव को कब्जे में कर पहचान की प्रक्रिया में जुटी है।

## प्राण प्रतिष्ठा के साथ पांच दिवसीय यज्ञ का हुआ समापन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत जयनगर गांव में आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम यज्ञ सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा के अंतिम दिन सोमवार को यज्ञ की पूणार्हुति हुई। इसके पूर्व श्री हनुमान सहित भगवान शिव, श्रीराम दरबार आदि प्रतिमाओं का अंगन्यास किया गया। फिर उन्हें निर्धारित स्थान पर स्थापित कर वैदिक मंत्रों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की गयी। इसके उपरांत हवन कर यज्ञ मंडप में, मंडप के स्तंभों आदि आवाहित सभी देवी देवताओं को विसर्जित किया गया। इस मौके पर यज्ञ स्थल में महा भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के सदस्य सहित ग्रामवासियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## 750 मरीजों को दी गयी मच्छरदानी




**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कीआम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र द्वारा अपनी सीएसआर योजना के तहत चतरा ज़िले के 750 एचआइवी/एड्स मरीजों को मच्छरदानियां वितरित की गये। यह पहल एचआइवी/एड्स प्रभावित मरीजों को मलेरिया और डेंगू जैसी जानलेवा मच्छरजनित बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गयी है। इस अवसर पर सीसीएल आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र के जीएम अमरेश कुमार सिंह ने मच्छरदानियां हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट नेटवर्क फॉर पीपल लिविंग विद एचआईवी/एड्स के सचिव बहादुर उरांव और उनके सहयोगियों को सौंपीं। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेक्नोलॉजी संतोष कुमार सिंह, स्टाफ अधिकारी असैनिक रंजन प्रधान समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। सीसीएल की इस पहल का उद्देश्य न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करना है। एचआइवी/एड्स मरीजों की प्रतिरक्षा क्षमता सामान्य लोगों की तुलना में कमजोर होती है, जिससे मलेरिया और डेंगू का खतरा अधिक बढ़ जाता है। ऐसे में मच्छरदानियां उनके लिए एक सुरक्षित कवच का कार्य करेंगी।

## वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में प्रदर्शन, निकाला मार्च




### राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** केंद्र सरकार द्वारा लाये गये वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 का पूरे देश में मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा विरोध किया जा रहा है। देशव्यापी आंदोलन के तहत सोमवार को रामगढ़ जिले में भी एदार-ए-शरिया अंसाराबाद दुर्गी एनटीएस बरकाकाना के तत्वावधान में विरोध प्रदर्शन करते हुए मार्च निकाला गया। विरोध मार्च जिला मैदान से शुरू होकर जिला समाहरणालय पहुंचा। यहां एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम डीसी चंदन कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वक्फ एक्ट 1995 में बिना मुस्लिम समुदाय के माहिरो से मशवरा किये और वक्फ संशोधित बिल में जेपीसी को मुस्लिम सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा दिये गये सुझाव को बिना शामिल किये जल्दबाजी में निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि संशोधित अधिनियम 1995 और देश में स्थापित वक्फ संपत्तियों के बारे में गलत जानकारी देकर जल्दबाजी में बहुमत के बल पर दोनों सदनों से वक्त संशोधित बिल 2024 को पारित कराकर वक्फ संशोधित अधिनियम 2025 बनाया गया। यह बिल भारतीय मुसलमान के धार्मिक स्वायत्तता और संविधान से प्राप्त मौलिक अधिकारों का हनन करता है।

**वक्फ की संपत्ति पर बने हैं मस्जिद, मदरसे, ईदगाह कब्रिस्तान:** विरोध प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि झारखंड में जो वक्फ की संपत्ति है, उसपर अधिकांश मस्जिद, मदरसे, ईदगाह, कब्रिस्तान, मजार, खानकाह, मकबरा, मुसाफिरखाना के अलावा दुकान, मकान, संस्थान, खेत-खलिहान है। यह संपत्ति पूर्वजों के द्वारा अपनी निजी जमीन और संपत्ति को इस्लामी परंपरा के अनुसार दान कर स्थापित किया गया है। कुछ ऐसी जमीनें भी हैं जो राजा, महाराजा, नवाब, जमींदार ओहदार द्वारा भी दान किया गया है। इनमें मौखिक और सादे कागज में भी दान पत्र बनाये गये हैं। जिसका उपयोग धार्मिक कार्यों के तौर पर वर्षों से हो रहा है।

**विरोध मार्च में ये थे शामिल**

कांग्रेस पार्टी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता रियाज अंसारी, आरिफ कुरैशी, मुकीम आलम, नसीम अख्तर, इम्तियाज अंसारी, रुस्तम अंसारी, मो नौशाद, शाहिद सिद्दीकी, हाजी रईस खान, मौलाना अनवर हुसैन, मौलाना हबीब, कारी अताउल मुस्तफा, मौलाना वाजिद, मौलाना सिद्दीक उल कादरी, मौलाना सद्दाम, कारी मुजाहिद, मौलाना कमरुद्दीन कारी, मो शमीम गुलाम, कादिर वजाहत अली, अब्दुल जब्बार, मो फिरदौस, मो तय्यब, शेर मोहम्मद, मोहम्मद इस्लाम, शमशेर अंसारी, गुलजार अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

### नया कानून से हो सकता है भारी नुकसान

वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के नये कानून से वक्फ संपत्तियों और प्रबंधन को भारी नुकसान हो सकता है। केंद्र सरकार को लगता है कि वक्फ संपत्तियों में कब्जा, अतिक्रमण, मनमानी चल रही है। जिसके कारण गरीब मुसलमानों को लाभ नहीं मिल रहा। इस मामले को बिना संशोधित बिल लाये ही सुधार हो सकता था। सरकार के इस संशोधित बिल से वक्त बोर्ड के संपत्ति पर सरकारी नियंत्रण में वृद्धि होगी, ऐतिहासिक संदर्भ का बहिष्कार होगा, विवादों में वृद्धि की संभावना है। इसलिए संशोधित कर बनाये गये वक्फ अधिनियम 2025 की पुनः समीक्षा करते हुए असंवैधानिक प्रावधानों को हटाने और वक्फ अधिनियम 2025 को वापस लेने की मांग की गयी।

## रजरप्पा : भूचुंगडीह की अवैध आधा दर्जन सुरंगनुमा खदान में लगी आग

### कोयला के जहरीला धुआं से भूचुंगडीह के ग्रामीणों में दहशत का माहौल

### रामगढ़ उपायुक्त, सीसीएल महाप्रबंधक ने स्थल पर पहुंचे, लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता





**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा से सटे गांव भूचुंगडीह के समीप भैरवी नदी के किनारे कोयला तस्करों द्वारा वर्षो से संचालित अवैध सुरंगनुमा माइंस में आग लग गयी। आग कैसे लगा कोई अता पता नहीं। आग लगने से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है, सीसीएल अधिग्रहित क्षेत्र से बाहर वन विभाग के जमीन पर कोयला तस्करों द्वारा माइंस संचालित किया जा रहा था, 18 अप्रैल को ग्रामीणों द्वारा एक सुरंग से आग का जहरीला धुआं निकलता देख सीसीएल रजरप्पा के अधिकारियों को दिया गया था परंतु अधिकारीयों ने सुलगते हुए आग को गंभीरता से नहीं लिया। 2 दिनों के बाद अधिकारी ने पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया पर तब तक खदान में लगे आग विकराल रूप ले चूका थे और अन्य सुरंगों में भी आग की लहर बहुत अधिक फैल चुकी और काफी भयावह बन गया है, जिससे आस पड़ोस के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। अवैध तरीके से संचालित खदान में लगी आग को देखने पहुंचे रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार, एसडीओ अनुराग तिवारी, सीओ चितरपुर सहित कई लोग ने घटना स्थल पर पहुंचकर लिया जायजा, कहा की खदान में लगी आग को हर हाल में बुझाने का कार्य किया जायेगा, दोषी कोयला तस्करों पर होगी कार्रवाई, उपायुक्त ने रांची हेड कवार्टर से पहुंचे सीसीएल के सेफ्टी अधिकारियों को आवश्यक दिशनिर्देश दिया की अविलंब आग की लहर को काबू में किया जाये और पूरी तरह से खदान में लगी आग को बुझाया जाये। रजरप्पा सीसीएल महाप्रबंधक कल्याण प्रसाद 21 अप्रैल को सुबह आग लगी सुरंग नुमा खदान में पहुंचे और वहां का जायजा लिया। आग की लपट सुरंग से उड़ता काला धुंआ को देख कहा की बहुत जल्दी आग को बुझाने की त्वरित कार्रवाई की जायेगी और बहुत जल्द आग पर काबू पा लिया जायेगा। फिलहाल सीसीएल द्वारा आग पर काबू पाने के लिए जेसीबी से काम किया जा रहा है और पाइप लाइन से पानी लाकर आग को बुझाने का काम शुरू कर दिया गया है। आधा दर्जन से अधिक सुरंगों से आग की स्थित भयावह और गंभीर होते जा रहा है, आग पर काबू पाने के लिए लगभग 3 से 4 दिन लग सकता है। जिला प्रशासन और प्रबंधन वन विभाग के प्रयास से बहुत जल्द आग को बुझा लिया जायेगा।

### खदान में आग लगाने वालों पर हो कार्रवाई : राजीव जायसवाल



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्रो में कोयला की तस्करी धड़ल्ले से जारी हैं। कोयला तस्करी पर रोक लगाने में जिला प्रशासन विफल साबित हो रहा हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण हैं भुचुंगडीह के अवैध खदान में आग लगना। उक्त बातें रामगढ़ जिला के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने कहा। सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि भुचुंगडीह गांव में लगभग 5 हजार लोग रहते हैं। दो दिन पूर्व भुचुंगडीह के अवैध खदान में आग लग गयी हैं। जो दु:खद घटना हैं। आग आखिर लगा कैसे और कौन-कौन अवैध खदान से कोयला की तस्करी कर रहे हैं। इसपर उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। ताकि ऐसे अवैध खदानों को बंद किया जा सके। साथ ही कोयला तस्करों पर कानूनी कार्रवाई हो सकें। उन्होंने जिला प्रशासन के कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा किया। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि राज्य की सरकार हर मोर्चे में फेल है। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि इस मामले की जानकारी हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को दे दिया गया हैं। यह मामला संसद भवन में भी उठाया जायेगा। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह रामगढ़ विधानसभा सांसद प्रतिनिधि चंद्र शेखर चौधरी ने कहा कि भूचुंगडीह के अवैध खदान में आग लगना लापरवाही और अवैध उत्खनन का परिणाम है, यह क्षेत्र वन विभाग के अंतर्गत आता है,लेकिन वन विभाग के क्षेत्र में अवैध माइनिंग का कार्य चल रहा है और वन विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। प्रेस कांफ्रेंस में रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के साथ रामगढ़ विधानसभा सांसद प्रतिनिधि चंद्र शेखर चौधरी, पूर्व जिला मंत्री रमेश वर्मा, चितरपुर मंडल सांसद प्रतिनिधि अर्जुन वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## देवर ने विधवा भाभी को शादी का झांसा देकर बनाया अवैध संबंध, बाद में किया इनकार



**लावालौंग /चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कटिया पंचायत के करमा गांव में हरिजन टोला का एक विधवा औरत को उसके देवर ने कई सालों से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। विधवा के माता-पिता जब अपनी बेटी का विवाह कहीं अन्य जगह करवाना चाहा तो वह मना कर देता था। विधवा बबीता देवी जब अपने देवर पर शादी की बात कहती थी तो वह हमेशा टाल-मटोल करता रहा। अब देवर दूसरी महिला से शादी कर रहा है। पीड़िता बबीता देवी लावालौंग थाना में आवेदन देकर न्याय के गुहार लगायी है। बबीता देवी का कहना है कि मेरे पति की मृत्यु लगभग छह साल पूर्व हो गयी थी। इस समय मेरे माता-पिता जब मुझे दूसरी शादी करने को कहा तो मैं साफ इनकार कर दिया और बोला कि मेरे देवर मेरे साथ शादी करने को तैयार है। मेरा सात साल का बच्चा हैं। इसीलिए मैंने अपने बच्चे के भविष्य के खातिर दूसरी शादी नहीं किया। लेकिन अचानक मेरे देवर मुझसे शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता ने बताई की अगर मुझे न्याय नहीं मिलता है तो मैं जहर या फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर लूंगी। इसका जवाबदेह मेरे ससुराल वाले होंगे।

## सतढेकिया में कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू



**कुजू (आजाद सिपाही)।** करमा क्षेत्र के गंगानगर सतढेकिया में भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ प्रारंभ हो गया। कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो शामिल रहे। यज्ञ स्थल से प्रारंभ कलश यात्रा में शामिल लगभग 251 कन्याओं और महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर देवी देवताओं के जयघोष के साथ बुढाखाप के गांधोनिया स्थित भगवान महादेव मंदिर पहुंचे। जहां यज्ञाचार्य शुभम कृष्ण शास्त्री, पंडित महेन्द्र तिवारी, जनार्दन तिवारी, अशोक तिवारी ने यजमान बने विजय ठाकुर, राजेश ठाकुर, कुलेश्वर ठाकुर, मुकेश ठाकुर, सुनील ठाकुर, सुरेश मुंडा, धानेश्वर महतो, कौलेश्वर महतो, भुनेश्वर ठाकुर सपत्नीक के हाथों वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा अर्चना कराया। जिसके बाद सभी कलशधारी अपने अपने कलश में जल भरकर वापस यह स्थल पहुंचे। जहां यज्ञ मंडप में प्रवेश के साथ कई अनुष्ठानों के बीच कलश को स्थापित किया गय। वहीं, रात्रि में प्रवचन कार्यक्रम के दौरान विदुषी अंजनी गोस्वामी ने कई कथाओं का वर्णन किया। कलश यात्रा मे जिप सदस्य तापेश्वर महतो, मुखिया खागेश्वर महतो, पूर्व मुखिया शक्ति कुमार महतो, मोहरलाल महतो, रामेश्वर महतो, कामेश्वर प्रसाद उर्फ गुड्डू वर्मा, शंकर प्रसाद गुप्ता समेत कई धर्मप्रेमी शामिल रहे।

## मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने की समीक्षा बैठक



**गोला (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण विकास विभाग और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। मंत्री के साथ स्थानीय विधायक ममता देवी भी उपस्थित हुई। इस दौरान सभी अधिकारियों ने अपना कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कार्य रिपोर्ट के दौरान प्रखंड कार्यालय में कार्यरत अबुआ आवास और पीएम आवास के कंप्यूटर ऑपरेटर जमकर फटकार लगाया गया। उनके काम संतोषजनक नहीं पाये गये। मंत्री ने उप विकास आयुक्त को आदेश दिया कि जल्द कंप्यूटर ऑपरेटर को इस पद से हटाते हुए दूसरे काम पर लगाया जाये। वहीं आरइओ के कार्यपालक अभियंता को कार्य में लापरवाही पाये जाने पर फटकार लगाया। साथ ही विभागीय कार्य में किसी तरह की मनमानी बर्दाश्त नहीं किये जाने की बात भी मंत्री ने कार्यपालक अभियंता से कही है। इसके अलावे पंचायत सेवक और रोजगार सेवक को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया। ग्रामीण विकास विभाग मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने संग्रामपुर पंचायत के बेदिया जारा गांव पहुंची। इस दौरान मंत्री ने गोबर गैस से ग्रामीणों दवारा बनाये जाने वाले खाना को देखा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की तारीफ भी की। ग्रामीणों की मांग पर मंत्री ने स्थानीय नाला पर पुल बनाने की घोषणा की।

### डॉ संजय प्रसाद सिंह की नव प्रकाशित पुस्तक 'संस्कृति-संस्कार के सुपथ' का हुआ विमोचन

## पुस्तकें लाइब्रेरी में पुरानी होती हैं, लेकिन उनकी नयी पंक्तियां हमारे जीवन में संस्कार भरती है: अर्जुन मुंडा

### 'संस्कृति-संस्कार के सुपथ' पुस्तक का पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने किया विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** पुस्तकें लाइब्रेरी में पुरानी हो जाती है, लेकिन उनकी नई पंक्तियां हमारे जीवन में संस्कार भरती है। शब्द को भूलने के बाद भी भाव हमेशा बनी रहती है। उक्त बातें सोमवार को रामगढ़ के राधा गोविंद यूनिवर्सिटी में आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कही। उन्होंने डॉ संजय प्रसाद सिंह के द्वारा लिखी गयी 'संस्कृति-संस्कार के सुपथ' नामक पुस्तक का विमोचन किया। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने राधा गोविंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित भव्य पुस्तक विमोचन समारोह में शामिल हुए। पुस्तक के कुछ पन्नों को निहारने के बाद उन्होंने इसे ज्ञानवर्धक बताया और कहा कि यह हमें एक बार सोचने के लिए प्रेरित करती है। पुस्तक पढ़ने के बाद अक्सर हम शब्दों को भूल जाते हैं, लेकिन उनके भाव हमेशा हमारे अंदर रहते हैं।

**अतिथियों का हुआ जोरदार स्वागत :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय में आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे का स्वागत जोरदार किया गया। अतिथियों के आगमन पर सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के द्वारा उन्हें बुके देकर, शॉल ओढ़कर और अंग वस्त्र देखकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, राधा गोविंद और दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह व संचालन डॉ संजय प्रसाद सिंह ने किया।

ये थे उपस्थित विश्वविद्यालय की सचिव प्रियंका कुमारी, फूलमती देवी, प्रति कुलपति प्रो डॉ रश्मि, कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल, वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार के अलावा विजय जायसवाल, दिलीप सिंह, प्रवीण मेहता, प्रो आलोक कुमार, राजू चतुर्वेदी, मनोज मंडल, कमल बगड़िया, संजय प्रभाकर, रंजन कुमार सिंह, कीर्ति गौरव, रविंद्र शर्मा, पंकज सिंह, अमरेंद्र गुप्ता, राजेंद्र कुशवाहा, विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण, कर्मचारीगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### यह पुस्तक समाज को नयी दिशा देगी: बीएन साह

कार्यक्रम का शोभा बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा झारखंड की संस्कृति पर आधारित स्वागत गान, नृत्य एवं संगीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कहा कि डॉ संजय प्रसाद सिंह द्वारा लिखित 'संस्कृति-संस्कार के सुपथ' पुस्तक समाज को नई दिशा-दशा प्रदान करेगा। मैं लेखक की लगन और समर्पण कि रहना करता है।

### विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक होगा पुस्तक: यदुनाथ पांडे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद हजारीबाग के प्रो डॉ यदुनाथ पांडेय ने कहा कि संस्कृति-संस्कार में भारत विश्व गुरु है। उन्होंने 16 संस्कारों के बारे में बताया। ये पुस्तक आने वाले दिनों में विद्यार्थियों के लिए उपयोगी और प्रेरणादायक होगा। समाजसेवी तिलक राज मंगलम ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।


**स्थानीय खरीद हेतु विक्रेताओं को सूचीबद्ध करने के लिए दर अनुबंध में प्रवेश**

**सूचना**

सीएमएस/रांची, जो भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके नाम पर कार्य कर रहे हैं, निविदा संख्या **एमईडीआरएनसी001ए** के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं, जिसकी अंतिम तिथि/समय 01/05/2025 को 15:00 बजे तक है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक ही अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकेंगे। इस निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त कोई भी ऐसा मैन्युअल प्रस्ताव अस्वीकृत कर दिया जाएगा। प्रतिष्ठित औषधि आपूर्तिकर्ताओं/फार्मेसी खुदरा विक्रेताओं/दुकानों/फर्मों/वितरकों से मंडल रेल अस्पताल/रांची, हटिया/दक्षिण पूर्व रेलवे के लिए दवाओं, शल्य चिकित्सा वस्तुओं और उपभोज्य वस्तुओं की स्थानीय खरीद (सीएमएस/आरएनसी के नकद अग्रिम से) हेतु विक्रेताओं के पैनल में शामिल करने के लिए दर अनुबंध में प्रवेश हेतु ऑनलाइन (आईआरईपीएस के माध्यम से) बोलियां खुदरा खरीद आधार पर आमंत्रित की जा रही हैं। औसत खरीद मूल्य रुपये 37.02 लाख/वर्ष (लगभग) है। इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं/विक्रेताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस की खुली निविदा संख्या एमईडीआरएनसी001ए (अंतिम तिथि 01/05/2025) में भाग लें। विवरण/दिशानिर्देशों के लिए वेबसाइट https://www.ireps.gov.in/ पर निविदा के साथ अपलोड किए गए बोली दस्तावेजों का अवलोकन करें।

(PR-62) मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/रांची (हटिया)

दक्षिण पूर्व रेलवे

मुस्कान के साथ सेवा

# अमेरिका-चीन ट्रेड वार

अपने व्यापारिक आक्रमण में एक बड़ी तेजी लाते हुए संयुक्त राज्य अमेरिका ने चीनी आयातों की एक बहुत व्यापक श्रृंखला पर आयात शुल्क को 245 प्रतिशत तक ले जाने वाला व्यापक टैरिफ लगा दिया है, जिससे वर्तमान में चल रहे अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध में तनाव और अधिक बढ़ गया है। ट्रंप प्रशासन ने इस कदम को आवश्यक पुनर्निर्धारण बताया, जिसका उद्देश्य दीर्घकालिक व्यापार असंतुलन को ठीक करना तथा वाशिंगटन द्वारा अनुचित चीनी आर्थिक प्रथाओं पर अंकुश लगाना है। इसके विपरीत, अमेरिका ने एक साथ कई अन्य देशों के लिए पारस्परिक शुल्कों पर 90 दिनों की रोक की घोषणा की है, चीन एकमात्र अपवाद है। यह दोहरी रणनीति बीजिंग को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने के लिए डिजाइन की गयी है, जबकि सहयोगियों और रणनीतिक भागीदारों को राहत प्रदान करते हुए, उन्हें अमेरिका के व्यापक भू-आर्थिक उद्देश्यों के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। फिर भी इसका असर वाशिंगटन और बीजिंग से कहीं आगे तक फैला हुआ है। वैश्विक बाजार उथल-पुथल में है, आपूर्ति श्रृंखलाएं नये तनाव में हैं और व्यापार प्रवाह बाधित हो रहा है, ठीक उसी तरह जैसे विश्व अर्थव्यवस्था महामारी की लंबी छाया के बाद संतुलन हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही है। टैरिफ में नवीनतम वृद्धि संरचनात्मक तनावों में निहित है, जिसने लंबे समय से अमरीका-चीन व्यापार संबंधों को प्रभावित किया है। 2018 में, चीन के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा बढ़ कर 418 बिलियन अमेरिकी डालर हो गया, जो बीजिंग के निर्यात-आधारित विकास मॉडल, सब्सिडी, राज्य-समर्थित ऋण और औद्योगिक अति-क्षमता द्वारा संचालित था, जो अमेरिका की लगातार कम घरेलू बचत दर से और भी बढ़ गया। यहां तक कि 2020 के पहले चरण के सौदे जैसे ऐतिहासिक प्रयास भी स्थायी समाधान देने में विफल रहे। बीजिंग ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए वाशिंगटन के टैरिफ के बराबर ही अमेरिका के प्रमुख निर्यातों पर 125 प्रतिशत ड्यूटी लगायी है, जिसका लक्ष्य कृषि, ऊर्जा और उच्च-स्तरीय विनिर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। इस बीच, अमेरिका वियतनाम और कंबोडिया जैसे तीसरे देशों पर कड़ी निगरानी रख रहा है, उन्हें संदेह है कि वे चीनी सामानों के लिए रूटिंग हब के रूप में काम कर रहे हैं। आर्थिक झटके पहले से ही दिखायी दे रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चेतावनी दी है कि आगे की वृद्धि 2025 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 0.5 प्रतिशत की कमी ला सकती है, जो सैंकड़ों अरबों के उत्पादन के बराबर है। यह चेतावनी ऐसे समय में आयी है, जब वैश्विक विकास नाजुक बना हुआ है, निवेश सुस्त है और मुद्रास्फीति का दबाव लगातार बना हुआ है। इसका एक तात्कालिक परिणाम मुद्रास्फीति की गतिशीलता में बदलाव है। जैसे-जैसे अमेरिकी कंपनियां चीनी आपूर्तिकर्ताओं से दूर होकर दक्षिण-पूर्व एशिया और लैटिन अमेरिका में विकल्पों की ओर रुख कर रही हैं, इन क्षेत्रों में मांग में वृद्धि के कारण कीमतों में उछाल आ सकता है।

**वैश्विक बाजार उथल-पुथल में है, आपूर्ति श्रृंखलाएं नये तनाव में हैं और व्यापार प्रवाह बाधित हो रहा है, ठीक उसी तरह जैसे विश्व अर्थव्यवस्था महामारी की लंबी छाया के बाद संतुलन हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**हम अपनी वास्तविकता को निश्चित रूप से नियंत्रित कर सकते हैं। सबसे पहले हम किसी भी स्थिति पर हमारी प्रतिक्रिया क्या होती है? क्या हम अपनी धारणा बदल सकते हैं और अचानक खुद का सबसे अच्छा संस्करण बन सकते हैं। जीवन की वास्तविकता पर नियंत्रण के लिए यह अपरिहार्य है। हमारे विचार हमारी वास्तविकता में कैसे प्रकट होते हैं, इस पर एक बहुत ही दिलचस्प दृष्टिकोण है। इसे आकर्षण का नियम कहा जाता है।**

# जीवन में आकर्षण के नियम का प्रभाव



**डॉ मयंक मुरारी**

जीवन में हमारी यात्रा का कोई अंत नहीं है। इसलिए हम कभी भी उस स्थान पर नहीं पहुंचेंगे, जहां हम खुद को उस विपरीत अनुभव से अलग करना चाहते हैं जो हमारे ध्यान केंद्रित करने का कारण बनता है। यह मानना होगा कि जीवन जटिल है, कभी-कभी कठिन, अव्यवस्थित और असहनीय। इसका कोई ओर या छोर भी नहीं है। इसमें मनुष्य को अराजकता, शांति, क्रोध, विश्राम, उदासी, खुशी का अनुभव करना ही होगा, चाहे वह कितना भी अपनी स्थिति को अनुकूल बनाये। इस अस्तित्व का ताना-बाना द्वैत पर आधारित है, जैसे कि हम बुराई के बिना अच्छाई नहीं कर सकते, जैसे हम रात के बिना दिन नहीं कर सकते। इसलिए जीवन नामक इस रहस्य में, हम लगातार उत्तरों की खोज कर रहे हैं। हम हमेशा अपने जीवन पर नियंत्रण रखना चाहते हैं, लेकिन हमें नहीं पता होता है कि यह कैसे करे?

हम अपनी वास्तविकता को निश्चित रूप से नियंत्रित कर सकते हैं। सबसे पहले हम किसी भी स्थिति पर हमारी प्रतिक्रिया क्या होती है? क्या हम अपनी धारणा बदल सकते हैं और अचानक खुद का सबसे अच्छा संस्करण बन सकते हैं। जीवन की वास्तविकता पर नियंत्रण के लिए यह अपरिहार्य है। हमारे विचार हमारी वास्तविकता में कैसे प्रकट होते हैं, इस पर एक बहुत ही दिलचस्प दृष्टिकोण है। इसे आकर्षण का नियम कहा जाता है। अधिकतर लोगों का मानना है कि आकर्षण के नियम का संबंध अलौकिक दुनिया से है, लेकिन मुझे लगता है कि यह जीवन का एक बहुत ही सरल, ठोस नियम है। यदि आप नकारात्मक होना चाहते हैं और आप निराशावादी तरीके से जीवन का सामना करना चुनते हैं, तो आप उन घटनाओं, लोगों और अनुभवों को आकर्षित करेंगे, जो आपकी आवृत्ति से मेल खाते हैं। विश्व प्रसिद्ध रचनाकार एस्तेर हिक्स और जैरी हिक्स अपने किताब दी लॉ ऑफ एट्रैक्शन यानी आकर्षण का नियम में बताते है कि हम अपने विचारों, भावनाओं, अपनी पूरी ऊर्जा और ध्यान को कैसे निर्देशित करते हैं। अपने जीवन का निर्माण पूरी तरह से योजनाबद्ध तरीके से कैसे करें, ताकि हम जीवन में जो चाहें उसे आकर्षित और प्रकट कर सकें। अकेले विचार कुछ भी आकर्षित नहीं करेंगे, लेकिन जब आप विचारों में भावनाओं को जोड़ते हैं, तो यह ईंधन की तरह है, जो चीजों को आगे बढ़ाता है।

**सृजन का विज्ञान कहता है कि जो हम सोचते हैं और जिस पर हम विश्वास करता या अपेक्षा करते है। वह जरूर होता है।**

अगर हम सकारात्मक सोचते हैं, तो हमारे साथ सकारात्मक चीजें घटित होंगी। सकारात्मक जीवन की घटनाएं बताती है कि जब हमारे साथ नकारात्मक चीजें घटित होती हैं, तो हमारा सकारात्मक रवैया उन चीजों को कम दुखद घटनाओं में बदल सकता है। हमारे जीवन में जो घटित होता है या हो सकता है। उसको हम अपने दिमाग की शक्ति से नियंत्रित कर सकते है। जीवन में ऐसे तत्व होते हैं, जिन्हें हमारे शक्तिशाली दिमाग से भी नियंत्रित नहीं किया जा सकता। अगर आप सिर्फ ब्रह्मांड के प्रति सकारात्मक रूप से जुड़े होते हैं, तो उसका परिणाम भी बेहद अनुकूल होता है। जीवन में कई बार ऐसा होता है कि हम कहते है कि बाल-बाल बच गये। यह यूं ही नहीं होता है! कई बार अच्छा परीक्षा नहीं होने के बाद भी परिणाम अनुकूल आता है। यह तभी होता है, जब हम ब्रह्मांड की रचना से साकारात्मक रूप से जुड़े होते हैं।

सृजन का विज्ञान कहता है कि जो हम सोचते हैं और जिस पर हम विश्वास करता या अपेक्षा करते है। वह जरूर होता है। इसका अर्थ यह है कि हम जो सोचते हैं, वही हमको मिलता है, चाहे हम उसे चाहें या नहीं। मैं पूरी तरह से मानता हूं कि हमारे दिमाग और शरीर शक्तिशाली हैं। यह वैज्ञानिक रूप से सिद्ध है कि यदि हम लगातार तनाव में रहते हैं, तो हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली कम हो जाती है, जो तब स्पष्ट रूप से आपको बीमारियों और रोगों के जोखिम में डालती है। इसलिए मैं यह भी समझ सकता हूं कि हमारे विचार आदि हमें कैसे बीमार कर सकते हैं। लेकिन इसके अलावा भी बहुत कुछ है। हम ब्रह्मांड में सकारात्मक विचारों से जो कुछ भी भेजते हैं, वह हमारे पास वापस आता है, कम से कम दस गुना। यह कुछ हद तक विचार-कर्म और सकारात्मक सोच की तरह है। चूंकि ब्रह्मांड का संतुलन सकारात्मकता के कारण है, इसलिए इसका होना अवश्यसंभावी है। हम विचार शक्ति के माध्यम से अपने जीवन के कई समस्याओं का समाधान कर सकते है।

हमारे विचार और भावनाएं सीधे हमारे अनुभवों को प्रभावित करती हैं। रोंडा बर्न अपनी प्रसिद्ध पुस्तक रहस्य में कहती है कि आकर्षण का नियम इस पर निर्भर करता है कि हम अपने जीवन में क्या आकर्षित करना चाहते हैं, इस बारे में फिर से कैसे सोचना है। विचार शक्तिशाली होते हैं और जिस तरह हम आसानी से समृद्धि, खुशी और प्यार को आकर्षित कर सकते हैं, उसी तरह हम अपने जीवन में इसके ठीक विपरीत को भी आकर्षित कर सकते हैं। मन में बहुत शक्ति है। मेरा मानना है कि हम सभी इस सृष्टि में अस्पष्ट तरीकों से जुड़े हुए हैं। चारों ओर देखिए। हम जीवित जीवों, सितारों, आकाशगंगाओं, धूल के बादलों, प्रकाश और बहुत कुछ से घिरे हुए हैं - ब्रह्मांड हर चीज में मौजूद है। फिर भी इसका जन्म और विकास सबसे बड़े रहस्यों में से एक है। हम जो सोचते हैं, महसूस करते हैं या क्रियाशल होते हैं, उसका सार आकर्षित करते हैं। यदि आप सकारात्मक सोचते हैं, तो आप सकारात्मक को आकर्षित करते हैं। यदि आप नकारात्मक सोचते हैं, तो आप नकारात्मक को आकर्षित करते हैं। यदि हम गरीब महसूस करते हैं, तो आप समृद्धि को आकर्षित नहीं कर सकते, इत्यादि। यह नियम का उल्लंघन करता है। रोंडा बर्न बताती है कि विचार चुंबकीय होते हैं और विचारों की एक आवृत्ति होती है। जैसे ही हम सोचते हैं, वे विचार ब्रह्मांड में भेजे जाते हैं और यह चुंबकीय रूप से उन सभी चीजों को आकर्षित करते है जो समान आवृत्ति पर हैं। भेजी गयी हर चीज स्त्रोत पर वापस लौटती है और यदि वह स्त्रोत हम हैं।



**हमारे विचार और भावनाएं सीधे हमारे अनुभवों को प्रभावित करती हैं। रोंडा बर्न अपनी प्रसिद्ध पुस्तक रहस्य में कहती है कि आकर्षण का नियम इस पर निर्भर करता है कि हम अपने जीवन में क्या आकर्षित करना चाहते हैं, इस बारे में फिर से कैसे सोचना है। विचार शक्तिशाली होते हैं और जिस तरह हम आसानी से समृद्धि, खुशी और प्यार को आकर्षित कर सकते हैं, उसी तरह हम अपने जीवन में इसके ठीक विपरीत को भी आकर्षित कर सकते हैं।**

## कोल्हान की खबरें

### बिस्टुपुर में श्रीलेदर्स के संस्थापक स्व. सुरेश चंद्र डे की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सह श्रीलेदर्स के संस्थापक स्व. सुरेश चन्द्र डे की 114वीं जयंती के अवसर पर बिस्टुपुर स्थित श्रीलेदर्स शोरूम परिसर में भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को भव्य श्रद्धांजलि समारोह में कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय स्कूली छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत से हुई। मौके पर पूरा क्षेत्र का वातावरण भावनात्मक और प्रेरणादायक बन गया।इस अवसर पर श्रीलेदर्स परिवार के सदस्यों के साथ शहर के कई गणमान्य अतिथियों और नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने बारी बारी से संस्थापक के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। श्रीलेदर्स के पार्टनर एवं संस्थापक के सुपुत्र शेखर डे ने कहा 1952 में हमारे पिताजी ने साकची में जो सपना देखा था, वह आज एक सशक्त व्यवसायिक पहचान में बदल चुका है। श्रीलेदर्स न केवल एक ब्रांड है, बल्कि यह लाखों लोगों की आजीविका से जुड़ा एक भरोसेमंद नाम बन चुका है। हम संस्थापक की दूरदर्शी सोच के अनुरूप गुणवत्ता और सहजता के साथ देशभर में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। श्रीलेदर्स का नेटवर्क वर्तमान में झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित कई राज्यों में फैला हुआ है। कंपनी अन्य राज्यों में भी अपने विस्तार की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इस अवसर पर शेखर डे के साथ ज्योत्सना डे, बरुण डे, मीरा शर्मा, प्रीतिलेखा रॉय, भास्कर मित्रा, सुरोजित चटर्जी, पीके नंदी सहित अन्य अतिथियों के साथ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### श्रम अधीक्षक ने ठेका मजदूर को दिलाया 1.15 लाख का चेक



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** परसुडीह सरजामदा निवासी जयपाल सामड बीते 18 वर्षों तक सेवा देने के बाद टाटा मोटर्स के ठेकेदार आइ अहमद एंड संस द्वारा फाइनल सेटलमेंट की राशि नहीं दी जा रही थी। इस अन्याय के खिलाफ सामाजिक सेवा संघ ने आवाज उठाते हुए तत्परता के साथ मामले को श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर के समक्ष प्रस्तुत किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रम अधीक्षक ने उचित कार्यवाही करते हुए ठेका प्रबंधन से जयपाल सामड का फाइनल सेटलमेंट राशि 1.15 लाख का चेक प्रदान की। इस सराहनीय उपलब्धि में सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत, झारखंड आंदोलनकारी नेता राज लकड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता छोटे सरदार समेत कई अन्य गणमान्य लोगो का अहम भूमिका रही। अध्यक्ष राजेश सामंत ने स्पष्ट कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन सदैव तत्पर रहेगी।

# मंत्री हफीजुल हसन अंसारी के विवादित बयान के खिलाफ भाजपा ने किया प्रदर्शन

**मंत्री का बयान देश की एकता पर सीधा हमला : अमरप्रीत सिंह काले**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी द्वारा शरीयत को भारतीय संविधान से बड़ा बताने वाले विवादित बयान के खिलाफ भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा जिला उपायुक्त कार्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। सोमवार को महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व मे प्रदर्शन के दौरान सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक पूर्णिमा दास साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में इस बयान की घोर निंदा की और इसे संविधान, लोकतंत्र तथा देश की एकता पर सीधा हमला करार दिया। प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कहा मंत्री का यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं बल्कि देश की संवैधानिक मर्यादा के विरुद्ध है। एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति यदि ऐसे बयान देते है तो यह दर्शाता है वह उस पद के योग्य नहीं है। यह देश की एकता व सामाजिक समरसता को चोट पहुंचाने वाला बयान है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने डीसी के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर मंत्री हफीजुल हसन अंसारी के विरुद्ध कठोर और त्वरित कार्रवाई के लिए मांग की। विरोध प्रदर्शन में जनाक्रोश की स्पष्ट झलक देखने को मिली। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, विभिन्न मंडलों के अध्यक्षगण, पदाधिकारी सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही।




# साकची आमबगान मैदान में फन वर्ल्ड डिजनीलैंड मेला 23 से

**सुनामी झूला, रिवॉल्विंग चेयर और सिंगापुर एयरलाइंस का द्वार होगा मुख्य आकर्षण का केंद्र : चंद्रशेखर पर्वत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारत का प्रसिद्ध मनोरंजन मेला फन वर्ल्ड डिजनीलैंड हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 23 अप्रैल से साकची आमबगान मैदान में भव्य रूप से प्रारंभ होगा। सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में आयोजक चन्द्रशेखर पर्वत ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा मेले का उद्घाटन 23 अप्रैल के शाम जमशेदपुर के सिटी एसपी कुमार शिवाशिष के द्वारा की जायेगी। सम्मानित आथिति में उप पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार चौधरी, डीएसपी भोला प्रसाद सिंह, डीएसपी नीरज कुमार, डीएसपी मनोज कुमार ठाकुर व साकची थाना प्रभारी आनंद कुमार मिश्रा उपस्थित रहेंगे। चंद्रशेखर पर्वत ने बताया इस वर्ष मेले का मुख्य आकर्षण सुनामी झूला, रिवॉल्विंग चेयर झूला और सिंगापुर एयरलाइंस के मुख्य द्वार का मॉडल होगा। जो दर्शकों के लिए एक अलग ही अनुभव लेकर आयेगा। साथ ही टोरा टोरा और अन्य मनोरंजक झूले भी बच्चों एवं युवाओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। फन वर्ल्ड डिजनीलैंड मेले में हस्तशिल्प उत्पाद, कॉटन गारमेंट्स, महिला, पुरुष व बच्चों के परिधान, फर्नीचर सेल और देशभर की विविध संस्कृतियों की झलक प्रस्तुत करने वाले हैंडीक्राफ्ट्स स्टॉल लगाये जायेंगे। श्री पर्वत ने बताया यह मेला न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का माध्यम है बल्कि हजारों कुशल बेरोजगारों के लिए रोजगार का एक मजबूत प्लेटफॉर्म भी है। उन्होंने कहा गर्मी की छुट्टियों में यह मेला परिवार के साथ खरीदारी, स्वादिष्ट व्यंजनों और रोमांचक झूलों का आनंद लेने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है। इस आयोजन से जुड़ी हर खरीददारी स्थानीय शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा फन वर्ल्ड डिजनीलैंड वास्तव में मिनी भारत की झलक पेश करता है। देश की एकता, संस्कृति और रोजगार संवर्धन में अपना एक मौलिक और अदृश्य योगदान देता है। संवाददाता सम्मेलन में आयोजक चन्द्रशेखर पर्वत के साथ शत्रुघ्न गिरी, एडवोकेट समरेन्द्र सिंह और कौशल किशोर पर्वत उपस्थित रहे।



### गोविंदपुर झारखंड क्षत्रिय संघ ने विनय सिंह के हत्यारों के अविलंब गिरफ्तारी की मांग की



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड क्षत्रिय संघ गोविंदपुर इकाई की एक अहम बैठक अध्यक्ष अशोक सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में करणी सेवा के प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह की निर्मम हत्या की कड़ी शब्दों में निंदा की गयी। संघ के सदस्यों ने इस घटना को समाज के लिए अत्यंत पीड़ादायक और चिंताजनक बताया। उन्होंने जिला प्रशासन से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि स्व. विनय सिंह जैसे समर्पित समाजसेवी की हत्या न केवल क्षत्रिय समाज बल्कि पूरे राज्य के लिए बड़ी क्षति है। दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। बैठक के दौरान जुगसलाई व कदम विजय उत्सव कार्यक्रम में संघ की सक्रिय भागीदारी को लेकर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर रामनवमी सिंह, जय कुमार सिंह, दिनेश सिंह, श्याम किशोर सिंह, जालंधर सिंह, आसान सिंह, शंभू सिंह, गणेश सिंह, मनीष सिंह, अरविंद सिंह एवं जितेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर न्याय की मांग करते हुए समाज में सुरक्षा और सौहार्द बनाये रखने का संकल्प दोहराया।

### मानगो एकता नगरवासियों को मिला सप्लाई पानी, लोगों ने सरयू राय का जताया आभार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** विधायक सरयू राय के पहल पर मानगो शंकोसाइ रोड नंबर 5 स्थित एकता नगर रोड नंबर 2 के निवासियों को बड़ी राहत मिली है। नगरवासियों के घरों में तीन वर्षों तक लंबे इंतजार के बाद सप्लाई पानी पहुंचा।स्थानीय लोगो ने वर्षों से पेयजल संकट झेल रहे थे।उन्होंने इस गंभीर समस्या की जानकारी विधायक सरयू राय को दी।विधायक श्री राय ने जनता की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और मानगो नगर निगम के अधिकारियों से संपर्क कर स्थायी समाधान निकालने का निर्देश दिया। विभागीय जांच में मेन लाइन से जुड़ी सर्विस लाइन का इंटरकनेक्शन एकता नगर रोड नंबर 2 में पूरी तरह से छूटा हुआ था। जिसके कारण इलाके में पानी की आपूर्ति ठप थी। विधायक सरयू राय के हस्तक्षेप और सतत प्रयास से वर्षों से लंबित यह तकनीकी समस्या अब पूरी तरह से हल हो चुकी। सोमवार को पानी की आपूर्ति बहाल होते ही बस्तीवासियों के चेहरे पर खुशी झलक उठी। लोगों ने अपने घरों में बहता पानी देखकर राहत की सांस ली। मौके पर बस्ती वासियों ने विधायक सरयू राय के प्रति आभार प्रकट की।

## बीडीएसयू परिसर में निः शुल्क सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन

# 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे





**ऐसे आयोजन से समाज में दहेज प्रथा जैसी व्याप्त कुरीतियां समाप्त होंगी : पीडीजे**

**ऐसे पुनीत कार्य में लगे सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं: एसडीएम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट अंतर्गत संचालित बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 21 अप्रैल सोमवार को परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम निःशुल्क सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस निःशुल्क सामूहिक विवाह कार्यक्रम का प्रारंभ परमपूज्य अवधूत प्रियदर्शी राम जी बाबा द्वारा परमपूज्य कीनाराम जी और अवधूत भगवान राम जी का पूजन और माल्यार्पण के साथ मुख्य अतिथि प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश, गढ़वा नलिन कुमार, सदर एसडीएम संजय कुमार, सामूहिक विवाह के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ एमके सिंह द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विवाह का कार्यक्रम प्रातः नौ बजे से प्रारंभ हुआ। जिसमें बाहर से आये हुए विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रो उच्चारण के साथ विवाह की रस्म पुरे रीतिरिवाज से पूर्ण कराया गया तथा दोपहर 2:00 बजे सभी नवविवाहित जोड़ों को परमपूज्य अवधूत प्रियदर्शी राम जी बाबा एवं मुख्य अतिथियों के साथ साथ समिति के अध्यक्ष और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एमके सिंह, वनांचल एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी पवन कुमार एवं प्रेरणा परमार्थ आश्रम, प्रयागराज व रेहला से आये हुए परमार्थीयों द्वारा आशीर्वाद के पश्चात उपहार प्रदान कर वर वधु की विदाई की गयी। उपहार के तौर पर वर पक्ष को जीवन यापन हेतु घरेलु उपयोगी सभी सामान भेंट किया गया। जिसमें साइकिल, पलंग, तोसक, बर्तन सेट, पंखा, वर वधु का कपड़ा इत्यादि लगभग सभी सामान दिया गया।

इस विवाह समारोह में सभी वर-वधुओं के साथ उनके परिजनों के 25-25 लोगों को इस विवाह में आमंत्रित किया गया था।

इस मौके पर मुख्य अतिथि पीडीजे ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति द्वारा कराये जा रहे इस प्रकार का सामाजिक कार्य प्रशंसनीय और सराहनीय है। इनके द्वारा किये गये कार्य से समाज में दहेज प्रथा की जो कुरीति व्याप्त है वह समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि मैं यह कामना करता हूं कि इसी तरह सामाजिक कार्य को करते रहें। मुख्य अतिथि के अलावा गढ़वा न्यायालय के वरिष्ट अधिवक्ता गौतम कृष्णा सिन्हा, प्रमोद सोनी, रजिस्ट्रार महेंद्र पंडित इत्यादि ने कार्यक्रम में सिरकत की तथा नवविवाहित जोड़ों को अपना आशीर्वाद दिया। विवाह समिति के अध्यक्ष सह बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि यह सभी सामाजिक कार्यक्रम प्रात स्मरणीय महान कर्म योगी औघर सुधीर भैया के देखरेख में अब तक आयोजित किया जाता रहा। इसी क्रम में आज 51 जोड़े वर वधुओं का विवाह संपन्न कराया गया। प्रेरणा परमार्थ आश्रम द्वारा अन्य सामाजिक कार्य निरंतर चलते आ रहा है। जिसमें गंगा सफाई, रोटी बैंक, जाड़े के दिनों में गर्म कपड़ों और कंबलो इत्यादि का वितरण भी किया जाता है।

विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा भी सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए परमपूज्य अवधूत प्रियदर्शी रामजी बाबा, विभिन्न स्थानों से आए परमार्थीयों और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद् दिया और कहा कि ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2011 से लगातार यह कार्यकर्म चलता आ रहा है। बाबा के नेतृत्व में आगे भी चलता रहेगा। मंच का संचालन पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ पीडी तिवारी ने किया। ट्रस्ट के ट्रस्टी पवन कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम निः शुल्क सामूहिक विवाह का समापन हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन में प्रवीण कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, रंधीर कुमार सिंह, धीरज सिंह, शंभु राम, मनोज सिंह, हरेंद्र सिंह सभी कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र छात्राए, पदाधिकारीगण, कर्मचारीगण और परमार्थीगणों का सराहनीय योगदान रहा।

# मंत्री हफीजुल हसन के संविधान विरोधी बयान पर गढ़वा में उबाल, मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग

## हाथ में तख्ती लेकर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने आक्रोश मार्च निकाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के संविधान विरोधी बयान को लेकर चिनियां रोड नहर चौक से समाहरणालय गढ़वा तक पार्टी का झंडा और हाथ में तख्ती लेकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आक्रोश मार्च निकाला। कार्यक्रम के दौरान संविधान विरोधी मंत्री हफीजुल हसन को बर्खास्त करो... बाबा भीमराव अंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा.. हेमंत सरकार हाय हाय.. आदि अनेकों नारे लगाये गये। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया। विगत दिनों मंत्री हफीजुल हसन ने कहा था कि मेरे लिए शरीयत पहले है बाद में संविधान हैं। जिसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुरे प्रदेश में आक्रोश मार्च किया। इस दौरान गढ़वा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आक्रोश मार्च किया और राज्यपाल के नाम उपायुक्त गढ़वा को मांग पत्र सौंपा। जिसमें झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन को संविधान विरोधी बयान देने पर सरकार से बर्खास्त करने का मांग किया है।

मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर ने देश चलाने के लिए संविधान बनाया जिसे झामुमो सरकार में बैठे लोग अपमानित करने का काम कर रहे हैं भारत देश संविधान से चलते आ रहा है लेकिन झामुमो के मंत्री पहले संविधान नहीं बल्कि शरीयत को मानने की बात बोल कर बाबा भीमराव अंबेडकर सहित तमाम आम जनमानस का अपमान किया है। ऐसे लोगों को मंत्री बनने का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि झामुमो के लोग झारखंड में शरीयत लागू करना चाहते हैं लेकिन भाजपा कार्यकर्ता बाबा भीमराव अंबेडकर के बनाये संविधान के साथ मजबूती से खड़ा है। वक्फ बोर्ड संशोधन फैसले के खिलाफ भी मंत्री का धमकी भरा बयान से संविधान का अपमान किया गया है। बाबा भीमराव अंबेडकर ने किसी भी कानून में संशोधन का अधिकार संसद को दिया है लेकिन झामुमो सरकार के मंत्री हफीजुल हसन लगातार संविधान का अपमान कर हैं। भाजपा वरिष्ठ नेता मुरारी यादव ने कहा कि मंत्री हफीजुल हसन ने जिस तरह का बयान दिया है इससे इनका देश द्रोही चरित्र उजागर हो रहा है। केंद्रीय एजेंसी से इनके कार्य का जांच होनी चाहीए। उन्होंने कहा कि पुरे देश के साथ साथ झारखंड भी संविधान से ही चलेगा। किसी भी कीमत पर शरीयत लागू नहीं होने दिया जायेगा। पुर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि झामुमो कांग्रेस महागठबंधन सरकार शरीयत लागू करने के लिए साजिश रचने में लगी हुई हैं उनका यह मंशा सफल नहीं होगा। संविधान बचाने के लिए सड़क से सदन तक आंदोलन जारी रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय चौबे विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी अरविंद तुफानी जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता उमेश कश्यप रामलला दुबे सुरेंद्र राम टिंकू गुप्ता, रितेश दुब, जयंत पांडेय, शुभम गुप्ता सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।




## कुआं में डुबने से नाबालिग की मौत

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अरसली उतरी के खडार टोला में रविवार की रात करीब सात बजे कुआं में डूबने से एक नाबालिग बच्चे की मौत हो गयी। मृतक खडार टोला निवासी जुबेर अंसारी के 12 वर्षीय पुत्र एहसान अली है। उसके साथ खेल रहे अन्य बच्चों ने एहसान को कुआं में डूबने की जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने काफी मशक्कत के बाद उसे कुआं से बाहर निकालकर ईलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना के एसआई दिनेश सिंह व नारायण प्रसाद अस्पताल पहुंचे।

# बारातियों से भरी कमांडर जीप पलटी, एक की मौत, कई घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** डंडई थाना क्षेत्र के लवादोनी और चिनिया पहाड़ी में रविवार की रात करीब 10 बजे उस वक्त खुशी का माहौल मातम में बदल गया, जब बारात लेकर आ रही एक कमांडर जीप लवादोनी पहाड़ी में अनियंत्रित होकर तीन बार पलट गयी। इस हादसे में रंका थाना क्षेत्र के हूंनहेकला गांव निवासी 60 वर्षीय शिवनाथ यादव की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर हो गयी, जबकि 65 वर्षीय दुखी यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना इतनी भयावह थी कि कई लोगों ने वाहन से छलांग लगा कर अपनी जान बचायी। इस दुर्घटना में दो-तीन अन्य लोग भी घायल हुए हैं। घटना के बाद कमांडर चालक भागने में सफल रहा। चिनिया पहाड़ी का सड़क को संकीर्ण व काफी ऊंची होने के कारण हमेशा सड़क में दुर्घटना होते रहती है। इसके कुछ माह पूर्व एक ट्रैक्टर को अनियंत्रित होकर पहाड़ी के खाई पलट गयी थी। जिससे ड्राइवर की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी थी। उधर घटना की खबर से बाराती पक्ष वालों साथ-साथ घराती पक्ष वालों के बीच भी मातम छा गया।



## आयुष्मान कार्ड को लेकर स्वास्थ्य सहिया के साथ बैठक

**मेराल (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में सोमवार को आयुष्मान कार्ड को लेकर समीक्षा बैठक स्वास्थ्य सहिया के साथ किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में डॉ दीपक कुमार सिन्हा, दीपेश तिवारी, गोवर्धन शर्मा सहित सभी स्वास्थ्य सहिया रहे। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला मुख्यालय में डीसी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिक से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया था ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस योजना का लाभ ले सकें। उन्होंने वंचित लोगों से आयुष्मान कार्ड यथाशीघ्र बनवाकर योजना का लाभ लेने की अपील किया है।

## बाइक दुर्घटना में युवक घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़वा चट्टान स्थित शिवपूजन पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की अहले सुबह मुख्य पथ पर बाईक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक यूपी के शाहगंज निवासी पिंटू बियार पिता रामचंद्र रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा उसका नाम पता कर परिजनों को सूचित करने के बाद अस्पताल पहुंचे परिजन उसे बेहतर ईलाज हेतु राबर्ट्सगंज ले गये।

## जिला के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

# एयर फोर्स : अग्निवीर वायु म्यूजिशियन पदों के लिए आनलाइन आवेदन शुरू

**उम्मीदवार इस भर्ती के लिए 21 अप्रैल से 11 मई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** इंडियन एयरफोर्स ने अग्निवीर वायु (म्यूजिशियन)के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगा है। उम्मीदवार इस भर्ती के लिए 21 अप्रैल से 11 मई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवार को इंडियन एयर फोर्स की ऑफिसियल वेबसाइट agnipathvayu.cdac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के बाद केवल रजिस्टर्ड उम्मीदवारों को ही प्रोविजनल एडमिट कार्ड जारी किया जायेगा। इसे लेकर रैली स्थान पर पहुंचना होगा। रैली का आयोजन 10 जून से 18 जून के बीच 2 एएससी रेस कोर्स कैंप, एयरफोर्स स्टेशन न्यू दिल्ली और 7 एएससी, No.1 कुब्बोन रोड, बेंगलुरु में किया जायेगा। इन पदों के लिए वहीं उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं, जो अविवाहित हैं और उम्मीदवार ने किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 10वीं की परीक्षा में सफलता पायी हो। उम्मीदवारों को म्यूजिक की समझ होनी चाहिए। उम्मीदवारों को टेम्पो, पिच और गायन में सटीकता के साथ संगीत में दक्षता होनी चाहिए। इसी के साथ उम्मीदवारों को वाद्य यंत्र का भी अच्छा ज्ञान होना चाहिए साथ ही उम्मीदवारों को फ्लूटयनी बांसुरी / पिकोलो, ओबो, शहनाई आदि की समझ होनी चाहिए।

इसके लिए उन्हें संगीत अनुभव प्रमाणपत्र के रूप में किसी मान्यता प्राप्त संगीत संस्थान जैसे टीसीएल या आरएसएम, केएम म्यूजिक कंजर्वेटरी, बैंगलोर स्कूल ऑफ म्यूजिक, टीएसएम, जीएमआई, बर्कली स्कूल ऑफ म्यूजिक आदि से किसी एक वाद्ययंत्र में ग्रेड 5वीं या समकक्ष या उससे ऊपर या नहीं तो किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदुस्तानी और कर्नाटक शास्त्रीय संगीत प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों के लिए संगीत के क्षेत्र में डिप्लोमा या समकक्ष या विभिन्न कार्यक्रमों में प्रदान किये गये भागीदारी प्रमाण पत्र/पुरस्कार, इनमें से किसी एक चीज में उन्हें अनुभव होना चाहिए।

# ड्यूटी के दौरान होमगार्ड पर जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडरिया-मोहम्मदगंज मार्ग स्थित उतर कोयल भीम बराज पर रविवार की शाम एक बड़ी घटना सामने आयी। होमगार्ड जवान तपेंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह के ऊपर ड्यूटी के दौरान जानलेवा हमला किया गया। इस मामले में कांडी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही हमले में प्रयुक्त ब्लैक स्कॉर्पियो (संख्या JH03AR 1752) को भी जब्त कर लिया गया है। थाना प्रभारी अविनाश राज ने जानकारी देते हुए बताया कि घायल होमगार्ड द्वारा दिये गये लिखित आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 38/25 दिनांक 21/04/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार शाम करीब 6 बजे होमगार्ड जवान भीम बराज पर एंटी क्राइम चेकिंग कर रहे थे, तभी एक ब्लैक स्कॉर्पियो से हरिगोविंद तिवारी (पिता रामाशिष तिवारी, ग्राम खोरीडिह, थाना मेराल) और सुरज पांडेय (पिता सियाराम पांडेय, ग्राम कुशहा पतहरिया, थाना कांडी) पहुंचे और जवान के सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गये। सूत्रों के अनुसार, कोयल नदी पर बने भीम बराज पर दोनों तरफ बैरियर लगे हुए हैं। बरातियों और वाहन चालकों द्वारा बैरियर हटाकर बड़े वाहनों और डीजे लोड गाड़ियों को पार कराने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ। इसी विवाद के दौरान होमगार्ड के साथ मारपीट की गयी। सूचना मिलते ही कांडी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को पकड़कर न्यायिक प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया।



# पटाखा जांच : एसडीओ ने चार दुकानों में की छापेमारी

**रात्रि 10 बजे के बाद बिना अनुमति आतिशबाजी न करें : एसडीएम**

**अस्पताल, न्यायालय, विद्यालय आदि से 100 मीटर दायरे में नहीं छोड़ें पटाखे**

**हर्ष फायरिंग है अपराध : गिरफ्तारी, लाइसेंस निरस्तीकरण, हथियार जब्ती की हो सकती है कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने एहतियात के तौर पर एक बार फिर शहर में अवैध पटाखा विक्री की जांच को लेकर औचक छापेमारी की। गढ़वा में जिन चार दुकानों में छापेमारी की गई उन सभी दुकानों में पूर्व में अवैध रूप से बड़ी मात्रा में पटाखों की अवैध बिक्री का आरोप था। हालांकि इस छापेमारी के दौरान इन सभी दुकानों में किसी भी रूप में पटाखा या कोई अन्य विस्फोटक नहीं मिला। इन दुकानदारों ने बताया कि होली के आसपास की गयी एसडीएम की छापेमारी के बाद इन्होंने इस व्यवसाय को छोड़ दिया था। इस पर संजय कुमार ने उन सबको चेतावनी देते हुए अपने आदेश को दोहराते हुये कहा कि बिना लाइसेंस पटाखे बिक्री नहीं होने चाहिए, अगर चोरी छिपे बेचते हुए बाद में कभी पकड़े गए तो उन पर कड़ी कार्रवाई होगी।



**आम नागरिकों से अपील, देर रात तक आतिशबाजी न करें :** उन्होंने कहा कि हाल में कुछ दिनो से देखने को मिल रहा है कि बारात आदि में रात 12 बजे तक या कई बार तो इससे भी देर रात तक पटाखे फोड़ने की सूचनाएं मिल रहीं हैं। आधी रात के बाद भी कुछ लोगों के इस कृत्य से न केवल हजारों लोगों की नींद खराब होती है बल्कि कई बार विधि व्यवस्था की असहज स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। इस पर सदर अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि यदि रात्रि 10 बजे के बाद पटाखे, आतिशबाजी का मामला संज्ञान में आता है तो ऐसे लोगों पर संबंधित थाना प्रभारी वायु प्रदूषण निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करेंगे।

**साइलेंस जोन में नहीं फोड़ें पटाखे :** एसडीएम ने आमजन से अपील की कि अस्पताल, न्यायालय, विद्यालय, पूजा स्थल आदि साइलेंस जोन वाले परिसरों से 100 मीटर के अंदर आतिशबाजी न करें। अत्यंत भीड़भाड़ वाले घने इलाकों या पेट्रोल पंप, गैस गोदाम आदि जैसे ज्वलनशील परिसरों के इर्द-गिर्द भी आतिशबाजी न करें।

**हर्ष फायरिंग अपराध है, इससे बचें :** अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि एक असामाजिक परंपरा चली आ रही है कि शादी विवाह या अन्य आयोजनों के अवसर पर लोग हर्ष फायरिंग करते हैं, इस कृत्य से कई बार आगजनी की घटनाएं, घायल होने की घटनाएं तथा कई बार तो गोली लगने से मौके पर हताहत होने जैसी घटनाएं भी प्रकाश में आती हैं, जिससे विधि-व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है।

उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपील की कि अभी लगातार शादी विवाह आदि का समय चल रहा है, इन आयोजनों में हर्ष फायरिंग न करें, क्योंकि ऐसा करना दंडनीय अपराध है। उल्लंघन कताओं पर गिरफ्तारी, हथियार जब्ती और लाइसेंस निरस्तीकरण आदि की कार्रवाई की जायेगी।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell**

**Short e-Procurement Notice**

**Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 04 /2025-26** **Date:-21-04-2025**

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundary Wall UPV Ber Tola Chepakhurd Panchayat Darikalan Block Barkagaon Hazaribag | 1667600/- | 34000/- | 5000/- | 3 Month |
| 2 | Renovation work for Primary School Hindi Kanya School Badam Block Barkagaon, Hazaribag | 2434400/- | 49000/- | 5000/- | 3 Month |
| 3 | Construction of Aanganbadi Kendra ,Turoan, Panchayat- pouta , Block- Sadar, Dist- Hazaribag (20360080219) | 1108200/- | 23000/- | 2500/- | 04 Month |
| 4 | Fencing Jali in Nursery Pond Nura Matsya Parikshetra at Hazaribag for the year 2023-24 | 1044100/- | 21000/- | 2500/- | 2 Month |
| 5 | Renovation for Girls Hostal to ITI College Campus Sindur at Hazaribag | 2494900/- | 50000/- | 5000/- | 3 Month |
| 6 | Construction of open Parking Shed (Two Units) located in the Campus of ITI , Hazaribag | 2102250/- | 43000/- | 5000/- | 3 Month |
| 7 | Repair of Dispensary Building located in the Campus of ITI at Hazaribag | 1517550/- | 31000/- | 5000/- | 3 Month |
| 8 | Construction of Kitchen Cum Store in U.M.S kaladawar Barkakhurd , Block-Ichak , District- Hazaribag | 1944650/- | 39000/- | 5000/- | 4 Month |
| 9 | Renovation for Utkramit Primary School Tara(Dumraun) , Block-Ichak at Hazaribag for the year 2024-25 | 2027900/- | 41000/- | 5000/- | 3 Month |
| 10 | Renovation for Nav Primary School Jumuniya Tar(Dumraun) , Block-Ichak at Hazaribag | 2364600/- | 48000/- | 5000/- | 3 Month |
| 11 | Construction of Kitchen cum Store in Government Middle School Dumron, Block- Ichak, District- Hazaribagh. | 2468400/- | 50000/- | 5000/- | 4 Month |
| 12 | Construction of Cycle shed , Campus development ,PCC , paver block etc of Government Middle School Dumron, Block- Ichak, District- Hazaribagh. | 2469000/- | 50000/- | 5000/- | 4 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 29-04-2025 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 06-05-2025 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | **06546-225723** |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

**Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag**

PR 350761 (Building)25-26*D

## बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** बालू के अवैध खनन, परिवहन और व्यापार के विरुद्ध डीएमओ राजाराम प्रसाद की अगुवाई में छापामारी अभियान चलाया गया। सदर थाना क्षेत्र के लोहरदगा बगड़ू सड़क पर दो अवैध बालू लोडेड स्वराज कंपनी का ट्रैक्टरों को अलग-अलग जब्त किया गया। जब्त ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन नंबर और ट्रॉली नंबर नहीं था। खनन विभाग की फौरी कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप व्याप्त है। अवैध बालू लोडेड जब्त ट्रैक्टरों के मालिक और चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने की शुरू कर दिया गया है।

बताया गया कि डीएमओ राजाराम प्रसाद ने इस संदर्भ में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए सदर थाना में जरूरी दस्तावेज दे दिया है। खनन विभाग की ओर से प्राथमिक की दर्ज करने का आदेश संबंधित थाने की पुलिस को दिया गया है। बावजूद बालू माफिया द्वारा मामले को रफा दफा करने के लिए राजनीतिक पैरवी और दवाव बनाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार डीएमओ राजाराम प्रसाद को बालू के अवैध खनन परिवहन और दोहन करने की लगातार सूचना मिल रही थी। इसको लेकर सघन छापामारी अभियान सुनियोजित ढंग से गत मध्य रात्रि चलाया गया। बताया गया कि नदी घाट से रात्रि को अवैध तरीके से बालू का खनन और परिवहन कर रहे दो अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर को लोहरदगा बगड़ू मार्ग पर मौके से जब्त किया गया। डीएमओ की टीम का क्षेत्र में निकलने की भनक मिलते ही कई ट्रैक्टर फरार हो गया। इस संदर्भ में पूछे जाने पर डीएमओ राजाराम प्रसाद ने खनन विभाग के छापामारी की पुष्टि करते हुए कहा कि खनिज, पत्थर और बालू के खनन परिवहन और अवैध दोहन के विरुद्ध अभी लगातार छापामारी किया जायेगा।

# मनरेगा मजदूरों को तीन माह से नहीं हो रहा भुगतान

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भारत सरकार द्वारा संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत संचालित मनरेगा योजना अब पूरी तरह से विफल हो रही है साबित। मनरेगा योजना भारत में सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम माना जाता है।

मनरेगा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष कम से कम 100 दिनों की गारंटीकृत रोजगार प्रदान करती है। जिससे वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक मदद करने के लिए तैयार है। लेकिन भारत सरकार के द्वारा मनरेगा योजना में लगभग 3 महीनों से मनरेगा मजदूरों को मजदूरी भुगतान नहीं की गयी है। साथ ही मनरेगा के कई ऐसी योजनाएं हैं जो पूर्ण हो गयी है लेकिन अब तक मैटेरियल की भी राशि भुगतान नहीं की गयी है। मनरेगा लाभुकों के पास इतनी पर्याप्त राशि नहीं है कि वे मजदूरी भुगतान कर सके। कुछ ऐसे भी लाभुक है जो योजना को पूर्ण करने के लिए कर्ज लिए है लेकिन भुगतान नहीं होने के कारण दिन प्रतिदिन कर्ज में डूबते जा रहे हैं। जिससे मनरेगा योजना अब आधी-अधूरी होते दिख रही है। जिससे मनरेगा मजदूर भुखमरी के कगार पर आकर खड़े हो गये हैं। जिसके कारण व्यापक रूप से लोहरदगा जिला क्षेत्र से कई मनरेगा मजदूरों पलायन करने पर मजबूर हो गये है। अगर इस माह भी मनरेगा मजदूरी भुगतान नहीं होती है तो जिला क्षेत्र से हजारों - हजार की संख्या में मनरेगा मजदूरों पलायन करेंगे। जबकि सरकार के द्वारा यह भी कहा जाता है कि मनरेगा में इतना पैसा है कि लोग खर्च नहीं कर पाते हैं। जब मनरेगा एक कानून है और इसमें मजदूर को 100 दिन का काम मिलता है इस पर भी मजदूर संकट झेल कर के भी काम कर रहे हैं। लेकिन इस कानून के आधार पर भी मजदूर को पैसा नहीं मिल पा रहा है। जबकि सरकार के पास पैसा उपलब्ध है तो फिर मजदूर को भुगतान क्यों नहीं किया जा रहा है। मजदूर प्रत्येक दिन काम करता है तो शाम में चावल रहकर अपना बाल बच्चा को किसी तरह से भरण पोषण करता है और 3 माह से मजदूरों को पेमेंट नहीं किया गया है। मजदूर किस हालत में आकर मनरेगा में काम कर रहें है।

## अजय उद्यान पार्क की देखरेख में ध्यान दें नगर परिषद : कवलजीत सिंह

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह ने नगर परिषद से मांग की है कि लोहरदगा शहरी क्षेत्र में मात्र एक ही पार्क है जिसमें लोग बाहर से आये हुए अतिथियों या बच्चों को लेकर जाते हैं, किंतु पिछले कई महीनों से देखा जा रहा है कि वहां की टॉय ट्रेन खराब पड़ी हुई है। दो-तीन झूले टूटे हुए हैं, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। नगर परिषद ने जिनको पार्क मेंटेनेंस की जिम्मेवारी दी है, नगर परिषद को पूछना चाहिए कि शहरी क्षेत्र में एकमात्र पार्क होने के बावजूद इस तरह की लापरवाही क्यों बरती जा रही है। सामाजिक विचार मंच नगर परिषद से यह मांग करती है कि सुव्यवस्थित ढंग से पार्क की देखरेख की जाये एवं गर्मी के मौसम को देखते हुए पार्क को शाम में 5:00 बजे की जगह 6:00 बजे बंद किया जाये।

## सेन्हा में पत्नी को भरण-पोषण की राशि नहीं देने के मामले में पति गिरफ्तार

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय लोहरदगा के निर्देश पर सेन्हा थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव से भरण पोषण नही देने के मामला में दो लोगों को सेन्हा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर सोमवार को भेजा जेल गया। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू निवासी बरतु उरांव का पुत्र मनोज उरांव की पत्नी सुषमा उराइन ने न्यायालय में भरण पोषण का अर्जी लगते हुए न्याय का गुहार लगायी थी। जिसके आलोक में प्रधान न्यायधीश कुटुंब न्यायालय लोहरदगा द्वारा केस नंबर 3/11 को संज्ञान में लेते हुए मनोज उरांव के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी कर सेन्हा पुलिस को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया था। जबकि दूसरा मामला सेन्हा गांव का है। जो 17/24 के तहत सेन्हा निवासी जफरुद्दीन अंसारी का पुत्र एजाज अंसारी के विरुद्ध भरण पोषण की राशि पत्नी को नही देने के आरोप में न्यायालय के आदेशनुसार गिरफ्तार किया गया। वहीं एजाज अंसारी की पत्नी परिना उर्फ जरेना खातून ने भी भरण पोषण की राशि नही मिलने पर न्यायालय में अर्जी लगायी थी। न्यायालय से न्याय का अनुरोध की थी। गौरतलब हो कि दोनों मामले में प्रधान न्यायधीश कुटुंब न्यायालय लोहरदगा ने संज्ञान लेते हुए दोनो मामला में आरोपी पतियों का गिरफ्तारी का वारंट जारी कर सेन्हा पुलिस को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। जिसके आलोक में सेन्हा पुलिस ने दोनो आरोपी पतियों को निवास स्थान से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संदर्भ में एसआइ मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि कोर्ट ने दोनों आरोपी पतियों के खिलाफ वारंट जारी किया था। जिसपर सेन्हा पुलिस आदेश का पालन करते हुए सोमवार को मनोज उरांव और एजाज अंसारी को अलग अलग केस संख्या में गिरफ्तार कर मेडिकल जांचोपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।

## महज कागजी नेता हैं आलोक साहू : अशोक उरांव



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** हेसल पंचायत के उप मुखिया अशोक उरांव ने कहा है कि मजदूरों का हितैषी बनने के नाम पर हिंडाल्को से लाभ लेने के चक्कर में पड़े हुए नेताओं को पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए। उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के प्रत्याशी डॉक्टर रामेश्वर उरांव को हराने के लिए क्या कुछ नहीं किया था। इन लोगों का चरित्र पीठ के पीछे छुरा घोपनें वाली रही है। आलोक साहू इतने बड़े नेता नहीं हैं, जिन्हें इतनी तरजीह दी जा रही है। आलोक साहू महज कागजी नेता हैं, जो सिर्फ मीडिया में बयान देकर अपने आप को जिंदा रखे हुए हैं। उन्होंने कहा है कि छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल्ड वर्कर्स यूनियन मजदूरों के अधिकार को लेकर धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में पिछले कई सालों से लड़ती रही है। इस संगठन का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ मजदूरों के अधिकारों को लेकर संघर्ष करना और मजदूरों को अधिकार दिलाना है। कुछ लोग विवादित संगठन का अध्यक्ष बनकर मजदूरों को मूर्ख बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

# किस्को में 30 को होगा इंटक का महाअधिवेशन, तैयारी शुरू

**धीरज साहू के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी बंद करे अखबारी नेता : कवलजीत सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** किस्को मिडिल स्कूल मैदान में आगामी 30 अप्रैल को छोटानागपुर बॉक्साइड एंड कोल वर्कर्स यूनियन का भव्य महाधिवेशन होगा। इस अधिवेशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रम भी आयोजित है। इसको लेकर लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन, झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन विमरला एवं झारखंड पठारी चंदवा ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस क्रम में कल चंदवा के पदाधिकारियों से मुलाकात की गयी।

इसको लेकर लोहरदगा में जनसंपर्क अभियान चलाया गया एवं आने वाले दो दिनों के बाद ट्रक मालिकों की एक आम बैठक कर-के भावी रूपरेखा तैयार की जायेगी। आदर, बिशनपुर, बनारी घाघरा, गम्हरिया, सेन्हा, अमतीपानी, कुजाम, चिरोड़ीह, विमरला, गुरूदरी, सेरेगदाग सहित सभी क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया जायेगा।

लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने बताया की सभी ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू हैं और शुरू से सभी ट्रक ऑनर एसोसिएशन इंटक के नेतृत्व में काम करते आ रहे हैं। धीरज प्रसाद साहू ट्रक मालिको, श्रमिकों के लिए हमेशा खड़े रहते हैं और सभी ट्रक मालिक भी इंटक के हर आंदोलन, हर कार्यक्रम में शुरू से साथ रहते आए हैं। किंतु पिछले दिनों एक अखबारी नेता जो कि अभी नये-नये मजदूर नेता बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन राजनीतिक करती है तो उस अखबारी नेता को हम लोग यह बताना चाहते हैं यह एक व्यापारिक संगठन है। यहां कोई राजनीतिक नहीं होती है। ट्रक मालिक राजनीतिक से दूर रहते हैं, लेकिन इंटक का हम लोग अभिन्न अँग है। दूसरी ओर वह अखबारी नेता जो हम लोगों के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू के बारे अनर्गल बयान दे रहे हैं। वह खुद श्री साहू से उपकृत है। साहू परिवार ने लोहरदगा के लिए बहुत काम किया है। चाहे वह स्कूल हो, कॉलेज हो, स्टेडियम हो, धर्मशाला हो, शूटिंग रेंज हो या खेल के विकास के लिए भी बहुत कार्य किये हैं। कम से कम ऐसे छूट भैया नेता को पूर्व राज्यसभा सांसद को सीख देने से पहले खुद पर अवलोकन करना चाहिए।

## जिले के तीन सीएम उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन शुरू

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिले के तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और केजीबीवी, लोहरदगा, कुजरा में कक्षा 11 के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 26 अप्रैल 2025 तक है। प्रवेश परीक्षा 06 मई 2025 को सुबह 10 बजे से मध्याह्न 12 तक आयोजित होगा। जिसके लिए प्रवेश-पत्र 29 अप्रैल 2025 को जारी होगा। प्रवेश परीक्षा के उपरांत मेधा सूची 13 मई 2025 को प्रकाशित की जायेगी। छात्र-छात्राएं इ- विद्यावाहिनी के लिंक के द्वारा नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा ने सभी सीआरपी, बीआरपी, बीपीओ को निदेश दिया कि इसकी सूचना अपने क्षेत्राधीन विद्यालयों तक प्रसारित करें। ताकि अधिक से अधिक छात्र/छात्रा ऑनलाइन आवेदन कर सकें।

## रेडक्रॉस डे के अवसर पर कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का होगा आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस ऑफिस, लातेहार में 6 मई से 8 मई तक तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रेड क्रॉस के पदाधिकारियों ने रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से मुलाकात कर उक्त शिवर के आयोजन को लें कर विस्तार से चर्चा किया। उपायुक्त ने हर संभव मदद करने की बात कही। उपायुक्त से मुलाकात करने वालो मे रेडक्रॉस के सभापति महेंद्र प्रसाद गुप्ता, स्टेट मेंबर सुशील कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल चंद्र साहू, सचिव जावेद अख्तर, सदस्य पवन कुमार, विष्णु गुप्ता, मिनी गुप्ता इत्यादि उपस्थित थे।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गये। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया है। जिसमें एक युवक को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जिसमें पहला सड़क दुर्घटना भंडरा चट्टी मुख्य पथ नौडीहा चौक के समीप हुई। जिसमें अपने मोटर साइकिल से अपने घर जा रहे सोरंदा गांव निवासी मुकीम अंसारी के पुत्र हसीब अंसारी (40 वर्ष) अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें उसके शरीर में काफी चोटें आयी है। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जबकि दूसरी सड़क दुर्घटना भंडरा-अकाशी मुख्य कसपुर गांव के समीप मोटर साइकिल के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से अकाशी गांव निवासी आनंद राय के पुत्र जीवन राय (28 वर्ष) घायल हो गया। जिसका इलाज भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ।

## जेइइ मेंस में आदित्य को 98.86 और प्रशंसा को 97.75 परसेंटाइल मिले





आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** स्थानीय मिशन चौक निवासी अग्रवाल सभा के कार्यकारिणी सदस्य कन्हाई प्रसाद अग्रवाल के पौत्र, सुनील अग्रवाल और रीना देवी का पुत्र आदित्य गोयल ने जेइइ मेंस की परीक्षा में 98.86 परसेंटाइल प्राप्त किया है। वही अग्रसेन पथ निवासी अग्रवाल सभा के कार्यकारिणी सदस्य दीपक अग्रवाल( दीपू) की सुपुत्री प्रशंसा प्रिया ने जेइइ मेंस की परीक्षा में 97.75 परसेंटाइल प्राप्त किया है। दोनो बच्चों की सफलता ने समाज के अन्य बच्चों को प्रेरणा प्रदान की है। बच्चों की मेहनत और परिश्रम ने अग्रवाल समाज का मान बढ़ाया है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा कि समाज के दो बच्चों ने जेइइ मेंस में अच्छा प्रदर्शन किया है। अग्रवाल सभा ने बच्चों के माता-पिता और उन्हें बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है। आदित्य और प्रशंसा को बधाई देने वालो में अग्रवाल सभा के सचिव राजेश अग्रवाल, चंद्रशेखर अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, कुमार नीरव, शशिधर अग्रवाल, रोहित मित्तल, शंभु अग्रवाल, अजय अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, कंचन गोयल, रश्मि अग्रवाल समेत अन्य शामिल है।

## 99.53 परसेंटाइल लाकर वीर पोद्दार ने लोहरदगा का नाम किया रौशन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अपर बाजार निवासी कपड़ा व्यापारी सूरज पोद्दार और रानू पोद्दार के पुत्र वीर पोद्दार ने जेइइ मेंस की परीक्षा में विद्यापीठ कोचिंग सेंटर रांची से तैयारी कर 99:53 परसेंटाइल प्राप्त कर लोहरदगा जिले का नाम रोशन किया है। इन्होंने बताया कि इनका लक्ष्य जेइइ एडवांस में और भी अच्छा कर आइआइटी में जाकर जिले का और अपने परिवार का नाम रोशन करना है। मारवाड़ी समाज के लोगो ने इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है। बधाई देने वालो में शिव प्रसाद पोद्दार, प्रमोद पोद्दार, चांदमल पोद्दार, संदीप पोद्दार सहित कई शामिल हैं।

## सूरत से आये लोगों ने गुरुकुल शांति आश्रम का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा में मातुश्री काशीबा हरिभाई गोटी चेरिटेबल ट्रस्ट, सूरत गुजरात के ट्रस्टी धनंजी भाई और उनके साथ में आये अतिथि ललित कुमार एवं राकेश कुमार झा का स्वागत किया गया। आश्रम के ब्रह्मचारियों के द्वारा उन सभी को पुष्प एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

आश्रम के आचार्य शरद चंद्र आर्य ने आश्रम पर रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के विषयों में जानकारी देते हुए आश्रम की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी एवं आश्रम में हो रहे परेशानियां के विषयों पर भी ध्यान आकृष्ट कराये। इन सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए ट्रस्टी धनंजी भाई ने आश्रम पर पूर्ण सहयोग करने की बात कही। उन्होंने बताया कि हमारे ट्रस्ट के द्वारा पूरे भारतवर्ष में इसी तरह के गुरुकुल आश्रमों पर शिक्षा ग्रहण कर रहे शिष्यों का पूर्णतः ध्यान रखते हुए कई योजनाएं चल रही है। जिससे कि अपना भारतवर्ष सशक्त एवं सुदृढ़ होने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी विश्व में अपना एक अलग जगह बना सके। स्वर्गीय दयासागर का लोहरदगा से बहुत लगाव रहा है और उनका सपना था कि इस आश्रम का विकास हो और हमें खुशी है कि उनका किया हुआ अधूरा कार्य हमें करने का मौका मिल रहा है। मैं इसके लिए जल्द से जल्द बच्चों की सुविधा हेतु कार्य कराउंगा। ट्रस्ट के लोगों ने आश्रम का निरीक्षण किया। उन्हें आश्रम मे रह रहे ब्रह्मचारियों से भी मिलकर काफी हर्ष महसूस हुआ। उसके उपरांत ट्रस्ट के लोगों के द्वारा प्रबुद्ध जनों के साथ विचार विमर्श की गयी। मौके पर आचार्य शरद चंद्र आर्य, ओम प्रकाश सिंह, लाल नवल नाथ शाहदेव, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, आश्रम के अर्जुन देव, गणेश शास्त्री, जोगिंदर आर्य, प्रकाश चंद्र आदि उपस्थित थे।


## ट्रक-हाइवा के बीच टक्कर, चतरा - डोभी मुख्य पथ दो घंटे जाम

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के जोरी मुख्य बाजार देवी मंडप के समीप चतरा - डोभी मुख्य पथ एनएच 22 पर सोमवार की अहले सुबह करीब 6 बजे ट्रक व हाइवा में टक्कर हो गयी। जिससे दो घंटे मुख्य पथ पर जाम लग गयी। चालक और उपचालक बाल-बाल बच गये। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के बीच सड़क में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण चतरा डोभी मुख्य पथ एनएच 22 पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी। घटना की सुचना मिलते ही वशिष्ठ नगर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को मुख्य पथ के किनारे कराकर आवागमन चालू कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चतरा की ओर से जबकि हाइवा हंटरगंज की ओर से आ रही थीं। इसी बीच जोरी देवी मंडप के समीप चतरा-डोभी मुख्य पथ एनएच 22 पर पत्थर लदे हाइवा के ड्राइवर को नींद आ जाने के कारण ट्रक से भिड़ंत हो गयी।

## जेएनवी में संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता शुरू

**यहां खेलने वाले खिलाड़ी पूरे देश का मान बढ़ायेंगे : प्रवीण गागराई**


आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में तीन दिवसीय संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ 21 अप्रैल को किया गया। विद्यालय के सांस्कृतिक कला केंद्र में प्रतियोगिता का शुभारंभ आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई ने किया। इस प्रतियोगिता में झारखंड, बिहार और बंगाल के 11 स्कूलों के 67 प्रतिभागी भाग लेगें। इसके पूर्व मुख्य अतिथि गगराई का पारंपरिक आदिवासी लोकनृत्य और गीत के साथ स्वागत किया गया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य प्रदीप कुमार ने प्रतियोगिता के रूपरेखा की जानकारी दी। श्री गगराई ने प्रतियोगिता प्रारंभ की घोषणा की। उन्होंने कहा कि खेल से ना सिर्फ शारीरीक बल्कि मानसिक मजबूती मिलती है। आज हमारे देश के खिलाड़ी पूरे विश्व में भारत का परचम लहरा रहे है। यहां आज खेलने वाले खिलाड़ी भविष्य में देश का मान बढ़ायेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल को खेल भावना से खेलें, क्योंकि खेल में किसी की जीत तो किसी हार तय है। हारने पर निराश ना हों बल्कि और कड़ी मेहतन करें ताकि भविष्य में आप भी जीत सकें। मौके पर गढ़वा से आये आफिशियल चंद्र बहादुर सिंह, नीलेश ठाकुर, कार्तिक कुमार और दीपक कुमार निर्णायक मंडल के रूप में एवं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुखराम भगत, शिक्षक कमलेश कुमार मिश्र, धीरेंद्र कुमार, प्रकाश मंडल, राकेश कुमार सक्सेना, मीनाक्षी कुमारी, उपेंद्र सिंह, संदीप ओझा अन्य सभी शिक्षक एवं स्कॉट शिक्षक उपस्थित थे। प्रतियोगिता की रूपरेखा जवाहर नवोदय विद्यालय, कैमूर के खेल शिक्षक एसएन यादव एवं करण कुमार ने बनायी। इस अवसर पर सदर अस्पताल लातेहार के चिकित्सक और कर्मचारियों के द्वारा चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए प्राथमिक उपचार केंद्र भी लगाया गया है।

## लोगों की समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता : प्रकाश राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** सोमवार को बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के सभागार में विधायक प्रकाश राम ने पहली बार जनता दरबार लगाया, मनरेगा जेई बाबुलाल उरांव का मनमानी और हठधर्मी का मामला छाया रहा। जिस पर विधायक प्रकाश राम ने बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनता दरबार मे ग्रामीणों की सैकड़ों समस्यायें सुनी। कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण भी कर दिया। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि जनता दरबार आयोजित करने का उद्देश्य क्षेत्र में व्याप्त समस्यसयाओं को सुनना और उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। जनता दरबार में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। इनमें सड़क, पानी, बिजली, राशन, स्वास्थ्य सेवाएं, पेंशन, अबुआ आवास और मनरेगा से संबंधित मुद्दे शामिल थे। जमीन विवाद के भी कई मामले लाये गये थे। विधायक ने सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, अंचलाधिकारी विजय कुमार तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के प्रति गंभीर हो कर समय पर इनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता हैं जनता दरबार में आये अधिकतर समस्याओं का समाधान कर दिया गया है। जो मामले हल नहीं हुए हैं, अधिकारियों को समय पर समाधान करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर प्रखंड प्रमुख ममता देवी, बीडीओ सोमा उरांव, सीओ विजय कुमार, बीपीओ मुजफ्फर कमाल, मनरेगा एइ दिनेश सिंह, अंचल निरीक्षक अनिल कुमार, बालूमाथ हल्का कर्मचारी वीरेंद्र टोप्पो, प्रधान सहायक राजीव रंजन, भाजपा नेता रवींद्र सिन्हा, सुनील पांडेय, कृष्णा यादव, अशोक साहू, अखिलेश भोगता, अरविंद भगत समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## इनमोसा सदस्यों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

धनसार (आजाद सिपाही)। कुसुंडा क्षेत्र के एडीआइसी विश्वकर्मा प्रोजेक्ट एवं एना कोलियरी कार्यालय में इनमोसा सदस्यों ने सोमवार को काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया। विश्वकर्मा प्रोजेक्ट वर्कशॉप के समीप समर्थको ने जमकर प्रबंधन विरोधी नारेबाजी की। जिसका नेतृत्व करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष शंभू पासवान ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन माईनिंग सुपरवाइजर के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। कुसुंडा क्षेत्र के विभिन्न शाखा में कार्यरत सुपरवाइजर को पदोन्नति से वंचित रखा जा रहा है, जबकि पदोन्नति के लिए पर्याप्त जगह है। सुपरवाइजर को बी टाइप का आवास आवंटित नहीं किया जा रहा है और ना ही उन्हें आवास भत्ता दिया जा रहा है। प्रबंधन के अड़ियल रवैये के खिलाफ इनमोसा सोमवार से 25 अप्रैल तक विभिन्न इकाई में काला पट्टी लगाकर प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करेगी।

# बारात से लौट रही कार को हाइवा ने मारी टक्कर, एक की मौत, 4 गंभीर

## एक घंटे तक कार में ही फंसा रहा मृतक, कड़ी मशक्कत से निकाला गया

आजाद सिपाही संवाददाता

छतरपुर/पलामू। जिले में बारात से लौट रही एक कार को हाइवा ने टक्कर मार दी। इस हादसे में कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। मृतक की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव निवासी सत्येंद्र यादव उर्फ गुड्डू के रूप में हुई है। जबकि सभी घायल खोडही गांव के रहने हैं। घटना सोमवार की सुबह पांच बजे की बतायी जाती है। जानकारी के मुताबिक कार में कुल पांच लोग सवार थे। सभी बारात से लौट रहे थे। इसी क्रम में मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ कंडा के एनएच 98 पर हाइवा ने कार को टक्कर मार दी। जिससे कार मालिक की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि कार में सवार में चार लोग गंभीर रूप घायल हो गये। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची नावाबाजार पुलिस और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया गया। हालांकि इससे पहले घटना के बाद कार मालिक सत्येंद्र करीब एक घंटा तक कार में फंसा रहा। जिसे बाद में क्रेन की मदद से शव को बाहर निकाला गया।


घायलों को अस्पताल ले जाती पुलिस।

### गढ़वा के रमकंडा से लौट रही थी बारात

पता चला है कि मृतक कार मालिक सत्येंद्र यादव छतरपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ का रहने वाला था। दुर्घटना से पहले वह खोडही गांव के लाल मोहन यादव के पुत्र की बारात लेकर गढ़वा जिले के रमकंडा गया था। वहां से वापसी के दौरान सोमवार की सुबह दुर्घटना हो गयी। तबह सत्येंद्र यादव खुद ही कार चला रहा था। दूसरी ओर, दुर्घटना के बाद चालक हाइवा लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं, पुलिस मामला दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गयी है।

# अस्पताल के पास मिला नवजात का क्षत-विक्षत शव, नोंच रहे थे कुत्ते

**अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज, सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के आबादगंज मोहल्ले में ह्रदय विदारक घटना प्रकाश में आई है। सोमवार को आर्यन अस्पताल के पास एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ, जिसे कुत्तों द्वारा नोचे जाने के कारण क्षत-विक्षत हो गया था। उधर, एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत पुलिस टीम को मौके पर भेजा। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### पहले भी हुई है ऐसी संदिग्ध घटनाएं


घटनास्थल पर पहुंच कर जांच करती पुलिस।

पूर्व वार्ड पार्षद मनोज सिंह ने बताया कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। आर्यन अस्पताल के आसपास पहले भी कई बार ऐसी संदिग्ध घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टर पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उधर, स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। वे दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई ना होने पर यह एक बड़ा सामाजिक अपराध बन सकता है। इस पर पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहन जांच की जा रही है। दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## धनबाद-बेरमो-बोकारो की खबरें

# दवा पर 20 से 25 फीसदी तक की छूट मिलने वाली दवाओं पर संदेह : सुभाष



**धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के नव चयनित सदस्यों ने ग्रहण किया शपथ**

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को धनबाद क्लब में संपन्न हुआ। इसमें झारखंड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महासचिव सुभाष चंद्र मंडल भी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी कार्यकारिणी और 15 जोन हेड, को-हेड एवं सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सुभाष चंद्र मंडल ने शपथ ग्रहण करवाया। उन्होंने कहा कि बाजारों में दवा पर 20 से 25 फीसदी तक की छूट मिलने वाली दवाओं पर संदेह होता है। ऑनलाइन फार्मेसी की दवाओं पर मिलने वाली छूट दवाओं की गुणवत्ता पर संदेह होता है। जिसे ग्राहकों को समझना होगा। वहीं. अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने जिले के सभी दवा व्यापारियों से अपील की है कि जो भी दुकान डिस्काउंट (छूट) का बोर्ड लगा रहा और छूट दे रहे है उसे अविलंब समाप्त करे। क्योंकि ये फार्मेसी अधिनियम 1948 के प्रावधानों के तहत बनाए गए फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 के अध्याय 7 और 8 के अनुसार अनैतिक और अवैध है। धनबाद जिला में 15 जोन गोमो, बाघमारा, कतरास, केंदुआ, भूली, बैंक मोड़, हीरापुर, गोविंदपुर, निरसा, चिरकुंडा, झरिया, पाथरडीह, सिंदरी, खड़खड़ी, बलियापुर बनाये गये हैं। कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल बताया कि सदस्यता अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसमें संगठन की ओर से सदस्यों को एक पहचान पत्र और सर्टिफिकेट दिया जाएगा। जिले के सदस्यों के लिए लगभग 15 हॉस्पिटल एवं जांच घर से एमओयू किया गया है। जिसमें सदस्यों और उनके परिवार को विशेष सुविधा दी जाएगी। छह संगठन प्रभारी बनाए गए। जिसमें कंपनी अफेयर प्रकाश गोयल, रिटेल और व्होलसेल कोऑर्डिनेशन प्रभारी सुनील पोद्दार, ऑफिस बिल्डिंग प्रभारी देवेन तिवारी, लीगल प्रभारी अनंत कृष्णा, मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर गुप्ता, ड्रग डिपार्टमेंट प्रभारी राजेश सिंह बनाए गए। संरक्षक सुरेंद्र ठक्कर, लव कामरा, संतोष जालान, रमेश डोकानिया, अरुण बंसल, प्रताप मल्लिक, उपाध्यक्ष देवेन तिवारी, सचिव धीरज दास, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, संगठन सचिव नीलेंद्र सिंह, संजय श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव आदित्य अग्रवाल, एडिशनल संयुक्त सचिव कार्यकारणी सदस्य अजय सिन्हा, अमित गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, अनंत कृष्णा, अनिल तुलस्यान, दीपक कुमार, अनुराग अग्रवाल, हितेश जे ठक्कर, हिमांशु अग्रवाल, माला राय, राजीव गोयल, प्रमोद अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राकेश कुमार, सतीश सिंह, सुमंतो गुप्ता, तरुण अग्रवाल, विकास राजगढ़िया, रवि बरनवाल, जतिन चंद्र, राजीव रंजन, कमलेश यादव, विकास चौधरी, राकेश साहू, मोहम्मद वकील अंसारी, अनिल बर्नवाल, सुमित खेतान, श्यामल दास, सौरभ कुमार, दिलीप कुमार, वीरेंद्र अग्रवाल, संजय बरनवाल, मुकेश पांडे, ओम प्रकाश शर्मा, रंजन गुप्ता, लकी कांत बीट, रणधीर सिंह, विकास सरकार, राकेश कुमार और आशीष चटर्जी बनाए गए हैं।

## शिक्षक के निधन पर शोक सभा आयोजित

कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)। ढोरी के रामरतन उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज साहनी के असामयिक निधन पर इंटरमीडिएट विज्ञान मूल्यांकन केंद्र राजकीय कृत प्लस 2 उच्च विद्यालय, लकड़ाखंदा केंद्र पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शोक सभा आयोजित कर गहरा दुख व्यक्त किया। शिक्षकों ने झारखण्ड प्लस 2 शिक्षक संघ बोकारो के उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत पाण्डेय के पिताजी जोखू पाण्डेय के निधन पर भी दुख प्रकट करते हुए पूरे परिवार को शोक की घड़ी में ढांढस बंधाया। मौके पर मूल्यांकन केंद्र निदेशक कुमारी सविता, झारखण्ड प्लस 2 शिक्षक संघ, बोकारो के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, सचिव डॉ अवनीश कुमार झा, धनंजय कुमार, विजय महतो सहित बड़ी संख्या में पीजीटी एवं इंटरमीडिएट कालेज के शिक्षक-शिक्षकाएं उपस्थित थे।

# छतरपुर में बढ़ती आपराधिक घटनाएं चिंताजनक पुलिस अविलंब अंकुश लगाये : व्यवसायी संघ

**- अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर छतरपुर विकास मंच, व्यवसायी संघ और फुटपाथ विक्रेता संघ ने एसडीपीओ से की मुलाकात**

आजाद सिपाही संवाददाता

छतरपुर/पलामू। शहर में आपराधिक घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि से दहशत व्याप्त है। लोगों-कारोबारियों को डर सता रहा है कि कब कौन अपराधियों का निशाना बन जाए। इसका मुख्य कारण छतरपुर में हत्या, चोरी और डकैती जैसी घटनाओं में अचानक आई वृद्धि को माना जा रहा है। हाल के दिनों में स्वर्ण व्यवसायी अशोक सोनी के दुकान का शटर का ताला तोड़कर करीब 40 लाख रुपये मूल्य के सामानों की चोरी कर ली गयी है। कुछ दिन पहले भी चोर उनसे चिरु के पास लाखों रुपये के आभूषण लूट चुके हैं। हालांकि पुलिस ने चोरी का कुछ आभूषण बरामद करने और कुछ अपराधियों को पकड़ने में सफलता भी पायी है। इन विकट परिस्थितियों के बीच अपराध पर अंकु लगाने और अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर छतरपुर विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमून, व्यवसायी संघ के प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद और फुटपाथ विक्रेता संघ के अध्यक्ष गौतम सागर के नेतृत्व में एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने एसडीपीओ अवध यादव से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि छतरपुर में हुए चोरी, हत्या और लूट की घटनाओं का उद्भेदन पुलिस शीघ्र करे, ताकि व्यवसायी और आमलोग चैन की सांस ले सकें। ज्ञापन में अशोक सोनी, बृजबिहारी सोनी, महेश सोनी, कमलेश सोनी, दिनेश सोनी के साथ हुए आपरधिक घटनाओं की भी जानकारी दी गयी है। साथ ही गत वर्ष घटे शुभम गुप्ता और संतोष गुप्ता हत्याकांड के रहस्योद्घाटन की भी मांग की गई है। मांगपत्र में यह भी कहा गया है कि लगभग दो महीनों में एक दर्जन से भी ज्यादा घरों को चोरों ने निशाना बनाया है, लेकिन अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। लोगों ने एसडीपीओ से अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान ज्ञापन सौंपने के बाद पत्रकारों से बातचीत में छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरविंद चुनमून ने कहा कि प्रशासन अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे, ताकि शहर में अमन चैन कायम रहे। वहीं, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि आपराधिक घटनाएं नहीं रुकी तो नगर के व्यवसायी आंदोलन करने को बाध्य होंगें। इस पर एसडीपीओ ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी अपराधी जल्द ही पकड़े जाएंगे। पुलिस पूरी तत्परता के साथ अनुसंधान में जुटी है। कई सफलताएं भी मिली हैं। वहीं, प्रतिनिधिमंडल में अरविंद चुनमून, वीरेंद्र प्रसाद, गौतम सागर, अशोक सोनी, बृजबिहारी सोनी, रितेश सोनी, विशाल सिंह, मुकेश, राकेश, मनोज सोनी, अयोध्या प्रसाद, महेश सोनी शामिल थे।

## बीआरएल डीएवी के सात बच्चों ने जेइइ मेंस में बाजी मारी

भंडारीदह/बेरमो (आजाद सिपाही)। बीआरएल डीएवी के सात बच्चों ने जेइइ मेंस 2025 की परीक्षा में सफलता हासिल कर जेइइ एडवांस के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। इसमें प्रीति कुमारी 95.14 फीसदी, कृष मेहता 90.13 पीसदी, अभिनव कुमार 85.14 फीसदी, अमित प्रकाश 83.69 फीसदी, अंकित अमन 81.82 फीसदी, मोज्जमा सुल्ताना 80 फीसदी और रोनित 79 फीसदी अंक प्राप्त किये है। प्राचार्य आरके सिंह ने कहा कि अमित प्रकाश ने अपने पहले ही प्रयास में यह सफलता प्राप्त की है। उसका उद्देश्य यूपीएससी की तैयारी करना है। आज के समय में जहां अभिभावक नन स्कूलिंग की ओर ध्यान केंद्रित किए हैं, वहीं इस छात्र ने विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कर बिना कोचिंग के विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसी तरह हमारे अन्य छात्र भी बिना कोचिंग संस्थान की मदद के सफलता को प्राप्त किया है।




# पांकी में अग्निशमन स्टेशन की स्थापना की पहल करे झारखंड सरकार : डॉ शशिभूषण



पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। मेदनीनगर शहर थाना में रविवार कोअचानक आग लगने से 40 वाहनों के जल जाने के बाद विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने एक बार फिर पांकी विधानसभा क्षेत्र में अग्निशमन स्टेशन बनाने की मांग को दोहराया है। कहा कि शहर थाना में भीषण आग लगने और वाहनों के जलने के बाद अग्निशमन स्टेशन की जरूरत और ज्यादा बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जहां अग्निशामन केंद्र है, वहां से दमकल के इंजन पहुंचने में इतना विलंब होता है, तो सोचने वाली बात है कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्रों की स्थिति क्या रहती होगी। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों पर सरकार को गंभीरता से सोचना होगा। जनहित के मुद्दों पर लापरवाही कहीं से भी सही नहीं है। सरकार को चाहिए कि अग्निकांड की घटनाओं पर संवेदशील होकर पांकी में अग्निशामन स्टेशन की स्थापना करने की पहल करे। गौरतलब हो कि विधायक ने विधानसभा बजट सत्र में 24 मार्च को सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग से प्रश्न किया था। जिस पर सरकार ने जवाब दिया था कि, पांकी प्रखंड के गावों में अग्निकांड होने पर जिला मुख्यालय मेदनीनगर से अग्निशामन भेजकर त्वरित कार्रवाई की जाती है। इस लिए पांकी में अग्निशामन स्टेशन खोलने की कोई आवश्यकता नहीं ह। इस पर विधायक ने तंज कसते हुए कहा कि फरवरी महीने मं ही पांकी के प्रतिष्ठित व्यावसाय राजीव फैंसी मॉल में आग लगने के बाद जब कर दमकल के इंजन मौके पर पहुंचे थे, तब तक मॉल में रखे सारे कपड़े जलकर राख हो गये थे। इस लिए पांकी में अग्निशमन स्टेशन बनाने को लेकर सरकार गंभीरता से विचार करे।

# हिंदू लड़कियों का अपहरण करके गुजरात ले जाने की थी तैयारी, चार युवक हिरासत में

आजाद सिपही संवाददाता

धनबाद। जिले के बलियापुर थाना क्षेत्र से अचानक चार नाबालिग लड़कियों के गायब होने से इलाके में हड़कंप मच गया। वहीं लड़कियों के गायब होने के बाद परिजनों ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई। साथ ही परिजनों ने बजरंग दल के लोगों को भी पूरे मामले की जानकारी दी। जिसके बाद बजरंग दल सक्रिय होकर चारों नाबालिग लड़कियों की खोजबीन अपने स्तर से शुरू की। वहीं पुलिस भी सभी की तलाश करने लग गई। इसी दौरान सिंदरी में गायब हुई एक नाबालिग लड़की के मोबाइल ऑन रहने के कारण मोबाइल सर्विलांस के माध्यम से पहले एक को बरामद किया गया। जिसके बाद पुलिस ने सभी को सकुशल बरामद कर लिया। इसके साथ ही पुलिस ने चार युवकों को सिंदरी थाना क्षेत्र से हिरासत में भी लिया है। चारों गायब नाबालिग किशोरी हिंदू है, जबकि हिरासत में लिए गए युवक दूसरे समुदाय के हैं। बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ता सिंदरी थाना परिसर पहुंचकर हिरासत में लिए गए युवकों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। वहीं घटना से लोगों में आक्रोश है। बजरंग दल के नेताओं ने कहा कि हिन्दू लड़कियों को निशाना बनाया जा रहा है। बरामद नाबालिग चारों किशोरियों को ट्रैप कर तस्करी करने की योजना थी। पटना के रास्ते इन लोगों को गुजरात ले जाने के फिराक में थे, लेकिन उससे पहले पुलिस और बजरंग दल के सक्रिय होने के कारण चारो की वापसी हुई है। वहीं, सिंदरी भाजपा नेत्री तारा देवी ने कहा कि घटना में जो लोग जिम्मेदार है, उन लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। जब से गठबंधन की सरकार बनी है एक विशेष समुदाय हावी है। कलश यात्रा रोका जाता है। इस सरकार में कोई सुरक्षित नहीं है। मंत्रिमंडल में शामिल मंत्री संविधान का अपमान कर कहते हैं कि शरीयत बड़ा है। मुख्यमंत्री से मांग है कि वैसे मंत्री को हटाया जाए। साथ ही सभी चारों युवकों पर कार्रवाई की जाए।

## वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ हुसैनाबाद में प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

# इंडिया गठबंधन वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ खड़ा रहेगा: संजय यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। वक्फ संशोधन कानून के विरोध में सोमवार को हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र से हजारों लोग शामिल होकर विरोध प्रदर्शन किये। लगे हााथ वफ्फ कानून को वापस लेने की भी मांग की। इस दौरान हुसैनाबाद के लंबी गली स्थित इमली मैदान से जुलूस निकाला गया, जो शहर का भ्रमण करते हुए अनुमंडल कार्यालय तक गया। जुलूस में शामिल लोगों के हाथ में तख्तियां थीं, जिस पर वक्फ संशोधन कानून को वापस लेने की मांग की गई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अबू नसर सिद्दीकी और संचालन मसरूर अहमद ने किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद के विधायक संजय सिंह यादव, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह, धनंजय तिवारी, शिया मस्जिद के इमाम ए जुमा मौलाना सैयद शजीर रिजवी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, बसपा नेता अजय भारती, राजद नेता रमाशंकर चौधरी आदि शामिल रहे। एक दौरान विधायक संजय सिंह यादव, सत्यनारायण सिंह, धनंजय तिवारी, शशि कुमार, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, डॉ एजाज आलम, अब्बास अंसारी, अबू नसर सिद्दीकी, मसरूर अहमद आदि की अगुवाई में एक प्रतिनिधिदल ने एसडीओ गौरांग महतो मिलकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। जिसके माध्यम से वक्फ संशोधन कानून को वापस लेने की मांग की गई है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भाजपा के पास अब यही काम रह गया है। जनता को भ्रमित करने और आपस में लड़ाने का प्रयास कर रही हैं। पर भाजपा और भाजपाई अपने मंसूबों में कभी कामयाब नहीं होंगे। भारत की गंगा-यमुना तहजीब आज भी देश के लोगों में कायम है। उन्होंने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन पूरी तरह वक्फ संशोधन कानून का विरोध कर रहा है। दूसरी ओर, जुलूस में कानून व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर हुसैनाबाद के प्रशिक्षु आइपीएस सह एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, सीओ पंकज कुमार, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी आदि शामिल थे।



वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ प्रतिवाद सभा में मौजूद विधायक संजय सिंह यादव।

## मधुकरपुर में लगा आयुष्मान आरोग्य शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

कसमार/बेरमो। कसमार प्रखंड के मधुकरपुर में हनुमान मंदिर समीप विवाह मंडप में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाया गया। जिसमें 60 महिला-पुरुषों का रक्तचाप एवं बल्ड शुगर की जांच की गई। इस दौरान जिनका रक्तचाप एवं बल्ड शुगर असामान्य पाया गया उन्हें निःशुल्क दवा भी दी गयी। जांच के अलावे लोगों को स्वास्थ्य के प्रति समुचित देखभाल, रहन-सहन, खान-पान आदि को लेकर सलाह दी गई। शिविर में शामिल स्वास्थ्य कार्यकर्ता निमाय कुमार वर्मा ने बताया कि उक्त शिविर प्रत्येक महीने के 21 तारीख को सेंटर या पोषक गांवों के अंतर्गत लगाते हुए लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल की जाती है। उन्होंने कहा कि गांव के लोग अंजाने में बहुत सी बीमारियां पाले रखते हैं। जो जांच से पता चल जाता है, जिसके बाद उन्हें उचित दवा और सलाह दी जाती है, जिससे स्वास्थ्य ठीक रखने में मदद मिल जाती है। शिविर में सीएचओ आशा कुमारी, स्वास्थ्य सहिया सावित्री देवी, बसंती देवी, शांति देवी, आशा देवी तथा सेविका पप्पी देवी मौजूद थीं।

# पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों सम्मानित हुए गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी

**विज्ञान भवन में सिविल सेवा दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार उपायुक्त को मिला**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में सिविल सेवा दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी को प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार वर्ष 2023 के लिए दिया गया। यह अवॉर्ड सिविल सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अपने जिले में उत्कृष्ठ एवं समग्र विकास करने के लिए दिया जाता है। इसी कड़ी में सोमवार को गुमला जिले को एक बार फिर से प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गुमला जिले को लगातार दूसरी बार यह उपलब्धि हासिल हुई है। जो भारत सरकार की 12 प्रमुख योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन और जिले में किये गये नवाचारों और प्रभावशाली पहलों के लिए दिया गया है।

**जिले में समग्र विकास एवं नवाचार पहल से मिली सफलता**

इस पुरस्कार समारोह में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों की संबोधित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में गुमला की दो प्रमुख नवाचार पहलों का विशेष रूप से उल्लेख किया। जिसमें पहला प्रोजेक्ट किशोरी है 'जो डुमरी प्रखंड की स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित यह पहल किशोरियों के मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर स्थानीय स्तर पर सेनेटरी पैड के निर्माण और वितरण पर केंद्रित है।'

दूसरा उज्जना- बिज्जना अभियान है 'यह आजीविका उन्नयन के लिए शुरू किया गया नवाचारी अभियान है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण समुदायों, विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाकर उन्हें आय के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।'

गुमला ने लगातार चार वर्षों तक प्रधानमंत्री पुरस्कार के फाइनलिस्ट बनने का दुर्लभ गौरव प्राप्त किया है। 2021 में नवाचार श्रेणी में ग्राम संपत्ति डिजिटल एसेट रजिस्टर के लिए फाइनलिस्ट। 2022 में आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत विजेता। 2023 में ज़िलों के समग्र विकास श्रेणी में विजेता। 2024 में डुमरी प्रखंड के बेहतरीन कार्यों के लिए आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत फाइनलिस्ट।

### डीसी ने जिला प्रशासन की टीम को दिया सफलता का श्रेय

**उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने इस उपलब्धि का श्रेय प्रखंड और जिला स्तर के अधिकारियों की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा, यह सम्मान सिर्फ मेरे लिए नहीं, बल्कि उस पूरी टीम का है जो जनता की सेवा में दिन-रात जुटी रही। साथ ही साथ जिले के जागरूक नागरिकों के अथक प्रयासों का परिणाम है। उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने गुमला जिले के सभी नागरिकों को ढेरों बधाई दिया है। उन्होंने कहा यह पुरस्कार आप सभी के सहयोग, संकल्प और सामूहिक प्रयास का परिणाम है। यह सम्मान हमें और मेहनत करने की प्रेरणा देता है। जिला प्रशासन अब और बेहतर योजनाओं के साथ विकास को गति देने को तैयार है।**

## समाजसेवी हाजीअन्नू का निधन, किये गये सपुर्द-ए-खाक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** टावर चौक स्थित खेल सामग्री का प्रसिद्ध प्रतिष्ठान नेशनल स्पोर्ट्स के संचालक और स्पोर्ट्स अकादमी गुमला के निदेशक सैयद जुन्नु रैन के छोटे भाई हाजी सैयद अनु के निधन की खबर से शहर में शोक की लहर है। उनका निधन रविवार को हो गया। सोमवार को सैकड़ो की संख्या में लोगों ने सिसई रोड घाटो बगीचा स्थित गुमला कब्रिस्तान में दिन के 10:30 बजे सुपुर्द ए खाक किया गया। जनाजे की नमाज जामा मस्जिद के इमाम मौलाना इनाम रब्बानी ने पढ़ाई। मरहूम सैयद अनन्नू कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे लेकिन रविवार को अचानक 10:30 बजे दिन में अपने पैतृक आवास थाना रोड स्थित सोगरा मंजिल में दिल का दौरा पड़ने से इंतकाल हो गया। तेजी से फैली सनसनी भरी इस खबर को सुनते ही भारी संख्या में उनके मिलने जुलने वाले रिश्तेदार पुरुष महिला आवास पहुंचकर मरहूम का दीदार किया और गहरा शोक प्रकट किया।

## पुलिस ने थाना गेट के पास चलाया वाहन जांच अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना के मुख्य गेट के समीप पुलिस ने गुमला न्यायालय के निर्देशानुसार वाहन जांच अभियान चलाया। इस क्रम में दो चक्के वाहनों को रोक-रोक कर वाहन से संबंधित कागजात ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, ड्रंक एंड ड्राइव और कई दस्तावेजों की जांच की गयी। इस क्रम में लगभग एक दर्जन से ऊपर वाहनों को जप्त किया गया। जिसमें हेलमेट वाहन से संबंधित कागजात नहीं थे। वही पुलिस ने यह भी बताया कि अत्यधिक सड़क दुर्घटना बिना हेलमेट, नशा पान करके वाहन चलाने और नाबालिक बच्चों को वाहन चलने के कारण हो रही है। जिसे लेकर माननीय गुमला न्यायालय द्वारा निर्देश प्राप्त वाहन जांच अभियान चलाया गया इसमें एक दर्जन ऊपर वाहनों को पकड़ा गया है। अग्रेतर करवाई हेतु माननीय न्यायालय और परिवहन विभाग को सूचित कर दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र के मेराल पंचायत अंतर्गत किताम गांव स्थित तीखा मोड़ में मोटर साइकिल दुर्घटना ग्रस्त हो गया। जिसमें बुमतेल निवासी प्रेम प्रकाश एक्का उम्र 19 वर्ष और अभिषेक तिर्की उम्र 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया है। इसके बाद ग्रामीण की मदद से दोनों घायल व्यक्तियों को उठाकर अस्पताल भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बारडीह की तरफ से तेज गति से किताम की ओर एनएस बाइक आ रही थी। तीखा मोड में गाड़ी मूड़ नहीं पायी और सीधे जाकर बाउंड्री में टक्कर मार दी टक्कर मारते ही दोनों व्यक्ति इधर-उधर हो गये हैं। जिसके बाद गांव के ग्रामीण दौड़कर घायल व्यक्तियों के पास पहुंचे और दोनों को उठाया इसके बाद जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार को सूचना दिया गया। जिस पर गाड़ी का व्यवस्था कर दोनों घायल व्यक्तियों को अस्पताल भेजा गया।

## साप्ताहिक बाजार से बाइक की चोरी, शिकायत दर्ज

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के मंजीरा ग्राम निवासी जितिया उरांव ने घाघरा थाना में लिखित आवेदन देकर अपने मोटरसाइकिल सीबी साइन जिसका नंबर जेएच 07 जे-7339 की चोरी होने का प्राथमिक दर्ज कराया है। जितिया ने बताया कि वह बीते रविवार को आदर साप्ताहिक हाट आया था और मोटरसाइकिल खड़ा कर बाजार में सब्जी खरीदने के लिए गया। लौट कर देखा तो उक्त स्थल पर मोटरसाइकिल नहीं था। जिसके बाद पूरे बाजार में घूम-घूम कर मोटरसाइकिल का खोजबीन ग्रामीणों ने भी किया पर कही पता नहीं चला। जिसके बाद जितिया ने घाघरा थाना में सोमवार को प्राथमिक के दर्ज कराया है।

## प्रो डॉ दिलीप बने रांची विवि के फाइनेंस ऑफिसर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला के डॉ दिलीप प्रसाद (वर्तमान पदस्थापन पीजी डिपार्टमेंट अर्थशास्त्र विभाग रांची विश्वविद्यालय) को विश्वविद्यालय का फाइनेंस ऑफिसर बनाया गया है जो निश्चित रूप से जिले के लिये हर्ष का विषय है। गुमला के मुरकुंडा तिर्रा गांव के एक किसान परिवार में जन्मे, पले बढ़े और शरीर से दिव्यांग होने के बावजूद डॉ दिलीप प्रसाद ने संघर्ष का रास्ता अपनाया और वर्ष 2008 में कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में अर्थशास्त्र के व्याख्याता बन कर आये। यहां उन्होंने अर्थशास्त्र विभाग के साथ साथ जिले को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में अपना योगदान दिया। आज संपूर्ण झारखंड में डॉ दिलीप प्रसाद के कई छात्र-छात्रायें प्रशासनिक पदाधिकारी, शिक्षक, लेक्चरार और कई महत्वपूर्ण पदों पर पदस्थापित हैं। रांची यूनिवर्सीटी के इस निर्णय के बाद पूरे गुमला के प्रबुद्ध जनों में हर्ष का माहौल है। सबने बधाई दिया है कि निश्चित रूप से मेहनत एक न एक रंग जरूर लाती है।

## श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के 11 वीं वार्षिकोत्सव पर आज निकलेगी कलश यात्रा



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** ग्राम अंबेराडीह स्थित श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का ग्यारहवां वार्षिकोत्सव इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर 22 अप्रैल 2025, मंगलवार को सुबह 8 बजे से 5000 कलशों की भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेंगी। कलश यात्रा के उपरांत मंदिर परिसर में कलश स्थापना, पूजन, हरि कीर्तन एवं भंडारा वितरण का आयोजन किया गया है। अगले दिन 23 अप्रैल 2025, बुधवार को हरि-कीर्तन समापन के साथ संध्या समय में भक्ति-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं, ग्रामीणों एवं भक्तजनों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कलश यात्रा एवं कार्यक्रमों में भाग लेकर आयोजन को सफल बनायें।

## रात्रि पाठशाला में मनायी गयी अंबेडकर जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** ग्राम बटकुरी में संचालित रात्रि पाठशाला के सहयोगियों ने भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनायी। इस अवसर पर समाजसेवी सह मिशन बदलाव टीम के सदस्य चंदन उरांव के द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के द्वारा आधुनिक भारत के निर्माण में की गयी अतुलनीय योगदान के विषय में संक्षिप्त जानकारी देते हुए एवं बाबा साहेब की जीवन संघर्षों को बताया। जयंती कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को समाजिक कार्यों के लिए प्रेरित किया गया। सभी लोगों से सहयोग का आह्वान किया गया। ताकि गांव के बच्चों की शिक्षा के लिए बेहतर काम किया जा सके। चंदन उरांव ने कहा कि समाज में शिक्षा को प्राथमिकता देने की जरूरत है। शिक्षा के माध्यम से ही समाज में जागरूकता बढ़ती है। शिक्षा बढ़ने से निश्चित रूप से समाज को विभिन्न शोषणों से मुक्ति मिलती है। वर्तमान में सरकारों के द्वारा शिक्षा के स्तर में निरंतर गिरावट लायी जा रही है, इस पर खेद जताते हुए चंदन उरांव ने कहा कि आज हमें खुद मिलकर अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए प्रयास करने की जरूरत है और हमारे साथियों के द्वारा प्रयास किया जा रहा है, इस कार्य में सभी अभिभावकों और सक्षम युवा साथियों को बढ़कर सहयोग करना चाहिए। हम सबकी सहयोग से हम अपने बच्चों को अच्छी संस्कार और अच्छी शिक्षा देने में निश्चित रूप से सफल होंगे। शिक्षित और संस्कारी बच्चे ही अपने माता-पिता को हर संभव खुशी देंगे।

मिशन बदलाव टीम के संस्थापक भूषण भगत ने इस गांव के प्रयासों को सराहते हुए कहा कि आज समाज में ऐसे युवाओं की जरूरत है, ऐसे नेक प्रयास के माध्यम से समाज में बहुत जल्द निश्चित रूप से सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगी। मिशन बदलाव टीम के द्वारा निरंतर लोक हित में काम किया जा रहा है। आप लोगों का पूर्ण सहयोग मिलने से मिशन बदलाव टीम और बेहतर काम कर सकेगा। जयंती कार्यक्रम में गांव के ग्राम प्रधान मंगरा उरांव, पहान चामु भगत, युवा सदस्य अजय, करमचंद, सुकरा, एतवा, विरेन्द्र, अनिल, सुनिति, सुमित्रा, नन्दो साहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक, मानदेय में 20 प्रतिशत बढ़ोतरी पर बनी सहमति



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सोमवार को जिला परिषद अध्यक्ष सह प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किरण माला बाड़ा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में लगभग दो दर्जन बिंदुओं पर चर्चा की गयी। एजेंसी से आने वाले आउट सोर्सिंग कर्मियों के अनुभव का जांच करने का निर्णय लिया गया। प्रबंधन समिति से कार्यरत कर्मियों के मानदेय में 20 प्रतिशत बढ़ोतरी की सहमति बनी। सदर अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजन रात में नशे में रहते हैं जिस कारण चिकित्सीय सुविधा में होने वाली परेशानी को देखते हुए शाम छह बजे से सुबह छह बजे अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के लिए एसपी को पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। गेट ग्रील, रसोइ के बाहर बेकार पड़े भूखंड में एस्वेस्टस लगाकर उपयोग बनाने, छत रास्ते का एस्वेस्टस मरम्मत करने, अस्पताल का धुलाइ कपड़ा टांगने के लिए छत में एंगल बनाने, दवा भंडार में एसी एवं पंखा लगाने आदि पर सहमति प्रदान किया गया। कार्य बल के लिए पत्राचार करने, प्रखंड में कार्यरत कर्मियों को आवश्यकता अनुरूप प्रतिनियुक्ति करने, आउट सोर्सिंग एजेसी के कर्मियों के लिए ड्रेस कोड और अवकाश का प्रावधान आदि की मांग की गयी। अस्पताल में आपूर्ति दवा का नमूना समय-समय पर जांच कराने पर चर्चा हुई। बैंक आफ इंडिया और आइसीआइसीआइ बैंक से वाटर कूलर मशीन मांग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सीएस डॉ नवल कुमार, डीएस धर्नुजय सुंब्रई, राजीव कुमार, राहुल कुमार, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित थे।

## शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के विभाग संयोजक हरि किशोर और जिला संयोजक बालकेश्वर बने

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** हरि किशोर शाही के केदार बागान गुमला स्थित आवास पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के बिहार झारखंड के क्षेत्रीय संयोजक एंव सरला बिरला विश्वविद्यालय के पूर्व कुल सचिव व डिन प्लैनिंग एंड डेवलपमेंट प्रोफेसर विजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। बैठक भारत की राष्ट्रीय शैक्षिक नीति के विकास एवं सार्वभौमिक शिक्षा पर विस्तृत चर्चा के लिए देश के विभिन्न भागों से शिक्षाविदों एवं प्रबुद्ध जनो से इस विषय पर अपना महत्वपूर्ण सुझाव व्यक्त करने के लिए सादर आमंत्रित किया गया है। जिससे भारत अपने प्राचीन गौरव विश्व गुरु के अपने अलंकार को पुनः प्राप्त कर सके। प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने कहा कि मां मातृभूमि एवं मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं। उन्होंने इस विषय पर अति महत्वपूर्ण सारगर्भित वर्णन किया। साथ ही साथ शिक्षा जगत का लंबे काल से समाज को प्रकाशित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले द्रोणाचार्य स्वरूप हरि किशोर शाही को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का विभाग संयोजक का दायित्व प्रदान किया गया। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का जिला संयोजक बालकेश्वर सिंह को दायित्व दिया गया। इस अवसर पर डॉक्टर राधा माधव झा, डॉ मुकेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।


**झारखण्ड सरकार**
**जिला खनन कार्यालय, चतरा।**

**चतरा जिलान्तर्गत अवैध रूप से भण्डारित लघु खनिज बालू/पत्थर का आम नीलामी हेतु सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत निम्नांकित स्थलों पर जप्त भण्डारित खनिज "जो जहाँ जिस अवस्था में भण्डारित है", का समेकित आम निलामी दिनांक 06.05.2025 को अपराह्न समय 3.00 PM बजे में अपर समाहर्त्ता, चतरा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष, चतरा में सम्पन्न की जाएगी।

| क्र0 | अंचल का नाम | अवैध भण्डारण स्थल की विवरणी | भण्डारित खनिज की मात्रा | न्यूनतम डाक राशि (रूपया में) | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हंटरगंज | मौजा- भोंदल एवं देवनबार, हंटरगंज | Sand - 29700 Cft | 222750.00 | 22275.00 |
| | | | Stone -700 Cft | 8687.00 | 869.00 |

2. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत प्रतिभूति राशि के रूप में निलामी में भाग लेने के लिए निलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, चतरा के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिये जायेंगे। सफल डाकवक्ता की प्रतिभूति रकम को छोड़कर शेष अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा की गयी प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
3. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का प्रतिभूति राशि 10%(दस प्रतिशत) को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति या उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर निलामी वाले तिथि को ही अथवा निर्धारित तिथि को उच्चतम डाकवक्ता द्वारा ऑन-लाईन जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
4. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि के भुगतान में उच्चतम डाकवक्ता द्वारा असफल रहने की स्थिति में दूसरे उच्चतम डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा।
5. नीलामी के उपरान्त उच्चतम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात् ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली के सुसंगत नियमों के तहत आदेश सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
6. उक्त आदेश निर्गत होने के उपरान्त खनिज के उठाव/प्रेषण हेतु JIMMS द्वारा अस्थाई आई0डी0 सृजित किया जायेगा।
7. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन माह के अन्दर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरान्त अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
8. उच्चतम डाकवक्ता द्वारा यथासंभव चतरा जिलान्तर्गत ही उक्त खनिज का बिक्री करना होगा।
9. नीलामी के पश्चात् खनिज का प्रेषण करने में किसी प्रकार का अड़चन यथा पहूँच पथ वगैरह के कारण या किसी अन्य कारणवश निलामीधारी निलामी किये गये खनिज स्थल से प्रेषण नहीं कर पाते हैं तो इसकी पूरी जिम्मेवारी निलामीधारी की होगी तथा भुगतान की गई राशि के विरूद्ध किसी भी प्रकार का दावा/कटौती मान्य नहीं होगा।
10. बालू निष्कासन के क्रम में यदि रैयती भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान निलामीधारी द्वारा किया जायेगा।
11. निलामी में उच्चत्तम डाकवक्ताओं में अगर TIE (गुलोबन्द) होता है, तो End User को प्राथमिकता मिलेगी।
12. अन्य शर्त्त एवं बन्धेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।
13. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/प्रतिष्ठान/फर्म/संस्था/संवेदक अथवा एजेन्सी दिनांक 03.05.2025 को अपराह्न 05.00 PM बजे तक जिला खनन कार्यालय, चतरा में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। आवेदन के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।
   (क) न्यूनतम डाक राशि का 10 प्रतिशत राशि प्रतिभूति रकम के रूप में।
   (ख) पैन कार्ड एवं अद्यतन आयकर रिटर्न की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।
   (ग) आधार कार्ड, की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।
   (घ) आवासीय प्रमाण-पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।
   (च) पासपोर्ट साईज का फोटो की एक प्रति।
   (छ) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि पूर्व से खनन पट्टाधारक हैं अथवा नहीं, यदि हैं तो खनन बकाया से संबंधित स्वामिस्व स्वच्छता प्रमाण पत्र भी जमा करना होगा।
   (ज) पुलिस विभाग से प्राप्त "आचरण प्रमाण-पत्र" की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (सत्यापन प्रतिवेदन एवं अन्य प्रमाण-पत्र मान्य नही होगा)।

**नोट :- विशेष जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, चतरा में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।**

जिला खनन पदाधिकारी,
चतरा।

PR 350701 (Mines and Geology) 25-26 (D)


# स्पोर्ट्स



प्रतियोगिता का उद्देश्य पहलवानों को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करना था। इस आयोजन में 69 पहलवानों ने भाग लिया।

## राजौरी में अंतर क्षेत्रीय एवं अंतरराज्यीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजौरी।** पहाड़ी क्षेत्र के लोगों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों की श्रृंखला में राजौरी के बागनसाल में अंतर क्षेत्रीय एवं अंतरराज्यीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता का उद्देश्य पहलवानों को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करना था। इस आयोजन में 69 पहलवानों ने भाग लिया। सैन्य कर्मियों के अलावा पूर्व सरपंच और स्थानीय लोगों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस दौरान मौजूद थे। दर्शकों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उनके उत्साह, समर्थन और खेल भावना ने प्रतियोगिता के उत्साह और ऊर्जा को और बढ़ा दिया। समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कार और पदक वितरित किये गये।

मुख्य अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों ने विजेताओं को बधाई दी और प्रतिभागियों की उनके कौशल और खेल भावना के प्रदर्शन की प्रशंसा की। यह उन पहलों की श्रृंखला का हिस्सा है जिसके माध्यम से भारतीय सेना युवाओं को सकारात्मक रूप से जोड़ने के लिए आगे आ रही है और युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपनी ऊर्जा को रचनात्मक तरीके से लगाने के लिए प्रोत्साहित करके एक सकारात्मक दृष्टिकोण बना रही है।

## इंजीनियरिंग में भी गोल का शानदार प्रदर्शन

### धनबाद के 12 में से छह छात्रों ने 90 परसेंटाइल से ज्यादा अंक लाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल में मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की तैयारी कराने वाला विश्वसनीय संस्थान गोल के छात्रों ने इंजीनियरिंग में भी शानदार प्रदर्शन कर यह साबित कर दिखाया कि कोयलांचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। विदित हो कि इस बार गोल धनबाद से 12 छात्रों ने जेईई मेन के लिए भाग लिया था। जिसमें से छह छात्रों को 90 परसेंटाइल से ज्यादा मार्क्स आया है। कम छात्रों में उच्च प्रतिशत सफलता से उत्साहित गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने बताया कि यह सफलता छात्रों, अभिभावकों एवं माता-पिता के साथ पूरे गोल टीम की है। विगत कई वर्षो से यहां के छात्र साबित करते रहे हैं कि गोल की केवल मेडिकल में ही नहीं, बल्कि इंजीनियरिंग में भी मजबूत पकड़ है। वहीं, सफल छात्रों में नितीश कुमार 97.25 परसेंटाइल, रैंक 1231 (एससी कैटगॉरी), कुमार गौरव 94.95 परसेंटाइल, रैंक 2641 (एससीकैटगॉरी), आकृति कुमारी-95.40 एवं मिनाक्षी कुमारी 92.29 परसेंटाइल, रोली कौशिक-90.66 परसेंटाइल, आतिया ओरूज - 89.79 परसेंटाइल शामिल है। सफल छात्रों में नीतीश एवं गौरव के पिता सुशील कुमार धनबाद में आरपीएफ में हेड कांस्टेबल एवं माता कविता कुशल गृहणी है। इस दौरान गोल इंस्टिट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विपीन सिंह ने जेईई मेंस में सफल सभी छात्रों को सफलता की बधाई दी एवं जेईई एडवांस में भी सफल होने के रहस्यों के साथ ही शुभकामनाएं दी।




ATIYA ORUJ



ROLLY KAUSHIK



AKRITI KUMARI



MINAKSHI KUMARI



## सीसीएल ढोरी में चोरों का आतंक

### सीआइएसएफ जवानों को देख सिलेंडर और गैस कटर मशीन छोड़ कर भागे

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडारीदह/बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र में कोयला एवं लोहा चोरो ने आतंक मचा रखा है। रविवार की रात को एनएसडी चेक पोस्ट के पीछे सीसीएल के रखे स्क्रैप पर चोरों की नजर पड़ गयी। रात को ही बेखौफ होकर लोहा चोर एलपीजी सिलेंडर, ऑक्सीजन सिलेंडर एवं गैस कटर मशीन लेकर लोहे के बड़े-बड़े प्लेट को काटकर निकालने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि इसकी भनक सीआइएसएफ को लग गयी। तुरंत सीआइएसएफ की क्यूआरटी टीम हरकत में आयी और एनएसडी चेक पोस्ट के पीछे चोरो द्वारा गैस कटर से काटे जा रहे स्थल पर पहुंच गयी। इस बीत सीआईएसएफ को आता देख लोहा चोर अंधेरे एवं जंगल का फायदा उठाकर जंगल की तरफ भागने में सफल रहे। लेकिन उक्त स्थल से एक एलपीजी सिलेंडर, एक ऑक्सीजन सिलेंडर, एक गैस कटर मशीन एवं दो पाइप बरामद की गयी, जिसे जब्त कर लिया गया। गौरतलब हो कि इन दिनों कोलियरी के विभिन्न क्षेत्रों में लोहा चोर पहले दिन में रेकी करते हैं। फिर अंधेरा होते ही लोहा काटने की मशीन सहित अन्य औजार लेकर लोहा चोरी करने पहुंच जाते हैं। लोहा को टेंपू, मारूती वैन या अन्य वाहनों में लादकर वहां से लोहा निकाल लिया जाया है। ताकि सीआईएसएफ चेक पोस्ट में इन वाहनों की जांच पड़ताल से बच सके। लोहा चोरों का भरसक कोशिश यही होता है कि चेक पोस्ट होकर वाहन ना निकले। इसके लिए अलग रास्ता का चयन करते हैं। सीसीएल के बंद पड़े तारमी कोलियरी के उत्खनन विभाग एवं स्टोर से अब तक लोहा चोरों ने लाखों रुपए के लोहा एवं स्क्रैप की चोरी कर ली है। इसी तरह कल्याणी के उत्खनन विभाग परिसर से भी लोहा चोरो ने भारी मात्रा में लोहे की प्लेट एवं स्क्रैप की चोरी की है। पिछले एक महीने में पूर्व बंद पड़े सीएचपी (कोल हैंडलिंग प्लांट) प्लांट से भी चोरों को कीमती कलपुर्जे की चोरी करते सीआईएसएफ ने गिरफ्तार किया था।



मौके से बरामद सिलेंडर, गैस कटर मशीन एवं अन्य सामान।

## महिला कांग्रेस ने गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि का किया विरोध



**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** अंगवाली उतरी पंचायत में स्थित श्री राधे श्याम गौशाला में महिला कांग्रेस ने गैस की कीमतों में 50 रुपये की बढ़ोतरी के विरोध में सोमवार को केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अंजता समद ने की। मुख्य रुप से मौजुद कांग्रेस नेत्री सह समाजसेवीका डॉ उषा सिंह ने गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपये बढ़ोत्तरी पर आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से आम आदमी पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है। आश्चर्य है कि उज्वला गैस योजना के गैस सिलेंडर के दाम में भी बढ़ोत्तरी कर दी गई है। जिलाध्यक्ष अंजता समद ने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी, बेरोजगारी, गिरती अर्थव्यवस्था और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ यह प्रदर्शन हुआ है। केंद्र की भाजपा सरकार का मकसद सिर्फ सरकारी और निजी कंपनियों की जेब भरना है। उन्होंने मांग किया कि महिलाओं और गरीब परिवारों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा की जाए। कहा कि देश की महिलाएं महंगाई से परेशान हैं और आंदोलन में शामिल हो रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से जवाब मांगा। कहा कि रसोई गैस, डीजल, पेट्रोल और महंगाई से तुरंत राहत दी जाए। महिला कांग्रेस की कार्यकताओं ने सांकेतिक रूप से केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही नारेबाजी करते हुए बढ़ती कीमतों एव महंगाई पर अविलंब रोक लगाने की मांग की. मौके पर रंजन सिंह, जवाहर साव, फूल कुमारी देवी, सीता देवी, पार्वती देवी, दीपनी देवी, कारी देवी, सरस्वती देवी, मंजू देवी, बबिता देवी, रूबी देवी आदि दर्जनो लोग मौजूद थे।

## बेरमो पश्चिमी पंचायत भवन में लगा आधार कार्ड सुधार शिविर

**गांधीनगर/बेरमो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बेरमो पश्चिमी पंचायत भवन में आधार कार्ड से जुड़ी समस्याओं को दूर करने और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए बोकारो डीसी के निर्देश पर तीन दिवसीय शिविर का सोमवार से आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन बीडीओ मुकेश कुमार ने किया। कहा कि आधार कार्ड आज प्रत्येक नागरिक के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। इस शिविर के माध्यम से आधार कार्ड में त्रुटियों को ठीक कराने में लोगों को सहूलियत मिलेगी। उधर, शिविर के पहले दिन 72 लोगों ने आधार कार्ड में सुधार के लिए आवेदन दिया। जिसमें से 41 लोगों का मौके पर ही आधार कार्ड अपडेट कर दिया गया। जबकि तीन नए आधार कार्ड भी बनाए गए। शिविर में सुबह से ही लोग अपनी बारी का इंतजार करते नजर आये। जिसके बाद फॉर्म भरकर आधार कार्ड में जरूरी संशोधन कराया। कई स्कूली बच्चे भी अपने माता-पिता के साथ शिविर में पहुंचे थे। बेरमो पश्चिमी पंचायत भवन में छह पंचायत के शिविर आयोजित किए गए हैं। इसमें कुरपनिया, बैदकारो पूर्वी-पश्चिमी, बेरमो पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी पंचायत शामिल है। इस मौके पर मुखिया सीमा महतो, बीस सूत्री सदस्य संतोष महतो, पंचायत सचिव सुजाता कुमारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मिथिलेश पांडे आदि मौजूद थे।





**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

**सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या **03/JMT/2025-26,** PR No. **349939** Left out work for Construction of 6.0 M dia R.C.C. Intake well cum pump house, Gangway 50 mtr. length and 3.00 mtr. wide, 3.5 MLD capacity Water Treatment Plant, 3 No. ESR, Compound wall, Approach road, Railway crossing, Supplying and laying Raw/Clear Water rising main & Laying Distribution Network, , Supplying and Installation of Vertical turbine and Centrifugal pump motor, and Five years Operation and Maintenance with allied works etc. all complete job for **KHARIODIH Rural Water Supply Scheme** under Drinking Water & Sanitation Division, Jhumritelaiya on turnkey basis. for the year 2025-26 को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

**PR 350705 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D**


## जमीन के कागजात नहीं देनेवालों पर होगी कानूनी कार्रवाई : सीओ

**महुदा (आजाद सिपाही)।** थाना की ओर से बाघमारा सीओ को भुरूंगिया स्थित एक विवादित जमीन के सीमांकन एवं स्वामित्व की जांच के लिए पत्र भेजे जाने के बाद उन्होंने पूरे मामले की जांच कर थाना को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार सीओ ने बताया कि जांच के बाद उक्त भूमि का स्वामित्व नंदरानी देवी (पति पार्वतीनाथ चटर्जी), करुणाशीष चटर्जी एवं वरुणाशीष चटर्जी के नाम पर दर्ज है। उक्त संपत्ति के संबंध में हाथुडीह निवासी प्रदीप कुमार सिंह को 11 अप्रैल 2024 को न्यायालय द्वारा पावर ऑफ एटॉर्नी भी प्रदान किया गया है। हालांकि, भुरूंगिया निवासी रुपदेव रवानी, बिरजु रवानी एवं शनिचर रवानी ने उक्त जमीन पर दावा करते हुए विवाद खड़ा किया है। सीओ द्वारा उन्हें अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया था, पर निर्धारित समयसीमा के भीतर वे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इस संबंध में महुदा थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने बताया कि सीओ के आदेशानुसार भूमि के वैध स्वामियों को उनके अधिकारों का पालन करने की छूट है। यदि कोई व्यक्ति अनावश्यक रूप से विवाद उत्पन्न करता है, तो उसके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह के जमीन विवाद को कानूनी तरीके से निपटाया जाएगा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।


**समाहरणालय लोहरदगा**
**(विकास - शाखा)**

**निविदा – सूचना**

माननीय विधायक श्री चमरा लिण्डा द्वारा विधायक निधि अन्तर्गत लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखण्ड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानो एवं सरकारी विद्यालयों में पुस्तकालय हेतु पुस्तकों के क्रय के लिए अनुशंसा किया गया है।

इच्छुक प्रतिष्ठित पुस्तक विक्रेताओं से दिनांक 3.05.2025 को 12:00 बजे पूर्वाह्न तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के निर्धारित शर्त कार्यालय के कार्य अवधि में एवं लोहरदगा जिला के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in में देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
लोहरदगा

**PR 350677 Lohardaga(25-26).D**


## प्रो (डॉ) ब्रह्मदेव यादव ने वरीय प्रशासी पदाधिकारी का ग्रहण किया पदभार

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** बीआईटी सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग में सह प्राध्यापक के पद पर कार्यरत प्रो (डॉ) ब्रह्मदेव यादव ने संस्थान के वरीय प्रशासी पदाधिकारी का पदभार सोमवार को ग्रहण किया। एक औपचारिक कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने यह दायित्व प्रो (डॉ) घनश्याम, पूर्व वरीय प्रशासी पदाधिकारी से ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि इस नई जिम्मेदारी को सेवा के एक अवसर के रूप में देखते हैं। प्रयास करूंगा कि संस्थान का प्रशासनिक संचालन अधिक पारदर्शी, प्रभावी और छात्रहितैषी बन सके। इस दौरान संस्थान के निदेशक प्रो (डॉ) पंकज राय ने डॉ यादव को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर असैनिक अभियंत्रण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो प्रफुल्ल कुमार शर्मा, यांत्रिकी विभाग से प्रो मनोज कुमार, विद्युत अभियंत्रण विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कलाम, धातुकर्म अभियंत्रण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) अनिल कुमार रजक सहित अन्य प्राध्यापकगण ने उपस्थित रहे।



## जश्रसं के सैकड़ों समर्थकों ने अनुपमा सिंह की मौजूदगी में थामा राकोमयू का दामन



**झरिया (आजाद सिपाही)।** जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) लोदना एरिया के पूर्व क्षेत्रीय सचिव शैलेंद्र सिंह उर्फ छोटू एवं रविकांत पासवान ने दर्जनों समर्थकों-पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (राकोमयू) की कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह और महामंत्री एके झा से उनके जियलगोरा कार्यालय में जाकर सोमवार को मुलाकात की एवं मजदूर हित में साथ कार्य करने की इच्छा जाहिर की। इस पर अनुपमा सिंह प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि मजदूर हित को ध्यान में रखते हुए सभी के साथ एवं सहयोग से भविष्य में सभी कार्य किये जायेंगे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

**सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या **02/JMT/2025-26,** PR No. **349862** Left out work of detailed survey, designing and drawing, Construction of 10.0 M dia R.C.C. Intake well cum pump house, Gangway 75.1 mtr. length and 3.95 mtr. wide, Pipe Bridge 70.0 mtr. length and 2.00 mtr. wide, Pipe Bridge 50 mtr. length and 2 mtr. wide, Pipe Bridge 100 mtr. length and 2 mtr. wide Pipe Bridge 60 mtr. length and 2 mtr. wide. 19.50 MLD capacity Water Treatment Plant, Compound wall, Supplying and laying Raw/Clear Water rising main & Laying Distribution Network, , Supplying and Installation of Vertical turbine and Centrifugal pump motor, and Five years Operation and Maintenance with allied works etc. all complete job for work of **Jainagar ,Domchanch & Koderma** Block MVS Rural Water Supply Scheme under Drinking Water & Sanitation Division, **Jhumritelaiya** on turnkey basis. Year 2025-2026.को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

**PR 350703 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D**


## अल्प मानदेय कर्मियों को भी मिले आयुष्मान और आवास योजना का लाभ : डिंपल

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी महिला मोर्चा की धनबाद जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे ने सरकार अल्प मानदेय में काम कर रहे कर्मचारियों के लिए भी आयुष्मान और आवास योजना का लाभ देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन स्तर नर्क से भी बदतर है। चाहे पारा शिक्षक हो, आंगनबाड़ी सेविका, पोषण सखी, संविदा में कार्यरत कर्मी, अनुबंध कर्मचारी जो उनकी इस महंगाई में घर खर्च, अपनी दवाई, बेटी की विदाई अल्प मानदेय में संभव नहीं हो सकता। या तो गठबंधन सरकार इन्हें समान काम का सामान वेतन दे या आयुष्मान और आवास योजना से जोड़े।

## गहने-नकदी लेकर नौकर के साथ कारोबारी की पत्नी फरार

### उत्तर प्रदेश में एटीएम से रुपये निकालने के बाद से फोन नंबर है बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शहर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक शादीशुदा महिला अपने ही घर में काम करने वाले नौकर के साथ फरार हो गई। घटना सरायढेला थाना क्षेत्र के ढांगी मोड़ इलाके की है, जहां एक जमीन कारोबारी ने थाने में अपनी पत्नी और नौकर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें कारोबारी ने बताया कि उसकी पत्नी अपने नौकर के साथ गहना-जेवर और नकदी लेकर फरार हो गई है।



### ये है मामला

पीड़ित पति ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि बिहार निवासी एक युवक को उन्होंने कुछ महीने पहले अपने घर में घरेलू कामकाज के लिए नौकर के रूप में रखा था। वह युवक उनके पैतृक गांव के पास का ही रहने वाला है। शुरू में सब कुछ सामान्य था, लेकिन 15 अप्रैल को अचानक उन्हें एक वीडियो मिला, जिसमें वह युवक उनकी पत्नी का हाथ पकड़ते हुए नजर आ रहा था। इस वीडियो को देखकर पति को संदेह हुआ और उन्होंने उसी दिन पत्नी और नौकर को फोन कर डांट-फटकार लगाई। इसके बाद 16 अप्रैल की रात को जब पूरा परिवार सो रहा था, तब नौकर उनकी पत्नी को लेकर फरार हो गया। फरार होने से पहले महिला ने बैंक खाते से 90 हजार रुपये नकदी निकाली और उसके पास पहले से ही एक लाख रुपये नकद मौजूद थे। इसके अलावा नौकर ने घर से करीब 10 लाख रुपए के सोने के गहने और चांदी के सिक्के भी चुरा लिए। बैंक खाते की जांच में सामने आया कि महिला द्वारा यूपी स्थित एक एटीएम से रकम की निकासी की गई है। इससे यह स्पष्ट हो गया कि दोनों यूपी भाग गए हैं।

### पुलिस कर रही तलाश

घटना के बाद पीड़ित पति ने अपनी पत्नी का बैंक खाता और मोबाइल नंबर बंद करवा दिया है। वहीं, सरायढेला पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल नंबर के आधार पर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही दोनों पकड़े जायेंगें।


**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

**–:आम सूचना:–**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

**स्व0 कैथेराईन रानी होरो**
↓
- श्री पॉल होरो (पुत्र)
- श्रीमती वीना तिरू (पुत्री)
- श्रीमती तेलानी मीना होरो (पुत्री)
- श्री सुधीर पटीर होरो (पुत्र)
- श्री संजीत जॉन होरो (पुत्र)

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

**PR 350694 (District)25-26*D**

## कलिंग सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

# उपमुख्यमंत्री और खेल मंत्री मैच में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता






**भुवनेश्वर।** बहुप्रतीक्षित कलिंग सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट रविवार को भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में शुरू हो गया। यह फुटबॉल टूर्नामेंट तीन मई तक आयोजित किया जायेगा। पहले दिन का मैच केरल ब्लास्टर्स एफसी और ईस्ट बंगाल एफसी के बीच खेला गया और केरल ब्लास्टर्स एफसी ने रविवार को पहला मैच जीता। उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा, खेल मंत्री सूर्यवंशी सूरज और एकाम्र विधायक बाबू सिंह पहले दिन के मैच में शामिल हुए और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साह बढ़ाया। इसके अतिरिक्त, कलिंग स्टेडियम में फुटबॉल प्रशंसकों की भारी भीड़ देखी गयी। सभी दर्शकों ने इस मैच का भरपूर आनंद उठाया, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह और बढ़ गया।

# राउरकेला और बंडामुंडा के बीच सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य, ट्रेन सेवाओं में परिवर्तन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सुरक्षा बढ़ाने और बुनियादी ढांचे में सुधार करने की भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता के अनुरूप, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर डिवीजन, 21 अप्रैल से 26 अप्रैल, 2025 तक राउरकेला और बंडामुंडा के बीच महत्वपूर्ण सुरक्षा-संबंधी आधुनिकीकरण कार्य करेगा। इस महत्वपूर्ण कार्य में राउरकेला-बंडामुंडा रेल खंड पर मल्टी-ट्रैकिंग लाइनों के संचालन के भाग के रूप में ट्रैक कनेक्शन और नॉन-इंटरलॉकिंग प्रबंधन शामिल है। इस परियोजना के निर्बाध क्रियान्वयन के लिए कुछ रेल सेवाएं अस्थायी रूप से या आंशिक रूप से रद्द कर दी जायेंगी। ये परिवर्तन यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तथा यात्रियों की असुविधा को न्यूनतम रखते हुए क्रियान्वित किए जा रहे हैं।

**रेल सेवा रद्द:**



18452 पुरी-हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस 20, 21, 22, 24 और 25 अप्रैल को रद्द। 18451 हटिया-पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस 21, 22, 23, 25 और 26 अप्रैल को रद्द, 18125 राउरकेला-पुरी एक्सप्रेस, 24 और 25 अप्रैल को रद्द किया गया, 18126 पुरी-राउरकेला एक्सप्रेस, 25 और 26 अप्रैल को रद्द किया गया। 18118/18117 गुनुपुर-राउरकेला-गुनुपुर राज्यरानी एक्सप्रेस,24 अप्रैल को गुनुपुर से और 25 अप्रैल को राउरकेला से रद्द।

**ट्रेनों का आंशिक रद्द**

22862/12872 कंटाबांजी/टिटिलागढ़-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस। 21 से 26 अप्रैल तक यह ट्रेन केवल झारसुगुड़ा तक चलेगी और वापस अपने प्रारंभिक स्टेशन पर लौटेगी। 22861/12871 हावड़ा-कंटाबांजी/टिटिलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस। यह ट्रेन केवल टाटानगर तक चलेगी और वापस अपने प्रारंभिक स्टेशन पर लौटेगी। 15028/15027 संबलपुर,गोरखपुर, संबलपुर मौर्य एक्सप्रेस 21 और 25 अप्रैल को रद्द, इसके अतिरिक्त, 15027 संबलपुर-चक्रधरपुर मौर्य एक्सप्रेस 23 और 26 अप्रैल को रद्द रहेगी। 20835/20836 राउरकेला-पुरी-राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस 25 अप्रैल को झारसुगुड़ा और राउरकेला के बीच दोनों दिशाओं से रद्द रहेगी। रेलवे अस्थायी असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है तथा महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विस्तार की इस अवधि के दौरान जनता से सहयोग की अपेक्षा करता है।

# बलांगीर की स्वास्थ्य सेवा दयनीय स्थिति में



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा का पिछड़ा जिला माने जाने वाला बलांगीर का स्वास्थ्य सेवा अत्यंत दयनीय स्थिति में है। इसे महसूस कर के केंद्र और राज्य सरकारों ने लोगों की दबाव में आकर यहां चार साल पहले एक मेडिकल कॉलेज बनाया था। स्वास्थ्य सेवा में इस नया पहल को लेकर स्थानीय लोगों के मन में खुशी के लहर था। इस बीच 142 करोड़ के लागत से मेडिकल कॉलेज में मरीजों को रखने के लिए और ओपीडी और आशु सेवा प्रदान करने के लिए एक भव्य और विशाल भवन एक शाल पहले निर्माण हो चुका हे, लेकिन अभी भी मरीज सेवा से वंचित हो रहे हैं। अभी भी यहां के मरीजों ने दूसरा जिला के और प्राइवेट हॉस्पिटल को जाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। राज्य के स्वास्थ्य के कैबिनेट मंत्री इसी जिला के है, फिर भी यहां के स्थिति में सुधार होना दिख नहीं रहा है। यहां के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ मानसी पंडा को इस के बारे में पूछने से उत्तर आता है कि सरकार को सूचित किया जा चुका है, लेकिन स्थिति कब सुधरेगा हमे पता नहीं।

































































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**